महाकविश्रीमदम्बिकादत्तव्यासरचित

शिवराज-विजय

(प्रथम विराम के दो निःश्वास)

व्याख्याकार
देव नारायण मिश्र
एम ए (संस्कृत, हिन्दी) व्याकरणाचार्य
प्रवक्ता,
आर० एम० पी० स्नातकोत्तर कालेज, सीतापुर

प्रकाशक
साहित्य भण्डार
सुभाष बाजार, मेरठ।

[मूल्य ५.००

● प्रकाशक .
रतिराम शास्त्री
अध्यक्ष
साहित्य भण्डार
सुभाष बाजार, मेरठ

प्रथम सस्करण १९७५

मूल्य पाँच रुपये मात्र।

● मुद्रक
सर्वोदय प्रेस, मेरठ।
दूरभाष ७४३५२

पूर्व-कथन

सस्कृत गद्य-काव्य मे पण्डित अम्बिकादत्त व्यास का अन्यतम स्थान है। पुरातन परम्पराओ से कुछ हटकर लिखा गया यह काव्य अपनी मौलिकता, ऐतिहासिकता और सुबोधता के कारण बहुत ही जनप्रिय ही नही हुआ अपितु विद्वान आलोचको का भी प्रशसा का विषय बन गया। इस अर्वाचीन कृति के महत्त्व को दृष्टिगत करते हुए कतिपय विश्वविद्यालयो के स्नातकीय या परा-स्नातकीय परीक्षाओ मे इसे स्थान दिया गया है। अस्तु, यत्किञ्चित्करी व्यवसायात्मिका बुद्धि से प्रेरित होकर इसके प्रथम विराम के दो निश्वासो की व्याख्या करने मे प्रवृत्त हुआ। व्याख्या में कुछ तथ्य अवधेय है—सर्वप्रथम हिन्दी अनुवाद, तदनन्तर सस्कृत-व्याख्या, हिन्दी-व्याख्या तथा टिप्पणी दी गई है। हिन्दी अनुवाद मे शाब्दिक अनुवाद करने का प्रयास किया है किन्तु किसी विषय को भाषान्तरित करने मे शाब्दिक अनुवाद असम्भव हो जाता है। इस कारण यत्किञ्चित् भाषात्मक अन्तर हो सकता है। सस्कृत-व्याख्या अत्यन्त सरल रूप मे दी गई है क्योकि उसका भी उद्देश्य छात्रो के लिये बोधगम्य बनाना था। हिन्दी-व्याख्या मे छात्रों एव पाठको की सुविधा के लिये शब्दो का हिन्दी मे अर्थ, समास, व्युत्पत्ति, व्याकरण (प्रकृति-प्रत्यय आदि) विशेष रूप से दिये गये है जिससे पाठको या छात्रो को विश्लेषणात्मक ज्ञान हो सके। इसके बाद टिप्पणी मे अलकार, रस, गुण तथा अन्य अन्तर्निहित वैशिष्ट्यो का उल्लेख है। इस प्रकार मूल को अत्यन्त सरल एव सुबोध बनाने का प्रयास किया गया है। प्रारम्भ की भूमिका मे सस्कृत गद्यकाव्य का इतिहास, गद्य की विधाएँ, अम्बिका-दत्त व्यास का परिचय तथा शिवराज विजय की काव्यगत विशेषताओ का उल्लेख किया है जिससे परीक्षार्थियो को विशेष लाभ होगा।

इस ग्रन्थ की व्याख्या के लिये प्रेरणाप्रद पूज्य गुरुवर डा० कृष्णकान्त त्रिपाठी को शिरोवनत हूँ तथा अन्य गुरुजनो एव सहयोगियो के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। पुस्तक के प्रकाशन के लिये साहित्य भण्डार के प्रकाशक महोदय साधुवाद के पात्र हैं क्योकि उनकी उत्कट उत्कण्ठा के कारण ही इस पुस्तक लेखन मे मुझे द्रुत गति का आश्रय लेना पड़ा है।

श्रावणी, १९७५

—व्याख्याकार

भूमिका

(क) सस्कृत गद्य साहित्य का उदभव और विकास

सस्कृत साहित्य विश्व का प्राचीनतम साहित्य है। इसमे पाश्चात्य एव पौर्वात्य सभी विद्वानो को कोई विप्रत्तिपत्ति नही है। सम्प्रति सस्कृत वाड्मय गद्य एव पद्य द्विविध रूप मे प्राप्त है, उपलब्ध साहित्य के आधार पर पद्य की ही प्राचीनता कही जा सकती है। किन्तु गद्य या पद्य के प्राचीनतम आदिम रूप के सम्बन्ध मे विद्वानो मे वैमत्य है। प्रथम पक्ष के अनुसार गद्य मनुष्य की स्वाभाविक भापा होने के कारण आरम्भ मे गद्यात्मक साहित्य का ही विकास हुआ होगा। ऋग्वेद के सवाद सूक्तो और यजुर्वेद के प्राप्त गद्य-खण्डो के आधार पर इस मत की पुष्टि की जा सकती है। दासगुप्ता ने भी इसी मत को प्रामाणिक सिद्ध किया है। द्वितीय पक्ष यह है कि साहित्य का प्रारम्भिक विकास पद्य के रूप मे हुआ। प्राचीनतम ऋग्वेद पद्य मे उपलब्ध है। भाषा-विदो ने भी भाषा की उत्पत्ति सगीत के आधार पर बताते हुये यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि मनुष्य की स्वाभाविक भाष। सगीतात्मक थी परिणाम-स्वरूप प्रारम्भ मे पद्य-साहित्य का ही विकास हुआ।

मेरी दृष्टि मे द्वितीय मत अधिक समीचीन प्रतीत होना है। पद्यात्मक वाणी मनुष्य की सहज प्रवृत्ति होने के कारण ही गद्य कवीना' निकषं वदन्ति इस सिद्धान्त की उद्भावना हुई और अलकृत, परिमार्जित गद्य-विधान को कवियो की कसौटी माना गया। सस्कृत गद्य की प्रधान विशिष्टता 'शब्द लाघव' है इसका कारण समास कं सत्ता है। 'ओज' गद्य का प्राण है और इसका प्रधान लक्षण 'समास.वहुलता' है। दण्डी ने भी कहा है—ओज समास-भूयरस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्'। सस्कृत गद्य की वर्णन-शैली प्रत्यधिक अलकृत है। सस्कृत मे गद्य के लेखको ने अपने पाण्डित्य प्रदर्शन को ही प्रधान लक्ष्य वनाया है।

सस्कृत पद्य का उद्भव—सस्कृत गद्य की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। प्राचीनतम गद्य का उदाहरण हमे कृष्ण यजुर्वेद की तैत्तिरीय सहिता मे प्राप्त होता है। इस वेद की काठक और मैत्रेयी सहिताओ मे भी गद्य की मात्रा न्यून नही है। इसके पश्चात् अथर्ववेद का छठा भाग पूर्णतया गद्यात्मक है आगे चलकर समस्त ब्राह्मण और आरण्यक-ग्रन्थो की रचना भी गद्य मे हुई। उपनिषदो मे प्राचीन उपनिषद् भी गद्यात्मक है। इस प्रकार स्पष्ट है कि गद्य का उद्भव वैदिक काल मे ही होता है। वैदिक साहित्य मे गद्य का प्रयोग बहुत व्यापक और उदार रूप मे हुआ है।

सस्कृत-गद्य का विकास

वैदिक गद्य साहित्य—वैदिक-साहित्य मे गद्य साहित्य का रूप उनमे वर्णित आख्यानो मे दिखायी पडता है। इन आख्यानो मे गद्य के साथ पद्य का भी भाग मिलता हे जिसे 'गाथा' कहते है। ऋग्वेद मे 'नाराशसी' गाथाओ का उल्लेख है। वैदिकगद्य मे छोटे-छोटे सरल एव सुबोध शब्दो का प्रयोग है। 'ह', 'उ', 'वै' आदि अव्यय वाक्यालकार के रूप मे प्रयुक्त है जिनसे रोचकता तथा सुन्दरता का समावेश हो जाता है। समासो का प्राय अभाव है। उदाहरणो की बहुलता है। उपमा तथा रूपक जैसे सादृश्यमूलक अलकारो का सुन्दर सयोजन है। वैदिक गद्य का उदाहरण देखिये—

"व्रात्य आसीदीयमान एव स प्रजापति समैरयत्।
स प्रजापति सुवर्णमात्मन्नपश्यत् तत् प्राजनयत्॥"

पौराणिक एव शास्त्रीय गद्य—वैदिक गद्य के बाद पौराणिक एव शास्त्रीय गद्य अत्यन्त प्रौढ, समास बहुल एव गाढबन्ध वाला है। अलकृत होने के कारण इसमे साहित्यिकता के दर्शन होते है। श्रीमद्भागवत और विष्णुपुराण का गद्य इसका स्पष्ट उदाहरण है। विष्णुपुराण का एक उदाहरण देखिये—

"यथैव व्योम्नि वह्नि पिराडोपम त्वामहपश्य तथैवाद्याग्रतो गतमप्यत्र भगवताकिञ्चिन्न प्रसादीकृत विशेपमुपलक्षयामीत्युक्ते भगवता सूर्येणनिजण्ठाक दुन्मुच्यरयम तक नाम महामणि वरमवतार्य एकाते न्यस्तम्।"

शास्त्रीय गद्य मे तत्वज्ञान सम्बन्धी दर्शन—ग्रन्थ, भाष्य एव व्याकरण शास्त्र

सम्बन्धी ग्रन्थ आते है। ऐसे शास्त्रकारो मे पतञ्जलि, शबर स्वामी शङ्कराचार्य, और जयन्तभट्ट प्रमुख हैं। पतञ्जलि के महाभाष्य मे गद्य की रमणीयता कथोपकथन शैली मे अभिव्यक्त हुई है। ऐसा प्रतीत होता है मानो वे अपने सामने बैठे छात्रो को समझा रहे है। यथा—

ये पुन कार्याभावा निवृतौ यावत् तेषा यत्न क्रियते। तद् यथा घटेन कार्यं करिष्यन् कुम्भकारकुल गत्वार कुरू घट कार्यमने न करिष्यामीति।"

प्रौढमीमासक शबर स्वामी ने 'कर्ममीमासा पर लिखे गये सूत्रो पर भाष्य रचा जिसमे सीधी सादी व्यास शैली का प्रयोग किया गया है। इसके शकराचार्य ने अपने भाष्यो मे प्रौढ एव प्राञ्जल गद्य का प्रयोग किया है। शकराचार्य का गद्य माधुर्य तथा प्रसाद गुण सम्पन्न है, अत उसमे साहित्यिकता के दर्शन होते हैं। यथा—

"नहि पद्भ्या पलायितु पारयमाणो जानुभ्या रहितुमर्हति।"

अर्थात् 'पैरो' से दौडने मे समर्थ व्यक्ति को घुटनो से रेंगना शोभा नही देता।'

शकराचार्य का गद्य मात्रा मे भी अधिक है। ब्रह्मसूत्र, गीता तथा उपनिषदो पर भाष्य लिखना उनके रचना चातुर्य का द्योतक है। जयन्तभट्ट द्वारा रचित 'न्यायमजरी' का गद्य बडा ही सुन्दर, सरस तथा प्राञ्जल है। इनके गद्य मे व्यग्य उक्तियो की अधिकता है।

लौकिक गद्य का अभ्युदय—लौकिक गद्य का सर्वप्रथम दर्शन हमे दण्डी, सुबन्धु और बाण की रचनाओ मे मिलता है। किन्तु इनकी रचनाओ का गद्य अत्यन्त विकसित रूप मे प्राप्त होता है। अत निश्चय ही ये गद्य-काव्य के चरमोत्कर्ष के प्रतीक हैं। सस्कृत मे गद्यात्मक-कथाओ का उदय ईसा से लगभग ४०० वर्ष पूर्व हो चुका था। वैयाकरण वार्तिककार कात्यायन (४०० ई० पूर्व) सस्कृत गद्य काव्य की आदिकालीन आख्यायिकाओ और आख्यान से परिचित थे। महाभाष्यकार पतञ्जलि (२०० ई० पू०) ने तीन आख्यायिकाओ वासवदत्ता, सुमनोत्तरा तथा भैमरथी का उदाहरण रूप मे उल्लेख किया है—

"अधिकृत्य कृतेग्रन्थे" बहुल लुग्वक्तव्य वासवदत्ता समुनोत्तरा न च भवति भैमरथी।"

काशिका में भी इन्हीं नामो का उल्लेख मिलता है परन्तु उनका पता अभी तक नही चला है। अत निश्चय ही सस्कृत-गद्य अत्यन्त प्राचीन है। कुछ उपलब्ध शिलालेखो से सस्कृत-गद्य-काव्य के विकसित रूप की सूचना मिलती है। इनमे प्रमुख रुद्रदामन का गिरनार शिलालेख (१५० ई०) है। इसकी भाषा सरल, प्रवाहमयी एव आलकारिक है तथा कुछ बडे तथा कुछ छोटे समासो का प्रयोग हुआ है।

अत यह निश्चित हो जाता है कि प्रौढ गद्य का प्रणयन दण्डी, सुबन्धु और बाण ने किया उसका उद्भव और विकास शताब्दियो पूर्व हो चुका था, किन्तु प्राचीन गद्यकाव्य के ग्रन्थ आज दुर्भाग्यवश उपलब्ध नही है।

सस्कृत गद्य-काव्य का समृद्धि युग—सस्कृत गद्य-काव्य का समृद्धि युग गद्य काव्यकार दण्डी, सुबन्धु और बाण का युग माना जाता है इन्होने सस्कृत गद्य-काव्य को अपनी उत्कृष्ट गद्यात्मक रचनाओ से चरम उन्नति प्रदान की।

१ दण्डी—दण्डी 'किरातार्जुनीयम् महाकाव्य के रचयिता भारवि के प्रपौत्र थे। दण्डी विदर्भ के निवासी थे और इन्हे नरसिंह वर्मा प्रथम का राज्याश्रय प्राप्त था। उनका स्थिति काल ७०० ई० के लगभग माना जाता है। राजशेखर के 'त्रयोदण्डि प्रबन्धाश्च त्रिपु लोकेपु विश्रुता के अनुसार दण्डी की तीन रचनायें प्रतीत हैं। जिनमे 'काव्यादर्श और 'दशकुमारचरित' नि सदेह उनकी रचनायें है। तीसरी रचना के विपय मे मतभेद है। 'अवन्तिसुन्दरीकथा' के प्रकाश मे आ जाने से बहुत लोग इसे ही दण्डी की तीसरी रचना मानते है।

'काव्यादर्श' अलकार शास्त्र का अनुपम ग्रन्थ है। 'दशकुमार-चरित' मे दस राजकुमार अपने देश देशान्तरो मे भ्रमण, विचित्र अनुभवो का मनोरजक वर्णन करते हैं। 'अवन्तिसुन्दरीकथा' मे अवन्ती सुन्दरी की कथा है।

दण्डी की काव्य-शैली पाञ्चाली रीति है। अर्थ की स्पष्टता रस की सुन्दर अभिव्यक्ति, कल्पना की सजीवता और शब्द का लालित्य ये दण्डी की शैली के विशेप गुण है। अतएव प्राचीन समीक्षको ने कहा है—"दण्डिन पदलालित्यम्" बडे-बडे जटिल समासो से दण्डी की शैली अधिकाशत मुक्त है। डा० कृ— ने

उनकी मुख्य विशेषता उनका चरित्र-चित्रण माना है। डण्डी की काव्यात्मक विशेषताओ के कारण कतिपय आलोचक उन्हे वाल्मीकि और व्यास के बाद तीसरा कवि मानते हैं।

२ सुबन्धु—अलकृत शैली के गद्य-लेखको मे सुबन्धु का स्थान अत्यन्त उच्च है। सुबन्धु के स्थितिकाल के विषय मे आलोचको मे मतभेद है। कुछ इन्हे बाण का पूर्ववर्ती और कुछ परवर्ती मानते है। अधिकाश विद्वान इनका स्थितिकाल छठी शताब्दी का अन्तिम भाग निर्धारित करते हैं।

सस्कृत गद्य मे सुबन्धु का यश उनकी एकमात्र रचना वासवदत्ता पर अवलम्बित है। वासवदत्ता मे राजकुमारी वासवदत्ता की कथा है जिसमे कथानक नितान्त स्वल्प है परन्तु वर्णन प्रचुर मात्रा मे है। वस्तुत कवि का मुख्य ध्येय अपने पाण्डित्य का प्रदर्शन करना ही है। सुबन्धु ने गौडी रीति का प्रयोग किया है उनके ग्रन्थ के प्रत्येक अक्षर मे श्लेष हैं। सुबन्धु ने अपनी श्लेप प्रधान शैली के विषय मे कहा है—

"प्रत्यक्षरश्लेषमयप्रपञ्चविन्यासवैदग्ध्य निधि प्रबन्धम्।
सरस्वती दत्तवरप्रसादश्चक्रे सुबन्धु सुजनैकबन्धु ॥"

श्लेष के अतिरिक्त विरोधाभास, उपमा, उत्प्रेक्षा आदि अलकारो की भी कमी नही है। दीर्घ समासो से युक्त गौडी रीति के प्रयोग के कारण उनकी शैली मे प्रसाद और माधुर्य न होकर आडम्बर कृत्रिमता तथा क्लिष्टता ही अधिक है। सुबधु ने वर्णन-वैचित्र्य के कारण विशेप ख्याति अर्जित की।

३ बाण—सस्कृत-गद्य-काव्य का चरमोत्कर्प हर्पवर्धन के आश्रित कवि बाणभट्ट की कादम्बरी मे लक्षित होता है। हर्प का राज्यकाल ६०६ ई० से से ६४८ ई० है। अत बाण का समय सातवी शताब्दी का पूर्वार्द्ध सिद्ध होता है।

महाकवि बाण की पाँच कृतियाँ प्रसिद्ध हैं—हर्पचरित, कादम्बरी, पार्वती-परिणय, चण्डीशतक और मुकुटताडितक।

बाण के काव्य मे अल्पसमास शैली, दीर्घसमास शैली और समास रहित शैली—ये तीन प्रकार की शैलियाँ प्राप्त होती हैं। रीति की दृष्टि से बाण ने

"पाञ्चाली रीति" का प्रयोग किया है। कादम्बरी मे अर्थ के अनुरूप शब्दो का प्रयोग हुआ है। 'ओज समास भूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्, के अनुसार बाण ने ओजगुणमण्डिता समास बहुला वाक्यो का प्रयोग किया है परन्तु उनके काव्य मे छोटे-छोटे समास वाले वाक्य भी प्राप्त होते है। परिसख्या, श्लेष, उत्प्रेक्षा और उपमा आदि इनके प्रिय अलकार है। उनकी दृष्टि प्रकृति के घोर और रम्य दोनो रूपो पर पडी है। डॉ० कीथ ने बाण की शैली के विषय मे कहा है—"बाण ने एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया है जिसकी प्रशसा करना तो सरल है पर उसका सफलतापूर्वक अनुसरण करना कठिन है। वास्तव मे परवर्ती ऐसी कोई रचना हमारे सम्मुख नही है जो क्षणभर के लिये भी उसकी रचनाओ के समकक्ष रखी जा सके"।

परवर्ती सस्कृत गद्यकाव्यकार—महाकवि बाण के बाद प्रमुख गद्यकवि धनपाल (१० वी शताब्दी का उत्तरार्द्ध) ने सुप्रसिद्ध गद्य-काव्य 'तिलक मञ्जरी' की रचना की जिसमे उस समय मे प्रचलित कलाओ का अत्यन्त रोचक वर्णन है। धनपाल के ही समकालीन वादीभसिंह का 'गद्यचिंतामणि' जैन पुराणो मे उल्लिखित जीवन्धर की कथा का वर्णन सुन्दर शब्दो मे करता है। इसमें भी कथानक और भाषा की दृष्टि से बाण का अनुकरण किया गया है। वामनभट्ट १५ वी शती का 'वेम-भूपाल-चरित' हर्षचरित के अनुकरण पर लिखा गया आख्यायिका ग्रन्थ है। इसके बाद लगभग ४ शताब्दियो तक सस्कृत-गद्य मे कोई प्रमुख रचना नही हुई।

आधुनिक युग के प्रमुख गद्य-कवि अम्बिकादत्तव्यास है जिन्होने क्षत्रपति शिवाजी के जीवन को आधार बनाकर शिवराज-विजय की रचना की। आपका गद्य दण्डी, बाण और सुबधु तीनो से प्रभावित है। शिवराज-विजय सर्वप्रथम सन् १९०१ मे प्रकाशित हुआ। व्यास जी के अतिरिक्त प० हृषी केश शास्त्री भट्टाचार्य अपनी 'प्रबन्ध मञ्जरी' के कारण प्रसिद्ध है। वर्तमान युग के अन्य गद्यकार पण्डिता क्षमाराव, श्रीपदशास्त्री हरसूरकर श्रीमती राजम्भा, श्री व्यवसाय शास्त्री (मद्रास) आदि है। प० गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ने सस्कृत-गद्य मे समीक्षात्मक प्रवृत्ति को प्रश्रय देकर अनेक आलोचनात्मक निबन्ध लिखे। आलोचनात्मक निबन्धो के लिये डॉ० रेवा प्रसाद द्विवेदी का नाम भी प्रसिद्ध हैं।

आधुनिक युग में संस्कृत-गद्य के प्रसार में सस्कृत पत्र-पत्रिकाओ का

महत्त्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है । इनमे भवितव्यम् (नागपुर) पण्डित पत्रिका (काशी), भारतवाणी (पूना), शारदा (बम्बई), सम्कृत रत्नाकार (दिल्ली), सस्कृत पत्रिका (मैसूर) आदि प्रमुख हे ।

सस्कृत-गद्य-काव्य के विकास मे उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट हे कि सस्कृत-गद्य का जो रूप वैदिक काल मे था वह क्रमश ब्राह्मण, पौराणिक एव शास्त्रीय ग्रन्थो मे विकसित होता हुआ, सप्तम शती मे बाण, दण्डी एव सुबन्धु के द्वारा चरमोत्कर्ष को प्राप्त हुआ । इसके पश्चात् सस्कृत गद्य का लगभग अभाव रहा । इसका प्रमुख कारण हमारे देश मे विदेशियो का आगमन था । बीसवी शताब्दी मे पुन सम्कृत गद्य की रचना प्रारम्भ हुई और आज भी सस्कृत-गद्य रचा जा रहा है किन्तु वह पत्र-पत्रिकाओ एव लघुकाय निबन्धो के रूप मे ही सीमित है और गद्य रचनाओ का जो रूप है वह समाज की जीवन झाँकी को प्रस्तुत करने मे पूर्णतया समर्थ नही है । इसका कारण परिवर्तित सामाजिक, राजनैतिक भाषात्मक एव सास्कृतिक स्थितियाँ हैं ।

गद्य साहित्य की मुख्यत दो धाराएँ उपलब्ध होती हैं—

१ कथा या आख्यान साहित्य ।	१ नीतिपरक कथासाहित्य ।
२ गद्य काव्य की विधाये ।	२ काव्यपरक कथासाहित्य ।

१ **नीतिपरक कथा साहित्य**— विश्व-साहित्य मे भारत के आख्यान-साहित्य का अत्यत महत्वपूर्ण स्थान हे । मौलिकता, रचना नैपुण्य तथा विश्व-व्यापक प्रभाव की दृष्टि से वह अनुपम और अद्वितीय सिद्ध हो चुका है । इन आख्यानो मे शुद्ध काल्पनिक जगत् का चित्रण किया गया है । उनमे कही कुतूहल है, कही घटना-वैचित्र्य है, कही हास्य और विनोद है, कही गम्भीर उपदेश है कही सरस काव्य की मधुर झलक हैं । सस्कृत कथा या आख्यान साहित्य को दो भागो मे विभाजित किया जा सकता हे—नीति-कथा और लोक-कथा ।

नीति-कथा—उपदेशात्मक प्रवृत्ति का मनोरंजनकारी परिपाक नीति-कथाओ मे हुआ हे । नीति-कथाओ का उद्देश्य रोचक कहानियो द्वारा त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) की बातो का उपदेश देना ह । नीतिकथाओ का प्रतिपाद्य विषय सदाचार, राजनीति और व्यवहारिक ज्ञान हे ।

नीतिकथायें जहाँ नीतिशास्त्र का ज्ञान कराती है वहाँ वे संस्कृत भाषा की

सरल एव रोचक शैली का आदर्श भी उपस्थित करती है। नीतिकथाओ की सबसे प्रमुख विशेपता यह है कि उनमे एक प्रधान कथा के अन्तर्गत कई गौण कथाओ का भी समावेश होता है।

पचतन्त्र—'पचतन्त्र' सस्कृत नीति-कथा-साहित्य का अत्यन्त प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रथ है। इसमे नीति की बडी मनोहर शिक्षाप्रद कहानियाँ है। वादशाह खुसरू अनूशेरवाँ (५३१–५७९ ई०) के हुक्म मे पहलवी भाषा मे 'पचतन्त्र' का प्रथम अनुवाद किया गया था। राजकार्य मे सस्कृत-भाषी ब्राह्मणो का प्रधान स्थान हो गया था। अत ऐसे ग्रथो की आवश्यकता पडी जो सस्कृत का बोध कराने के साथ-साथ राजनीति की भी शिक्षा दे सके। उसी उद्देश्य को लक्ष्य मे रखकर पचतन्त्र की रचना हुई।

पचतन्त्र की रचना का मूल उद्देश्य राजकुमारो को नीतिशास्त्र मे निपुण बनाना था। पचतन्त्र मे केवल पाँच तन्त्र या भाग है—मित्रभेद, 'मित्रलाभ' सन्धि-विग्रह, लब्धप्रणाश तथा अपरीक्षाकारित्व। प्रत्येक भाग मे मुख्य कथा के अन्तर्गत कई गौण कथायें आई है। उसमे पशु पक्षी, सदाचार, नीति और लोक व्यवहार के विषय मे वातचीत करते हैं तथा धर्म-ग्रथो के सूक्ष्म विपयो पर विचार-विनिमय करते है।

'पचतन्त्र' की शैली सरल और मुहावरेदार है। भापा विषय के सर्वथा अनुरूप है। मुख्यत वालको के लिये रचित होने के कारण उसका गद्य अत्यन्त सुबोध है, समास बहुत कम या छोटे-छोटे है। कथानक का वर्णन गद्य मे है, पर उपदेशात्मक सूक्तियाँ पद्य मे निहित है। 'महाभारत' तथा पाली-जातक-सग्रह' से भी अनेक पद्य लिये गये है। पचतन्त्र की कथाओ का प्रचार विश्व-व्यापि हुआ है। 'बाइबल' के बाद ससार की सबसे अधिक प्रचलित पुस्तक 'पचतन्त्र' ही है।

हितोपदेश—नीतिकथाओ के वाद 'हितोपदेश' का ही नाम आता है। हितोपदेश के रचयिता नारायण पण्डित थे, जिनके आश्रयदाता वगाल के कोई धवलचन्द्र राजा थे। 'हितोपदेश' की एक पाडुलिपि १३७३ ई० की पाई गई है, अत उसकी रचना १४ वीं शताब्दी के पूर्व हो चुकी थी। 'हितोपदेश' की

रचना बहुत कुछ 'पचतन्त्र' के ही आधार पर हुई है।

हितोपदेश की ४३ कथाओ मे से २५ तो 'पचतन्त्र' से ही ली गई है। 'हितोपदेश' के चार परिच्छेद है—मित्रलाभ, सुहृद् भेद, विग्रह और सन्धि। प्रथम दो परिच्छेद प्राय पचतन्त्र से ही लिये गये है। पद्यो का बाहुल्य है।

लोक-कथा—उपदेश-प्रधान नीतिकथाओ के अतिरिक्त-मनोरञ्जनात्मक लोक कथाओ का भी अस्तित्व सस्कृत साहित्य में पाया जाता है। लोक-कथाओ का प्राचीनतम सग्रह गुणाढ्य-कृत 'बृहत्कथा' है। ब्यूलर के मतानुसार 'बृहत्कथा, प्रथम या द्वितीय शताब्दी ईस्वी की कृति है। गुणाढ्य ने अपने समय की प्रचलित अनेक लोककथाओ को सगृहीत कर 'बृहत्कथा' की रचना की थी। रामायण' और 'बृहत्कथा' भी भारतीय साहित्य की एक अपूर्व निधि थी।

'बृहत्कथा' के दो तमिल सस्करण भी पाये जाते हैं। 'वेतालपचविंशतिका' । २५ कहानियों का सग्रह है। 'सिंहासनद्वात्रिंशिका' तथा द्वात्रिंशत्देत्तलिका भी एक मनोरञ्जक कहानी-सग्रह है।

अन्य प्रसिद्ध कथा सग्रहो मे ये प्रमुख हैं—१५ वी शताब्दी के प्रसिद्ध मैथिल कवि विद्यापति ने 'पुरुष परीक्षा की रचना की, जिसमे ४४ नैतिक और राजनीतिक कहानियाँ हैं। शिवदास कृत 'कथार्णव' मे चोरो और मूर्खो की ३५ कथाये है। १६ वी शताब्दी के बल्लालसेन-विरचित 'भोजप्रबन्ध' मे सस्कृत महाकवियो की अनेक रोचक दन्तकथायें दील गई है। नारायण-बालकृष्ण कृत 'ईस नीति कथा' मे ईसप की कहानियो का अनुवाद है। बौद्धो के कथा-सग्रह 'अवदान' नाम से प्रख्यात है।

सस्कृत कथा-साहित्य का ससार मे इतना अधिक प्रचार हुआ कि वे विश्व साहित्य की एक अंग बन गई। एक आलोचक ने ठीक ही कहा है—"कि भारतीय आख्यान जितने विचित्र हैं, उससे कहीं अधिक विचित्र आर्य आख्यान साहित्य के विश्वविजय की कथा है।"

२ काव्यपरक कथा-साहित्य—

काव्य परक गद्य साहित्य लगभग चार रूपो मे प्राप्त होता है—

१ कथा, २ आख्यायिका, ३ लघुकथा और ४. उपन्यास।

कथा—

गद्य-काव्य की विधाओ मे कथा का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थानहे । दण्डी ने कथा का स्वरूप वताते हुए कहा हे—कथा कवि कल्पित होती हे । कथा मे वक्ता स्वय नायक अथवा अन्य कोई रहता है । कथा मे कन्या हरण, सग्राम, विप्रलम्भ, सूर्वोदय, चन्द्रोदय आदि विपयो का वर्णन रहता है । कथा मे लेखक किसी अभिप्राय से कुछ विशेष शब्दो का प्रयोग करता है ।

'कादम्बरी, सस्कृत साहित्य की सर्वोत्कृष्ट रचना है । बाणभट्ट ने इसे स्वय कथा कहा है । बाण ने 'कादम्बरी' का कथा बीज गुणाढ्य की 'बृहत्कथा' से लिया है । उसमे उन्होने अपनी प्रतिभा का पुट चढाकर उसे एक मर्वथा नवीन एव मौलिक रूप दे दिया है । सारी कथा कुतूहलमय रोचकता से ओत-प्रोत हे ।

बाण ने अपने पात्रो का चरित्र-चित्रण बडे विशद रूप से किया है । सभी पात्र सजीव है । 'कादम्बरी' के चित्रण मे बाण ने अपने अप्रतिम कल्पना-वैभव, वर्णन-पटुता और मानव मनोवृत्तियो के मार्मिक निरीक्षण का परिचय दिया है ।

प्रासाद, नगर, वन तथा आश्रमो का यथातथ्य वर्णन उनके पर्याप्त भ्रमण का द्योतक है । कादम्बरी का प्रधान रस शृङ्गार है । जन्म-जन्मान्तर के सचित सस्कारो का 'जननान्तर सौहृद का सजीव चित्रण है, विस्मृत अतीत तथा जीवित वर्तमान को स्मृति के सुकुमार तारो से सयुक्त करने वाली काव्यशृ खला है । मानव हृदय की मूक प्रणय-वेदना की मर्मभरी कथा है ।

२ आख्यायिका—

आख्यायिका गद्यकाव्य का एक अग माना जाता हे । आख्यायिका का स्वरूप इस प्रकार है—आख्यायिका ऐतिहासिक इतिवृत्त पर अवलम्बित होती है । आख्यायिका मे नायक स्वय वक्ता होता है । आख्यायिका को हम एक प्रकार से आत्मकथा कह सकते हे । आख्यायिका का विभाग अध्यायो मे किया जाता है, जिन्हे उच्छ्वास कहते है तथा उसमे वक्त्र तथा अपरवक्त्र छन्द के पद्यों का समावेश रहता हे । आख्यायिका मे सूर्योदय, चन्द्रोदय आदि विपयो का वर्णन नही रहता है ।

'हर्षचरित' बाण की प्रथम कृति है । बाण स्वय कहते है यह आख्यायिका है । यह कृति आख्यायिका के सपूर्ण लक्षणो का सग्रह हे । इसमें आठ उच्छ्वास है । प्रथम तीन उच्छ्वासों में बाण की आत्म-

कथा वर्णित है, तथा शेष मे सम्राट् हर्ष का जीवन चरित्र है। 'हर्षचरित' मे ऐतिहासिक विषय पर गद्य-काव्य लिखने का प्रथम बार प्रयास किया गया है।

काव्य-सौन्दर्य की दृष्टि से भी 'हर्षचरित' मे कई विशेषतायें है। बाण की अद्भुत वर्णन शक्ति का परिचय स्थान-स्थान पर मिलता हे। प्रभाकर वर्णन के अन्तिम क्षणो का वर्णन ओज एव कारुण्य के लिये हुये है। छठे उच्छ्वास मे सिंहनाद का उपदेश 'कादम्बरी' के शुकनासोपदेश की कोटि का ही है। हर्ष सर्वत्र एक महान् सम्राट् के रूप मे हमारे सम्मुख आते हैं। राज्यवर्धन भी आज्ञाकारी पुत्र, स्नेहशील भाई और शूर योद्धा है। इस प्रकार 'हर्षचरित' एक आख्यायिका मानी जाती है।

३ लघु कथा—

सस्कृत के लक्षण ग्रन्थकारो ने आधुनिक लघुकथा जैसी कोई साहित्यिक रचना की चर्चा नही की है। कथा उस गद्यकाव्य को कहा गया है, जिसमे गद्य मे ही सरस वस्तु का निर्माण हो—"कथाया सरस वस्तु गद्यैरेव विनिर्मितम्।" 'लक्षण ग्रन्थकारो' द्वारा दिये गये सम्पूर्ण लक्षण काल्पनिक एव ऐतिहासिक उपन्यासो पर ही प्रयोग मे आते हे। उनके अनुसार 'कादम्बरी' कथा 'हर्षचरित' आख्यायिका है तथापि 'गद्य मे सरस वस्तु का निर्माण' लघुकथाओ पर ही प्रयुक्त हो सकता है।

लघु कथा के सम्बन्ध मे पाश्चात्य विद्वानो ने विभिन्न विचार व्यक्त किये हैं, कहानी मे वस्तु, चरित्रचित्रण, कथोपकथन, वातावरण, उद्देश्य और शैली ये छ तत्त्व होते है और उन्ही के आधार पर पर कहानी साहित्य का मर्म समझा जा सकता है।

वैदिक युग से लेकर आधुनिक युग तक सस्कृत के कथा-साहित्य का विकास विभिन्न युगीन परिस्थितियो के अनुकूल है। भारतीय कथाकारो के सुन्दर शिल्प और मनोवैज्ञानिक रीति से प्रस्तुत करने की निपुणता के कारण ससार के अनेक देशो मे भारतीय कथायें अनुवाद के रूप मे पहुँची है और वहाँ के कथारसिको ने उनकी प्रशसा की है। वैदिक सहिताओ मे निहित कथातत्वो के वीज ब्राह्मण ग्रन्थों और आरण्यको की कथाओ व आख्यानो के रूप मे अङ्कुरित, रामायण महाभारत व पुराणों के उपाख्यानों में पल्लवित, पञ्चतन्त्र, जातक तथा

बृहत्कथा के रूप मे पुष्पित और दशकुमारचरित, वेतालपचविंशतिका, हितोपदेश इत्यादि कथासग्रहो मे फलित हुये हैं।

आधुनिक सस्कृत गद्यकारो मे पण्डिता क्षमाराव विशेष उल्लेखनीय है। इनकी रचनाओ मे 'कथा मुक्तावली' विशेष प्रसिद्ध है। उन्नीसवी शताब्दी का अन्तिम दशक व प्रारम्भिक दशक सस्कृत लघुकथाओ के विकास का युग कहा जा सकता है। १८९८ ई० से १९१० की अवधि मे सस्कृत की लघुकथाओ से सम्बद्ध नौ सग्रह निकले हे। अम्बिकादत्तव्यास के 'रत्नाष्टक'' में हास्य व उपदेश प्रधान आठ कहानियो का सग्रह है। १८९८ ई० मे व्यास जी का एक दूसरा कहानी सग्रह 'कथाकुसुमम्, नाम से निकला, जिसमे भावपूर्ण कहानियो का समावेश है।

४ उपन्यास—

अर्वाचीन गद्य की धाराओ मे उपन्यास का महत्वपूर्ण स्थान है। उपन्यास को सर्वथा नई काव्यरीति कहा जा सकता है। सस्कृत मे उपन्यास-लेखन अनूदित साहित्य के साथ प्रारम्भ हुआ हैं। इस प्रकार सर्वप्रथम उपन्यास 'शिवराजविजय है जिसको अम्बिकादत्त व्यास ने १८७० ई० मे लिखा था। अम्बिकादत्त व्यास की यह रचना मौलिक कृति के रूप मे स्वीकार की जाती हैं। 'महाराष्ट्र जीवन प्रभात' नामक बगला कृति का अनुवाद कृष्ण मोहनलाल जौहरी ने अग्रेजी मे 'शिवाजी' के नाम से प्रस्तुत किया था। अनुवाद की शैली को हृदयगम करने के लिये देखिये—

Shivaji—On this mountain pass was a solitary horse-man galloping his horse

सस्कृत वाड्मय के प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास का सौभाग्य 'शिवराज-विजय' को प्राप्त हे जो अनुपम वाक्य-विन्यास एव अलकरण एव शब्दश्लेष की दृष्टि से कादम्बरी से प्रभावित, रूपशिल्प की दृष्टि से बग उपन्यासो के निकट है।"

बगाली उपन्यासकार वकिम बाबू के प्राय समस्त उपन्यास सस्कृत मे अनूदित हो चुके है। शैल ताताचार्य की 'क्षत्रिय रमणी' सरल भाषा मे है। अप्पाशास्त्री ने 'देवीकुमुद्वती, 'इन्दिरा' लावण्यमयी व 'कृष्णकान्तस्य निर्वाणम्' कृतियो का अनुवाद करके सस्कृत-साहित्य की उपन्यास-विधा को समृद्ध बनाया है। विधुशेखर ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के जयपराजयम् का अनुवाद किया था।

अंग्रेजी कृतियों को सस्कृत मे रूपान्तरित कर उन्हें उपन्यास रीति मे प्रस्तुत करने का श्रेय ए० आर० राजराजवर्म कोइतम्बुरान को है। उन्होने शेक्सपीयर के नाटक 'ओथेलो' का रूपान्तरण "उद्दालचरितम्' नाम से किया है।

उन्नीसवी शताब्दी मे ऐसे उपन्यासो की भी रचना हुई, जो रामायण, महाभारत व पुराणो पर आधारित कहे जा सकते हैं। इनमें लक्ष्मण सूरि के 'रामायण सग्रह', 'भीष्मविजयम्' 'महाभारतसग्राम' उपन्यासो मे कथाप्रवाह वर्णनातिरेक मे अवरुद्ध सा हो गया है। पौराणिक उपन्यासकारो मे शकरलाल माहेश्वर अग्रगणनीय हैं। उनके "अनसूयाभ्युदम्' 'भगवती भाग्योदय.', 'चन्द्रप्रभाचरितम्' व 'महेश्वरप्राणप्रिया' हृदयावर्जक उपन्यास है। ऐतिहासिक घटनाओ को इस युग मे उपन्यासबद्ध किया गया है। सामाजिक उपन्यासो की रचना इस युग मे हुई है।

(ख) प० अम्बिकादत्त व्यास का स्थितिकाल एव कृतियाँ

साहित्याचार्य प० अम्बिकादत्त व्यास ने 'शिवराजविजय' नामक गद्य-काव्य की रचना की जो काशी से १९०१ ई० मे प्रकाशित हुआ। व्यास जी का स्थिति-काल १८५८–१९०० ई० था। इनके पूर्वज जयपुर राज्य के निवासी थे पर इनके पितामह काशी में आकर बस गये थे। वही उनका अध्ययन सम्पन्न हुआ। 'बिहारी-विहार' मे उन्होने 'सक्षिप्त निज वृतान्त' स्वय लिखा है। मृत्यु के समय वे गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज पटना मे प्रोफेसर थे। बिहार मे 'सस्कृत सजीवनी समाज" स्थापित कर उन्होने सस्कृत शिक्षा-प्रणाली का सुधार किया। व्यास जी ने छोटी बडी मिलाकर सस्कृत और हिन्दी मे कुल ७८ पुस्तकें लिखी है।

सस्कृत वाङ्मय के प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास का सौभाग्य 'शिवराज विजय' को प्राप्त है। जो अनुपम वाक्य-विन्यास एव अलकरण एव शब्दश्लेष की दृष्टि से कादम्बरी से प्रभावित—रूप शिल्प की दृष्टि से बग उपन्यासो के निकट है।"

प० अम्बिकादत्त व्यास बाल्यकाल से ही प्रतिभाशाली थे। १० वर्ष की

अवस्था मे ही काव्य-रचना प्रारम्भ कर दी थी। लगभग बारह वर्ष की अवस्था मे व्यास जी ने धर्मसभा की परीक्षा मे पुरस्कार प्राप्त किया और श्री तैलङ्ग अष्टावधान के 'सुकविरेप' कहने पर भारतेन्दु जी ने "काशी कविता वर्द्धिनी सभा" की ओर से 'सुकवि' की उपाधि प्रदान की।

बाल विवाह की प्रथा के कारण तेरह वर्ष की अवस्था मे व्यास जी का विवाह हो गया। इनके पिता दुर्गादत्त पौरोहित्य कर्म से जीविकोपार्जन करते थे, अत आर्थिक विपन्नता से ग्रस्त परिवार का भरण-पोषण साधारण रूप से ही हो पाता था। दूसरी ओर व्यास जी का पारिवारिक जीवन भी सुखमय नही था। असमय मे माता-पिता का देहावसान हो गया। यौवन की चौखट पर पाँव रखते ही उनके छोटे भाई ने अपनी पत्नी के सिन्दूर साफ कर दिये। इनकी छोटी बहन ने भी जीवन के वसन्त काल मे इनका साथ छोड दिया। इनके बडे भाई इनसे द्वेष भाव रखते थे। इन अपार कष्टो, असीम वेदनाओ और अनेक मानसिक आघातो को भी अपने अन्तस् मे समेट कर अपने कर्त्तव्य पथ पर हिमाचल की तरह अडिग रहे। उन्होने शिव के समान सारे अशिव आसव का पान करके भी समाज को 'सत्य शिव सुन्दरम्' का मिश्रित अमृत पिलाया।

व्यास जी स० १९३७ मे गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज से साहित्याचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण करके १९४० मे एक सस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य के पद पर कार्य करने लगे। कुछ दिन बाद वहाँ से त्याग पत्र देकर मुजफ्फरपुर चले गये। जिला स्कूल के प्रधानपण्डित के पद पर कार्य करने लगे।

व्यास जी अप्रतिप्रतिभाशाली थे। वक्ता और साहित्य सृष्टा के साथ ही चित्रकारिता, अश्वारोहिता, सगीत और शतरज मे भी विशेष रुचि रखते थे। सितार, हारमोनियम, जल तरग और मृदग इनके प्रिय वाद्य थे। व्यास जी हिन्दी, सस्कृत, अग्रेजी और बगला भाषा के ज्ञाता थे। न्याय, व्याकरण, वेदान्त और दर्शन मे इनकी अच्छी गति थी। कविता कला मे इतने प्रवीण थे कि एक घडी मे सौ श्लोको की रचना कर सकते थे। सौ प्रश्नो को एक साथ ही सुनकर उन सभी का उत्तर उसी क्रम मे देने की अद्भुत क्षमता थी। इसीलिये इन्हे 'शतावधान' तथा 'घटिका शतक' की उपाधि मिली थी।

व्यास जी की लगभग ८० रचनाओ मे 'शिवराज विजयम्' (उपन्यास), 'सामवतम्' (नाटक) गुप्ता-शुद्धि-प्रदर्शनम्, अवोधनिवारण तथा 'विहारी विहार' (हिन्दी काव्य) प्रमुख थे।

२२ वर्ष की अवस्था मे लिखा गया व्यास जी का 'सामवतम्' नाटक भाष्य, भाव और वर्ण्य की दृष्टि से अधिक उत्तम है। उसके विपय मे डा० भगवानदास ने लिखा है—

"श्री अम्बिकादत्त व्यास जी का रचा 'सामवतम्' नाम नाटक दो बार पढा। 'पुराणमित्येव हि साधु सर्वम्' ऐसा मानने वाले सज्जन प्राय मेरे मत पर हँसेंगे तो भी मेरा मत यही है कि कालिदास रचित 'शकुन्तला' से किसी बात मे कम नही है।"

'सामवतम्' नाटक को स० १९४५ मे मिथिलेश्वर को समर्पित करने के बाद ही शिवराज विजय की रचना आरम्भ कर दी और स० १९५० मे उसे पूरा कर दिया। स० १९५२ मे ब्रिहारी के दोहो पर आधारित कुण्डलियो मे रचित 'विहारी विहार' की रचना के बाद हिन्दी जगत् के मूर्धन्य कवियो के चर्चा के विपय बन गये। इस ग्रन्थ की शोधपूर्ण भूमिका के सम्बन्ध मे जार्ज ग्रियर्सन ने लिखा है—

I have read the introduction with special interest and was much gratified to see so much fresh light thrown on difficult historical questions, indeed I have no hesitation in saying that it is a model of historical research conducted with industry and sobriety, both of which are unfortunately too often abandoned by writers in the country in favour of credulity and hasty conclusions [1]

अम्बिकादत्त व्यास की सर्वश्रेष्ठ कृति उनका शिवराज विजय है। शिवराज विजय सस्कृत-गद्य-साहित्य मे अन्यतम स्थान रखता है। वाण, दण्डी और सुबन्धु

१ विहार विहारी' परिशिष्ट, पृष्ठ-६।

अवस्था में ही काव्य-रचना प्रारम्भ कर दी थी। लगभग बारह वर्ष की अवस्था में व्यास जी ने धर्मसभा की परीक्षा में पुरस्कार प्राप्त किया और श्री तैलङ्ग अष्टावधान के 'सुकविरेप' कहने पर भारतेन्दु जी ने "काशी कविता वर्द्धिनी सभा" की ओर से 'सुकवि' की उपाधि प्रदान की।

बाल विवाह की प्रथा के कारण तेरह वर्ष की अवस्था मे व्यास जी का विवाह हो गया। उनके पिता दुर्गादत्त पौरोहित्य कर्म से जीविकोपार्जन करते थे, अत आर्थिक विपन्नता से ग्रस्त परिवार का भरण-पोषण साधारण रूप से ही हो पाता था। दूसरी ओर व्यास जी का पारिवारिक जीवन भी सुखमय नही था। असमय मे माता-पिता का देहावसान हो गया। यौवन की चौखट पर पाँव रखते ही उनके छोटे भाई ने अपनी पत्नी के सिन्दूर साफ कर दिये। इनकी छोटी बहन ने भी जीवन के वसन्त काल मे इनका साथ छोड दिया। इनके बडे भाई इनसे द्वेष भाव रखते थे। इन अपार कष्टो, असीम वेदनाओ और अनेक मानसिक आघातो को भी अपने अन्तस् मे समेट कर अपने कर्त्तव्य पथ पर हिमाचल की तरह अडिग रहे। उन्होने शिव के समान सारे अशिव आसव का पान करके भी समाज को 'सत्य शिव सुन्दरम्' का मिश्रित अमृत पिलाया।

व्यास जी स० १९३७ मे गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज से साहित्याचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण करके १९४० मे एक सस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य के पद पर कार्य करने लगे। कुछ दिन बाद वहाँ से त्याग पत्र देकर मुजफ्फरपुर चले गये। जिला स्कूल के प्रधानपण्डित के पद पर कार्य करने लगे।

व्यास जी अप्रतिप्रतिभाशाली थे। वक्ता और साहित्य स्रष्टा के साथ ही चित्रकारिता, अश्वारोहिता, सगीत और शतरज मे भी विशेष रुचि रखते थे। सितार, हारमोनियम, जल तरग और मृदग इनके प्रिय वाद्य थे। व्यास जी हिन्दी, सस्कृत, अग्रेजी और बगला भाषा के ज्ञाता थे। न्याय, व्याकरण, वेदान्त और दर्शन मे इनकी अच्छी गति थी। कविता कला मे इतने प्रवीण थे कि एक घडी मे सौ श्लोको की रचना कर सकते थे। सौ प्रश्नो को एक साथ ही सुनकर उन सभी का उत्तर उसी क्रम मे देने की अद्भुत क्षमता थी। इसीलिये इन्हे 'शतावधान' तथा 'घटिका शतक' की उपाधि मिली थी।

व्यास जी की लगभग ८० रचनाओ मे 'शिवराज विजयम्' (उपन्यास), 'सामवतम्' (नाटक) गुप्ता-शुद्धि-प्रदर्शनम्, अवोधनिवारण तथा 'विहारी विहार' (हिन्दी काव्य) प्रमुख थे।

२२ वर्ष की अवस्था मे लिखा गया व्यास जी का 'सामवतम्' नाटक भाष्य, भाव और वर्ण्य की दृष्टि से अधिक उत्तम है। उसके विषय मे डा० भगवानदास ने लिखा है—

"श्री अम्बिकादत्त व्यास जी का रचा 'सामवतम्' नाम नाटक दो बार पढा। 'पुराणमित्येव हि साधु सर्वम्' ऐसा मानने वाले सज्जन प्राय मेरे मत पर हँसेंगे तो भी मेरा मत यही है कि कालिदास रचित 'शकुन्तला' से किसी बात मे कम नही है।"

'सामवतम्' नाटक को स० १९४५ मे मिथिलेश्वर को समर्पित करने के बाद ही शिवराज विजय की रचना आरम्भ कर दी और स० १९५० मे उसे पूरा कर दिया। स० १९५२ मे बिहारी के दोहो पर आधारित कुण्डलियो मे रचित 'विहारी विहार' की रचना के बाद हिन्दी जगत् के मूर्धन्य कवियो के चर्चा के विषय बन गये। इस ग्रन्थ की शोधपूर्ण भूमिका के सम्बन्ध मे जार्ज ग्रियर्सन ने लिखा है—

I have read the introduction with special interest and was much gratified to see so much fresh light thrown on difficult historical questions, indeed I have no hesitation in saying that it is a model of historical research conducted with industry and sobriety, both of which are unfortunately too often abandoned by writers in the country in favour of credulity and hasty conclusions[1]

अम्बिकादत्त व्यास की सर्वश्रेष्ठ कृति उनका शिवराज विजय है। शिवराज विजय सस्कृत-गद्य-साहित्य मे अन्यतम स्थान रखता है। वाण, दण्डी और सुबन्धु

१ विहार विहारी' परिशिष्ट, पृष्ठ-९।

अवस्था मे ही काव्य-रचना प्रारम्भ कर दी थी। लगभग बारह वर्ष की अवस्था मे व्यास जी ने धर्मसभा की परीक्षा मे पुरस्कार प्राप्त किया और श्री तैलङ्ग अष्टावधान के 'सुकविरेप' कहने पर भारतेन्दु जी ने "काशी कविता वर्द्धिनी सभा" की ओर से 'सुकवि' की उपाधि प्रदान की।

बाल विवाह की प्रथा के कारण तेरह वर्ष की अवस्था मे व्यास जी का विवाह हो गया। इनके पिता दुर्गादत्त पौरोहित्य कर्म से जीविकोपार्जन करते थे, अत आर्थिक विपन्नता से ग्रस्त परिवार का भरण-पोषण साधारण रूप से ही हो पाता था। दूसरी ओर व्यास जी का पारिवारिक जीवन भी सुखमय नही था। असमय मे माता-पिता का देहावसान हो गया। यौवन की चौखट पर पाँव रखते ही उनके छोटे भाई ने अपनी पत्नी के सिन्दूर साफ कर दिये। इनकी छोटी बहन ने भी जीवन के वसन्त काल मे इनका साथ छोड दिया। इनके बडे भाई इनसे द्वेष भाव रखते थे। इन अपार कष्टो, असीम वेदनाओ और अनेक मानसिक आघातो को भी अपने अन्तस् मे समेट कर अपने कर्त्तव्य पथ पर हिमाचल की तरह अडिग रहे। उन्होने शिव के समान सारे अशिव आसव का पान करके भी समाज को 'सत्य शिव सुन्दरम्' का मिश्रित अमृत पिलाया।

व्यास जी स० १९३७ मे गवर्नमेण्ट सस्कृत कालेज से साहित्याचार्य की परीक्षा उत्तीर्ण करके १९४० मे एक सस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य के पद पर कार्य करने लगे। कुछ दिन बाद वहाँ से त्याग पत्र देकर मुजफ्फरपुर चले गये। जिला स्कूल के प्रधानपण्डित के पद पर कार्य करने लगे।

व्यास जी अप्रतिप्रतिभाशाली थे। वक्ता और साहित्य स्रष्टा के साथ ही चित्रकारिता, अश्वारोहिता, सगीत और शतरज मे भी विशेष रुचि रखते थे। सितार, हारमोनियम, जल तरग और मृदग इनके प्रिय वाद्य थे। व्यास जी हिन्दी, सस्कृत, अग्रेजी और बगला भाषा के ज्ञाता थे। न्याय, व्याकरण, वेदान्त और दर्शन मे इनकी अच्छी गति थी। कविता कला मे इतने प्रवीण थे कि एक घडी मे सौ श्लोको की रचना कर सकते थे। सौ प्रश्नो को एक साथ ही सुनकर उन सभी का उत्तर उसी क्रम मे देने की अद्भुत क्षमता थी। इसीलिये इन्हे 'शतावधान' तथा 'घटिका शतक' की उपाधि मिली थी।

व्यास जी की लगभग ८० रचनाओ मे 'शिवराज विजयम्' (उपन्यास), 'सामवतम्' (नाटक) गुप्ता-शुद्धि-प्रदर्शनम्, अवोधनिवारण तथा 'विहारी विहार' (हिन्दी काव्य) प्रमुख थे।

२२ वर्ष की अवस्था मे लिखा गया व्यास जी का 'सामवतम्' नाटक भाष्य, भाव और वर्ण्य की दृष्टि से अधिक उत्तम है। उसके विषय मे डा० भगवानदास ने लिखा है—

"श्री अम्बिकादत्त व्यास जी का रचा 'सामवतम्' नाम नाटक दो बार पढा। 'पुराणमित्येव हि साधु सर्वम्' ऐसा मानने वाले सज्जन प्राय मेरे मत पर हँसेगे तो भी मेरा मत यही है कि कालिदास रचित 'शकुन्तला' से किसी बात मे कम नही है।"

'सामवतम्' नाटक को स० १९४५ मे मिथिलेश्वर को समर्पित करने के बाद ही शिवराज विजय की रचना आरम्भ कर दी और स० १९५० में उसे पूरा कर दिया। स० १९५२ मे बिहारी के दोहो पर आधारित कुण्डलियो मे रचित 'विहारी विहार' की रचना के बाद हिन्दी जगत् के मूर्धन्य कवियो के चर्चा के विषय बन गये। इस ग्रन्थ की शोधपूर्ण भूमिका के सम्बन्ध मे जार्ज ग्रियर्सन ने लिखा है—

' I have read the introduction with special interest and was much gratified to see so much fresh light thrown on difficult historical questions, indeed I have no hesitation in saying that it is a model of historical research conducted with industry and sobriety, both of which are unfortunately too often abandoned by writers in the country in favour of credulity and hasty conclusions '

अम्बिकादत्त व्यास की सर्वश्रेष्ठ कृति उनका शिवराज विजय है। शिवराज विजय संस्कृत-गद्य-साहित्य मे अन्यतम स्थान रखता है। बाण, दण्डी और सुबन्धु

१ विहार विहारी' परिशिष्ट, पृष्ठ-९।

के बाद व्यास जी का नाम ही आता है। यद्यपि अन्य बहुत से और भी गद्यकार हैं किन्तु साहित्यिक उत्कृष्टता, बौद्धिक प्रतिभा और सामाजिक आकलनो के वैशिष्ट्य के कारण व्यास जी प्रमुख गद्यकारो मे परिगणित हैं। इस सबका अधिक श्रेय शिवराज विजय को है।

दु ख का विषय है कि ऐसा प्रतिभाशाली व्यक्ति दीर्घायु नही हो सका। बयालिस वर्ष की अवस्था मे ही महाकवि का सम्मान प्राप्त कर व्यास जी सोमवार, मार्ग शीर्ष त्रयोदशी, स० १६५७ को अपने पीछे एक नववर्षीय पुत्र, एक कन्या और विधवा पत्नी को असहाय छोडकर पञ्चतत्व को प्राप्त हो गये। किन्तु उनका यश शरीर अजर और अमर है।

शिवराज विजय एक कृति—शिवराज विजय एक ऐतिहासिक उपन्यास है। इसमे वर्णित कथा ऐतिहासिक है, किन्तु व्यास जी ने अपनी प्रतिभा और कल्पना के सहारे उसे उच्च कोटि की साहित्यिकता प्रदान कर दी है। कथा अधिकाश रूप मे मौलिक होते हुये भी साहित्यिक कल्पना का समावेश है। इसमे कथावस्तु की सघटना प्राच्य और पाश्चात्य शिल्प के समन्वय से की गई है। यद्यपि इसमे दो स्वतन्त्र धाराएँ समानान्तर रूप से प्रवाहित होती हैं—एक के नायक शिवा जी हैं तो दूसरी के नायक रघुवीर सिंह है, तथापि एक दूसरे से पूर्ण स्वतन्त्र और निरपेक्ष्य नही है। एक दूसरे के पूरक हैं। एक का महत्त्व दूसरे से उद्भासित होता है। अत दोनो परस्पर अन्योन्याश्रित हैं। कथा मे इतना प्रवाह और सम्प्रेषणीयता है कि पाठक की आकाक्षा उत्तरोत्तर वृद्धिगत होती जाती है। शिवराज विजय की सम्पूर्ण कथा तीन नि श्वासो मे समाहित है।

व्यास जी के शिवराज विजय मे इतिहास और कल्पना, आदर्श और यथार्थ, अनुभव और कल्पना का सुन्दर समन्वय है। उनके सभी पात्र अपने चरित्र निर्वाह मे पूरी तरह से खरे उतरते हैं। वीर शिवाजी, गौरसिंह, रघुवीरसिंह, यशवन्तसिंह, अफजल खाँ, शाइस्ताखाँ, तथा ब्रह्मचारी आदि सदा अपनी स्वाभाविकता और यथार्थत । का निर्वाह करते है। उनमे न कही अतिशयता है और न कही न्यूनता या अस्पष्टता।

शिवराज विजय वीर रस प्रधान काव्य है तथापि उपकारी रूप मे सभी रसो का चित्रण है। व्यास जी ने अलकार-विधान मे सदैव सजगता दिखाई है। यद्यपि इनका वर्णन कही पर अलकृत नही है तथापि अनावश्यक अलकार भार से बोझिल भी नही है।

गद्यकारो मे सर्वाधिक अलकार विधान वाण ने किया है। यदि इस क्षेत्र मे उनके साथ व्यास जी को देखा जाय तो अन्तर यह दिखेगा कि इनकी कृति अन-पेक्षित अलकार भार से बोझिल नही है।

शिवराज विजय की शैली अत्यन्त सरल, सरस प्रवाहमयी है। भाषा की सरलता और भाव की उत्कृष्टता का समन्वय ही कवि की प्रमुख विशेषता होती है। कविकथ्य जितने ही सरल और सुन्दर ढङ्ग से कहा जाय, काव्य उतना ही हृदय-ग्राही और 'सद्य परिनिवृतये' की भावना को प्राप्त करने वाला होता है।

अस्तु, शिवराज विजय, भाषा और भाव दोनो की दृष्टि से एक उत्तम कोटि का काव्य कहा जा सकता है। इसमे प्रतिभा की प्रौढता, कल्पना की सूक्ष्मता, अनुभव की गहनता, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, भावो की यथार्थता और रमणीयता, पदावलियो की मधुरता, कथानक की प्रवाहमानता, आदर्श की स्था-पना, शिव की भावना और सुन्दर की सुन्दरता निहित है। उपन्यास की दृष्टि से भी कथानक, पात्र, घटना, सवाद, अन्तर्द्वन्द्व, आकाक्षा आदि तत्त्वो से पूर्ण है और 'गद्य कवीना निकष वदन्ति' की कसौटी पर खरा उतरता है।

शिवराज विजय का काव्य-शिल्प

भाषा—शैली—मनोगत भावो को परहृदय सवेद्य बनाने का प्रमुख साधन भाषा है और भाषा के क्रमबद्धता या रचना-विधान को सम्भवत शैली भी कहा जाता है, अत सामान्यत 'भाषा शैली' ऐसा प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। इस आधार के साथ यह कहा जा सकता है कि काव्य मे मनोगत भावो को मूर्त रूप प्रदान करने का प्रमुख एव सहज साधन 'शैली' है। 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम् के परिप्रेक्ष्य मे यदि अर्थ काव्य की आत्मा है तो शब्द अर्थात् शैली काव्य का शरीर। अत भाव की मनोहरता, स्थिरता और सूक्ष्मता शैली पर ही निर्भर होती है।

डा० श्यामसुन्दर दास के अनुसार किसी कवि या लेखक की शब्द-योजना, वाक्यांशो का प्रयोग, उसकी बनावट और ध्वनि आदि का नाम ही शैली है। दण्डी ने काव्यादर्श मे—'अस्त्यनेको गिराम मार्ग सूक्ष्मभेदपरस्परम्' कहा है।

इन भावनाओं के अनुसार स्थूलत शैली के दो भेद किये जाते हैं—(१) समास शैली (२) व्यास शैली। इसके अतिरिक्त ऐतिहासिक व्यक्तित्वो के आधार पर आजकल विद्वानो ने मार्ग (शैली) को चार प्रकार का माना है। किन्तु अनन्तर काल मे इन्हे शैली न कहकर रीतियाँ कहा जाने लगा है। ये रीतियाँ चार हैं—(१) वैदर्भी (२) गौणी (३) पाञ्चाली (४) लाटी।

१. कोमल वर्णो और असमासा अथवा अल्पसमासा, माधुर्यपूर्ण रचना वैदर्भी रीति है।

२ महाप्राण-घोषवर्णा, ओजगुणसम्पन्ना तथा समास बहुला रचना गौडी है।

३ वैदर्भी और गौणी का सम्मिश्रण पाञ्चाली रीति है।

४ वैदर्भी और पाञ्चालो का सम्मिश्रण लाटी रीति है।

शिवराज विजय की भाषा सरल, सुबोध एव स्पष्ट है। पदावलियो के प्रयोग वर्ण्य-विषय के अनुसार होना चाहिये। एक ही विधा प्रत्येक वर्णन को प्रभावमय नही बना सकती। और व्यास जी ने ऐसा ही किया है। अत कहा जा सकता है कि शिवराज विजय मे उचित शब्दावलियो का प्रयोग, अर्थपूर्ण वाक्यविन्यास तथा अवसर के अनुकूल कोमल तथा कठोर वर्णों का प्रयोग किया गया है।

व्यास जी ने अवसर के अनुकूल एक ओर दीर्घ समास बहुला पदावली का प्रयोग किया है तो दूसरी ओर सरल और लघु पदावली का। दूसरी ओर पूर्वोक्त रीतियो के सन्दर्भ मे शिवराज विजय मे व्यास जी ने पाञ्चाली रीति का आश्रय लिया है। इनके साक्ष्य मे तथ्य द्रष्टव्य है—अफजल खाँ के शिविर का वर्णन करते हुए व्यास जी समस्त (दीर्घ) पदावली मे कहते है—

"इतस्तु स्वतन्त्र-यवनकुल-भुज्यमान-विजयपुराधीश-प्रेषित पुण्य नगरस्य समीपे एव प्रक्षालित गण्डशैल मण्डलाया निर्झरवारिधारा-पूर-पूरित-प्रबल-

प्रवाहाया, पश्चिम-पारावार-प्रान्त-प्रसूत-गिरि-ग्राम-गुहा-गर्भ-निर्यताभा अभि प्राच्य-पयोनिधि-चुम्बन-चञ्चुराया, रिङ्गत्-तरङ्ग-भङ्गोद्‌भूतावर्त शत-भीमाया भीमाया नद्या, अनवरत-निपतद्-वकुल-कुल-कुसुम-कदम्ब-सुरभीकृतमपि नीर वगाहमान-मत्त-मतङ्गज-मद-धाराभि कटूकुर्वन्, हय-हेषा-ध्वनि-प्रतिध्वनि-वधि-रीकृत-गव्यूति-मध्यगाध्वनीन वर्ग, पट-कुटीर-कूट विहित-शारदाम्भोधर-विडम्बन निरपराध-भारताभिजन-जन-पीडन-पातक पटलैरिव समुद्धूयमाननीलध्वजै रुप-लक्षित ।"

दूसरी ओर व्यास जी की लघुसमास शैली भी अत्यन्त भावपूर्ण और मार्मिक है। उसमे अभिव्यक्ति की स्पष्टता और सूक्ष्मता निहित है—

"एष भगवान् मणिराकाशमण्डलस्य, चक्रवर्ती खेचर चक्रस्य, कुण्डलमाख-लदिश, दीपको ब्रह्माण्डभागस्य, प्रेयान् पुण्डरीक पटलस्य, शोक विमोक कोक-लोकस्य अवलम्बो रोलकदम्बस्य, सूत्रधार सर्वव्यवहारस्य, इनश्च दिनस्य।"

व्यास जी की इस रचना मे समासरहित सुन्दर पदावलियो का प्रयोग भी अत्यन्त हृद्य है—

"बटुरसौ आकृत्या सुन्दर, वर्णेन गौर, जटाभिर्ब्रह्मचारी, वयसा षोडश-वषवर्षीय, कम्बुकण्ठ, आयत ललाट, सुबाहुर्विशाललोचनश्चासीत्।"

अम्बिकादत्त व्यास विद्वान् थे, भाषा पर उनका पूण अधिकार था और भावाभिव्यक्ति की पूर्ण क्षमता। भाव के अनुकूल भाषा का सयोजन करने का ध्यान सदैव रखते थे। जैसा कोमल या कठोर भाव का वर्णन करना होता था उसी के अनुसार भाषा सयोजन करते थे। शान्त, स्निग्ध एव नीरव-निशा का वर्णन देखिये—

"धीरसमीर स्पर्शेन मन्दमन्दमान्दोल्यमानासु व्रततिषु, समुदिते यामिनी-कामिनी चन्दनविन्दौ इव इन्दौ, कौमुदी कपटेन सुधाधारमिव वर्षति गगने, अस्मन्नीतिवार्ता शुश्रूषुषु इव मौनमाकलयत्सु पतगकुलेषु कैरवविकाश हर्षप्रकाश-मुखरेषु चञ्चरीकेषु"।

भावो की सरल एव स्वाभाविक अभिव्यक्ति के लिये उनकी भाषा द्रष्टव्य है—

"क्वचिद् हरिद्रा हरिद्रा, लशुन लशुनम्, मरिचमरिचम्, चुक्रम् चुक्रम्, वितुन्नक वितुन्नकम्, शृ गवेर शृ गवेरम्, रामह रामहम्, मत्स्यण्डी, मत्स्यण्डी, मत्स्या मत्स्या, कुक्कुटाण्ड, कुक्कुटाण्डम् पलल पललमिति—"

अस्तु, इस कृति के अवलोडन से स्पष्ट हो जाता है कि कवि ने भाषा और शैली का प्रयोग भाव के अनुसार ही किया है। यत्र-तत्र व्याकरणिक शब्दो का भी प्रयोग उनकी विद्वत्ता की ओर सकेत करता है। सन्नन्त, यङन्त, यङलुडन्त शब्दो का भी प्रयोग मिलता है। उनकी भाषा शैली उनके काव्य को उत्कृष्टता प्रदान करने मे पूर्णत उपजीव्य है।

अलङ्कार योजना—कविता कामिनी का शृ गार है अलङ्कार योजना। जिस प्रकार आभूषण से सुरन्दर नारी का सौन्दर्य बढ जाता है उसी प्रकार अलङ्कार से काव्य का भी चमत्कार एव हृदय सवेद्यता बढ जाती है। अनलङ्कृत भाषा एव रमणी दोनो चित्ताकर्षक नही होते। कुछ अर्थालकार तो इतने महत्त्वपूर्ण हैं कि उनके विधान से काव्य के सर्वस्व वे प्रतीत होने लगते हैं। इसी कारण तो कुछ अलकारवादियो ने अलकार को ही काव्य की आत्मा मानना प्रारम्भ कर दिया। कुछ भी हो काव्य मे अलकार का स्थान महत्त्वपूर्ण है। अलकार के अभाव मे काव्य अपनी पूर्णता को प्राप्त करने मे कभी भी समर्थ नही हो सकता।

प० अम्बिकादत्त व्यास ने अपनी सुरभारती को एक कुशल रमणी की भाँति अलकारो से सजाया हैं। अनुकूल एव समुचित अलकार का सयोजन किया है। बाण की कृति अलकार के भार से बोझिल हुई प्रतीत होती है किन्तु व्यास की कृति विरलालकार विभूपिता लावण्यमयी तन्वगी के समान है। उन्होने शब्दालङ्कार और अर्थालङ्कार दोनो का सावसर प्रयोग किया है। शब्दालङ्कार तो पदे-पदे दृष्टिगोचर होता है। अनुप्रास अलङ्कार का एक उदाहरण द्रष्टव्य है—

"मानिनी भ्रू भङ्ग भूरिभाव प्रभाव पराभूतवैभवेषु भटेषु"।

×   ×   ×   ×,

"चञ्चच्चन्द्रहास चमत्कार चाकचक्यचिल्लीभूत चक्षुषका"।

यत्र-तत्र यमक का भी प्रयोग किया है—

"विलक्षणोऽय भगवान् सकलकलाकलाप कलन सकल कालन कराल काल. ।"

कवि का कल्पना का बहुत बडा सम्बल ह—उत्प्रेक्षा अलङ्कार। वाण की तरह व्यास जी ने भी उत्प्रेक्षा की पर्याप्त सयोजना की है। एक मालोत्प्रेक्षा का उदाहरण द्रष्टव्य है—

"गगनसागरमीने इव, मनोजमनोज्ञ हसे इव, विरहि निवक्रन्तेन रौप्यकुन्त प्राते इव, पुण्डरीकाक्षपत्नीकरपुण्डरोकपत्रे इव, शारदाभ्रसारे इव सप्तसप्ति सप्तिपादच्युते राजतखुरत्रे इव मनोहरतामहिला ललाटे इव, कन्दर्पकीर्तिलताङ्कुर इव, प्रजाजननयनकर्पूरखण्डे इव, तमीतिमिरकर्तन शाणोल्लीढनिस्त्रिंशे इव च समुदिते चैत्रखण्डे"।

उपमा अलङ्कारो मे प्रमुख माना जाता है क्योंकि उपमा एक प्रकार से वक्तव्य के कहने का ढङ्ग है जिसका व्यवहार सर्वाधिक होता है। साधर्म्य अलङ्कारो की माला मे उपमा 'सुमेरु' है। उपमा का प्रयोग भी व्यास जी ने बडे सरल तथा स्वाभाविक ढङ्ग से किया है—

"सेय वर्णेन तुवर्णम्, कलरवेण पुस्कोकिलान्, केशैरोलम्बकदम्बान्, ललाटेन कलाधरकलाम् लोचनाभ्याम् खञ्जनान्, अधरेण वन्धुजीवम्, हासेन ज्योत्स्नाम्"।

व्यास जी ने परम्परा से हटकर नये उपमानो का भी प्रयोग किया है, जैसा कि सस्कृत कवियो मे प्राय नही देखा जाता है। कवि ने नौका की उपमा एक कुम्भडे की फाक से देते हुए लिखा है—"कुष्माण्डफक्किाकारया नौकया"।

विरोधाभास व्यास जी का प्रिय अलङ्कार है। विरोधाभास के चित्रण मे कवि, वाण की समानता करता हुआ दिखाई पडता है शिवाजी के वर्णन मे विरोधाभास की छटा वरवश पाठको को आकृष्ट करती है—

इ र्वामप्यखर्वपरिक्रमाम्, श्याममपि यश समूहश्वेतीकृत त्रिभुवनाम्, कुशासनाश्रयामपि सुशासनाश्रयाम्, पठनपाठनादि परिश्रमानभिज्ञामपि नीतिनिष्णाताम् स्थूलदर्शनामपि सूक्ष्मदर्शनाम्, ध्वसकाण्ड व्यसनिनीमपि धमनीरेभीम्, कठिनामपि

कोमलाम्, उग्रामपि शान्ताम् शोभित विग्रहामपि दृढसन्धि बन्धाम्, कलित-गौरवामपि कलितलाघवाम्' ' ।"

चित्तौडगढ के स्त्रियो के वर्णन में श्लेष गर्भित विरोधाभास द्वारा अत्यन्त सुन्दर चित्रण किया गया है—

"क्षत्रियकुलाङ्गना कमला इव कमला, शारदा इव विशारदा, अनुसूया इवानुसूया, यशोदा इव यशोदा., सत्या इव सत्या, रुक्मिण्य इव रुक्मिण्य, सुवर्णा इव सुवर्णा, सत्य इव सत्य ।"

इसके अतिरिक्त दीपक, श्लेष, उदात्त, यथासख्य, आदि अलङ्कारो की भी योजना की है। डा० भगवानदास कादम्बरी से तुलना करते हुए लिखते है— "जहाँ बासवदत्ता और कादम्बरी के शब्दो की अरण्यानी मे बेचारा अर्थ-पथिक सर्वथा भूल भटक कर खोजता है, उसका पता ही नही लगता, वहाँ शिवराज विजय के सुललित उद्यान मे, उसकी सहज अलकृत शैली मे पाठक का मन खूब रमता है। कादम्बरी के शब्दो की विकट आरण्यानी की तरह शिवराज विजय के शब्दससार को देखकर उसका मन घबरा नही उठता, अपितु उसमे प्रविष्ट होकर उसके आनन्द को लेने की उत्सुकता को जगाता है।"

अस्तु, व्यास जी ने अलङ्कारो का प्रयोग मात्र कविता कामिनी को सजाने के लिये ही किया है।

रस-योजना—'वाक्य रसात्मक काव्यम्' के अनुसार रस ही काव्य की आत्मा है। यह सच भी है कि 'रसहीन' काव्य नही हो सकता है। अत काव्य मे रस योजना होती ही है। यद्यपि रसो मे उच्चावचता या श्रेणी विभाग नही तथापि वर्ण्य की दृष्टि से रस की मुख्यता या गौणता अवश्य होती है।

शिवराज का प्रधान रस है 'वीर'। प्राय अन्य सभी रस इसमे उपकारी रूप मे निहित हैं। उद्देश्य के अनुसार इसमे वीर रस का विशेष रूप से चित्रण किया गया है। शिवाजी के शौर्य का जो अद्भुत वर्णन किया गया है, वह अत्यन्त स्पृहणीय है। गौरसिंह अफजलखाँ से कहता है—

"को नामापर शिववीरात् ? स एव राजनीतौ निष्णात, स एव सैन्धवा-रोह विद्यासिन्धु, स एव चन्द्रहास चालने चतुर, स एव मल्लविद्यामर्मज्ञ, स-

एव बाणविद्यावारिधि, स एव वीरवारवर पुरुषपौरुष परीक्षक, स एव दीन-दुखदावदहन, स एव स्वधर्मरक्षण सक्षण ।"

× × ×

आगत एष शिववीर इति भ्रमेणापि सम्भाव्य अस्य विरोधिषु 'केचन मूर्च्छिता निपतन्ति, अन्ये विस्मृतशास्त्रास्त्रा पलायन्ते, इतरे महाभासाकुञ्चितोदरा विशिथिलवाससो नग्ना भवन्ति, अपरे च शुष्कमुखा दशनेषु तृण सन्धाय साम्रेड प्रणियातपरम्परा रचयन्तो जीवन याचन्ते ।

व्यास जी ने यत्र-तत्र शृङ्गार रस का भी चित्रण किया है । इन्होंने शृङ्गार का वर्णन अत्यन्त शिष्ट और सात्त्विक रूप मे किया है, उसमे मादकता या उच्छृंखलता लेशमात्र की नही है—

"सा चावलोक्य तमेव पूर्वावलोकित युवानम्, वीराभरमन्थरापि ताताज्ञया बलादितप्रेरिता ग्रीवा नमयन्ती आत्मनाऽऽत्मन्येव निविशमाना स्वपादाग्रमेवालोकयन्ती मोदकभाजन समाजित सव्येतर कर तदग्रेप्रसारयत् । पुनश्च सा अञ्चल कोण कटिकच्छ प्रान्ते आयोज्य, हस्ताभ्या मालिका विस्तार्य नतकन्धरस्य रघुवीरसिहस्य ग्रीवाया चिक्षेप इषत्कम्पितगात्रयष्टिश्च शनैर्यथा निववृते ।"

कही-कही करुण रस का अत्यन्त हृदयग्राही वर्णन किया गया है—

"माता च तव ततोऽपि पूर्वमेव कथावशेषा सवृत्ता, यमलौ भ्रातरौ च तव द्वादशवर्षदेशीयावेव आखेट व्यसनिनौ महार्हभूषणभूषितौ तुरगावरुह्य वन गतौ दस्युभिरपहृतौ इति न श्रूयेत तयोर्वार्ताऽपि, त्व तु मम यजमानस्य पुत्रीति स्वपुत्रीवमयैव सह नीता वर्द्धयसे च । अहह ! वारवारम् बालैव सुन्दरकन्याविक्रय व्यसनिभिर्यवन वराकैरपह्रियसे ।"

व्यास जी ने एकत्र वात्सल्य रस का भी अत्यन्त हृदयग्राही वर्णन किया है । डाकुओ के चगुल मे फसे हुए गौरसिह और श्यामसिह अपनी भगिनी के विषय मे सोचते है—

"हन्त ! हत भाग्या सा बालिका, या अस्मिन्नेव वयसि पितृभ्या परित्यक्ता, अवयवोरपि अदर्शनेन क्रन्दनै कण्ठ कदर्थयति । अहह ! सतत मस्मक्रोडैक क्रीड-

निकाम्, सततमस्मन्मुखचन्द्रचकोरीम्, सततकस्मत् कण्ठरत्नमालाम्, सततमस्मन्सह भोजनीम् "

इस प० अम्बिकादत्त व्यास के द्वारा वर्जित रसो की योजना अत्यन्त परि॰ पक्व और साधिकार है। मुख्यत वीररस का चित्रण करते समय इसमे सभी रस वर्णन यत्किञ्चद् रूप मे उपलब्ध होते हैं।

काव्य-अभिव्यञ्जना

वस्तु एव प्रकृति-चित्रण—काव्य मे अभिव्यञ्जना का महत्त्व शिल्प की अपेक्षा अधिक होता है। हृदयग्राही मार्मिक भावो की अभिव्यञ्जना ही काव्य की सफलता है। वस्तु घटना, भाव या दृश्य का साक्षातथ्येन वर्णन करना ही कवि की विशेषता है। इस मे अम्बिकादत्त व्यास अत्यन्त निपुण और बहुमुखी है। सस्कृत कवियो मे प्रकृति-वर्णन की परम्परा रही हे। जितनी सफलता के के साथ प्रकृति का चित्रण कवि ने किया है, वह उतना ही अधिक सफल हुआ है। व्यास जी ने भी शिवराज विजय मे प्रकृति नटी का सुन्दर अकन किया है। यह अवश्य है कि वे कठोर प्रकृति की अपेक्षा कोमल प्रकृति के चित्रण मे अधिक समर्थ सिद्ध हुए हैं। प्रकृति के कठोर रूप का एक उदाहरण द्रष्टव्य है—

"सुदुरमस्मात्स्थानात् कोड्कण देश मध्येच विकटा अटव्य शतश शैल श्रेणय त्वरित धारा धुन्य, पदे-पदे च भयानकभल्लूकानामम्बकृत-सङ्कुलानाम्, मुस्ता-मूलोत्खनन घुर्घुशोयित्त-घोर-घोणानाम् घोणिनाम्,-पङ्क परिवर्तोमथित-कासाराणा, नरमास बुभुक्षूणा तरक्षणाम, विकट करटिकट विपाटन-पाटव-पूरित-सहनाना सिहानाम्, नासाग्र-विषाणशोणनच्छल विहित-गण्डशैल-खण्डाना खाड्ग-नाम् दोदुल्यमान-द्विरेफ-दल-पेपीयमान-दानधारा-धुरन्धराणा-सिन्धुराणा ।"

इस प्रकार व्यास जी प्रकृति के रूप के वणन मे तो उतने सक्षम नही हो पाये हैं किन्तु प्रकृति के मनोरम पक्ष के वर्णन मे अत्यन्त सफल हुए हैं। सूर्योदय, सूर्यास्त, चन्द्रोदय, चन्द्रास्त एवम् रात्रि आदि के वर्णन मे व्यास जी ने अत्यन्त कुशलता का परिचय दिया है। सूर्यास्त का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

जगत प्रभाजालमाकृष्य, कमलानि-सम्मुद्रय, कोकान् सशोकीकृत्य, सकल-

चराचरचक्षु सञ्चारशक्ति शिथिलीकृत्य, कुण्डलेनेव निज मण्डलेन पश्चिमामाशा भूषयन्, वारुणी सेवनेनेव माञ्जिष्ठमाञ्जिम रञ्जित =, अनवरत भ्रमणपरिश्रम-श्रान्त इव सुषुप्सु, म्लेच्छगणदुराचारदु खाऽऽक्रान्त-वसुमतीवेदनामिव समुद्र-शायिनि निविवेदयिषु, वैदिक-धर्म-ध्वस-दर्शन-सजात निर्वद इव गिरिगह्वनषु प्रविश्य तपश्चिकीषु, घर्म-ताप तप्त इव समुद्रजले सिस्नाषु, साय समयम-वगत्य सन्ध्योपासनमिवविधित्सु, अन्धतमसे च जगत पातयन्, चाक्षुपाम्-गोचर एव सजात ।"

आश्रम की शोभा का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

"कदलीदलकुञ्जायितस्य एतत्कुटीरस्य समन्तात् पुष्पवाटिका, पूर्वत परम-पवित्रपानीय परस्सहस्रपुण्डरीकपटलपरिलसित पतत्रिकूलकूजितपूजित पय पूर पूरितसर आसीत् । दक्षिणतश्चैको निर्झरझर्झर ध्वनि-ध्वनित दिगन्तर फल-पटलाऽऽस्वादचपलित चञ्चुपतङ्गकुलाऽऽक्रमणाधिकविनतशाखशाखिसमूहव्याप्त सुन्दर कन्दर पर्वतखण्ड आसीत् ।"

व्यास जी ने रात्रि की नीरवता का अत्यन्त सटीक और स्वाभाविक वर्णन किया है । नीरव निशा का चित्र खीचते हुए लिखते है—

"धीरसमीर स्पर्शेन मन्दमन्दमान्दोल्यमानासु व्रततिषु, समुदिते यामिनी-कामिनीचन्दनबिन्दौ इव इन्दौ, कौमुदीकपटेन सुधाधारामिव वर्षति गगने, अस्मन्नीतिवार्ता शुश्रूषुषु इव मौनमाकपत्सु पतगकुलेषु, कैरव-विकाश-हर्ष-प्रकाश-मुखरेषु चञ्चरीकेषु ।"

झञ्झावात का भी चित्रण इतनी सफलता के साथ किया है कि उसे पढकर आँधी की वास्तविकता उसके नेत्रो के सामने उपस्थित हो उठती है । उसका भयानक दृश्य व्यास जी के शब्दो मे देखिये—

तावदकस्मादुत्थितो महान् झञ्झावात, एक साय समय प्रयुक्त स्वभाव-वृत्तोऽन्धकार, स च द्विगुणितो मेघमालाभि झञ्झावातोद्धूतै = रेणुभि शीर्णै पत्रै कुसुम परागै शुष्क पुष्पैश्च । पुनरेष द्वैगुण्य प्राप्त । इह पर्वत-श्रेणीत पर्वत श्रेणी, वनाद् वनानि, शिखराच्छिखराणि, प्रपातात् प्रपाता, अधित्यकातोऽधित्यका, उपत्यकात् उपत्यका, न कोऽपि सरलोमार्ग, नानुद्वेदिनी भूमि, पन्था अपि च नावलोक्यते । पदे-पदे दोधूयमाना वृक्षशाखा सम्मुख माऽघ्नन्ति । परित सहडहडाशब्द दोधूयमानाना परस्सहस्र वृक्षाणा, वाताघात

सजात पापाण पाताना प्रपातानाम्, महान्ध तमसेन ग्रस्यमान इव सत्वाना क्रन्दनस्य च भयानकेन-स्वनेन कवली कृतमिव गगन तलम् ।"

इस प्रकार व्यास जी प्रकृति-चित्रण के साथ अन्य वस्तुओ के वर्णन मे सचेष्ट रहे है। छाया-चित्र उपस्थित करने मे भी व्यास जी ने पर्याप्त सफलता प्राप्त की है। आजकल के शिविर का वर्णन व्यास जी के शब्दो मे इस प्रकार है—

"आत्मन कुमारस्यापि च केशान् प्रसाधनिकया प्रसाध्य, मृखमार्द्रं पटेन प्रोञ्छचलललाटे सिन्दूर बिन्दुतिलक विरचय्य, उष्णीपिकामपट्टाय, शिरशि सूचिर-यूतासौवर्णकुसुमलतादिचित्रविचिश्रितामुष्णीषिका सधार्यंशरीरे हरितकौशेयकञ्चु-किकामायोज्य, पादयो शोणपट्ट निर्मितमघो वसनमाकलम्य, दिल्ली निर्मिते महार्हे उपानाहौ धारयित्वा, लघीयसी तानपूरिकामेका सहनेतु सहचर हस्ते समर्प्य, "

पूर्वीबङ्गाल के वर्णन को पढकर पाठक ऐसा अनुभव करता है, जैसे वह नदी के तट पर खडा हुआ सारा दृश्य अपनी आंखो से देख रहा है—

"पूर्ववङ्गमपि सम्यगवालुलोकदेष जन । यत्र प्रान्तप्ररुढा पद्मावली परि-मर्दयन्तीपद्मेव द्रवीभूता पय पूरप्रवाहपरम्पराशि पद्मा प्रवहति' यत्र ब्रह्म पुत्र इव शत्रुसेनानाशनकुशला ब्रह्मदेश विभजन् ब्रह्मपुत्रो नाम नदो भूभाग क्षाल-यति, यत्र साम्लसुमधुररसपरितानि फूत्कारोद्धूतभूतिज्वलदङ्गारविजित्वरवर्णानि जगत्प्रसिद्धानि नारङ्गाण्युद्भवन्ति, यद्देशीयाना जम्बीराणा रसालाना ताल-नारिकेलाना खर्जूराणा च महिमा सर्वदेशरसज्ञाना साम्रेड कर्णं स्पृशति, यत्रला भयकराऽऽवर्तसहस्राऽऽकुलासुस्रोतस्वतीषु सहोहोकारक्षेपणी सिपन्त. अरित्र चाल-यन्त, वडिश योजयन्स, कुवेणीस्थम्रियमाणा मत्स्यपरीवर्तानालोकमालोकम-नन्दत, ।"

सुन्दर सरोवर के किनारे दर्भासन पर बैठे सविधि पूजन करने वाले मुनि-जनो का अतीव हृदयहारी चित्रण व्यास जी ने किया है—

"तत्र वरटाभिरनुगम्यमानाना राजहसाना पक्षति कण्डूतिकपणचञ्चल-चञ्चुपुटाना मल्लिकाक्षाणा, लक्ष्मणाकण्ठस्पर्शहर्षवर्षप्रफुल्लाङ्गरुहाणा सारसाना, भ्रमद्भ्रमरझङ्कारभारविद्रावितनिद्राणा कारण्डवाना च तास्ता शोभा पश्यन्ती,

तडाग तट एव पम्फुल्यमानाना मकरन्दतुन्दिलानामिन्दीवगणा समीपत एवम-सृणपापाणपट्टिकासु कुशासनानिमृगचर्मासनानि उर्णासनानि च विस्तीर्योप-विष्टाना, ।"

इस प्रकार व्यास जी ने शिवराज विजय मे जिसका वर्णन किया हे उसका यथारूप मे चित्र खीचकर पाठक को भावविभोर कर दिया है। वस्तु या दृश्य वर्णन की कुशलता व्यास जी मे कूट-कूट कर भरी है। वस्तु वर्णन में व्यास जी अपने पूववर्ती गद्य कवियो की पक्ति मे विराजमान होते हैं।

सामाजिक चित्रण—सस्कृत गद्य काव्य में गद्य की अनेक विधाएँ निहित है और विविध भावो के वर्णन का भी समन्वय है। किन्तु शिवराज विजय के पूर्व जिन आख्यानो या कथाओ का वर्णन मिलता है, वे या तो चरित्र प्रधान है या दृश्य (बिम्ब) प्रधान। शिवराज विजय एक मात्र ऐसा उपन्यास है जिसमे तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियो और चरित्रो का समग्र रूप से वर्णन किया गया है। 'साहित्य समाज का दर्पण होता है' शिवराज विजय इस कथन का पूर्णत समर्थन करता है।

पण्डित अम्बिकादत्त व्यास ने शिवराज विजय में मुगलकालीन समाज का सुन्दर चित्रण किया है। उस समय राजा अकर्मण्य विलासी और विद्वेषी थे। हिन्दु जाति मुसलमायो के अत्याचार से पीडित थी। दूसरी ओर मुसलमानो का माम्राज्य भारत मे निरन्तर वढता जा रहा था और उसको साथ-साथ ही के द्वारा हिन्दु कन्याओ के अग्हरण, मन्दिरो और मूर्तियो के विध्वस, पवित्र धर्म-ग्रन्थो के विनाश और अनाथ हिन्दुओ के प्रपीडन को अपना कर्त्तव्य समझते थे। हिन्दु राजा मुसलमान शासको की दासता स्वीकार कर उनकी प्रशसा मे रत थे और उनकी कृपा पर जीवित थे।

ऐसी विपम परिस्थिति मे महाराष्ट्राधीश्वर वीर शिवा जी ने अपने शौर्य पराक्रम और सदाचरण द्वारा हिन्दु जनता और हिन्दुत्व की रक्षा की। उसके मुसलमानों अस्तगत शौर्य को वडी कुशलता और वीरता से पुनार्जागृत किया। उन्होने देशभक्ति राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, स्वधर्मानुराग एवम् मातृभूमि की सेवा भाव का हिन्दु जनता मे सञ्चार किया।

अति अनीति की पराज्य सर्वदा होती है। जिस विलासिता और व्यसन

के कारण हिन्दु राजाओ का पतन हुआ उसी विलास और भोगप्राचुर्य के कारण मुस्लिम शासको का भी पराभव हुआ। हिन्दुओ पर उनका अत्याचार अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका था। उनके अत्याचारो का वर्णन करते हुए व्यास जी कहते हैं—

" क्वचिद्दारा अपह्रियन्ते, क्वचिद्धनानि लुण्ट्यन्ते, क्वचिदार्तनादा, क्वचिद्रुधिरधारा, क्वचिदग्निदाह, क्वचिद्गृहनिपात, श्रूयते अवलोक्यते च परित. ।"

मुसलमान शासक इतने मदान्वित और विलासी प्रवृत्ति के हो चुके थे कि अफजल खाँ भी, वीर शिवा जी जैसे शक्तिशाली और सर्वसमर्थ राजा को पराजित करने की प्रतिज्ञा विजयपुर नरेश के सामने करके आया था, सदैव भोग विलास और नशे मे चूर रहता था। जिसका वर्णन करते हुये व्यास जी कहते हैं—

"स प्रौढि विजयपुराधीश महासभाया प्रतिज्ञाय समायातोऽपि शिवप्रतापञ्च विदन्नपि अद्य नृत्यम्, अद्य गानम्, अद्य लास्यम्, अद्य मद्यम्, अद्य वाराङ्गना, अद्य भ्रूकुसक, अद्य वीणा वादनम् इति स्वच्छन्दैरुच्छृङ्खला चरणैर्दिनानि गमयति।"

इसी का परिणाम था कि गायक (गौरसिंह) के समक्ष अफजल खाँ सगर्व अपनी भावी गोप्य योजना (शिववीर को सन्धिव्याज से पकडने) की घोषणा स्पष्ट रूप से कर देता हैं। इस प्रकार तत्कालीन मुस्लिम राजाओ मे उसी वृत्ति का सञ्चार हो रहा था जिसके कारण हिन्दु राजाओ की पराजय हुई थी। उस समय हिन्दु राजाओ मे आपसी वैरभाव बढा हुआ था, वेश्याओ और मदिरा क चक्कर मे अपनी सम्पत्ति नष्ट कर चुके थे, मिथ्या प्रशसा करने वाले चाटुकारो को ही सबसे निकट और हितैषी समझते थे और स्वार्थ की वृत्ति सर्वोपरि हो चुकी थी। इसी कारण तो भारतवर्ष सैकडो वर्ष तक पराधीनता की बेडियो मे जकडा रहा। इसका वर्णन करते हुए व्यास जी कहते है—

"शनै शनै पारस्परिक-विरोध-विशिथिलीकृत-स्नेहबन्धनेषु राजसु, भामिनी-भ्रूभङ्ग-भूरिभाव-प्रभाव-पराभूत वैभवेषु भटेषु, स्वार्थचिन्तासन्तान

वितानैकतानेषु अमात्यवर्गेषु प्रशंसामात्रप्रियेषु प्रभुषु, "इन्द्रस्त्वं कुबेरस्त्वं वरुणस्त्वमिति वर्णनमात्रसक्तेषु बुद्धजनेषु ।"

किन्तु महाराष्ट्राधीश्वर, वीर शिवा जी उन हिन्दु राजाओं में अपवाद रूप थे, न तो उनमें उक्त प्रकार की कमजोरी थी और न ही स्वार्थ लिप्सा। वे एक वीर, पराक्रमी, राजनीति पारगत एवं कुशल प्रशासक थे। उनकी क्षमता व्यूहरचना, ओजस्विता एवं धीरता अपूर्व थी। इसी कारण विशाल सेना वाले मुस्लिम शासक के विरुद्ध उन्होंने विजय प्राप्त की। उनके गुप्तचर गौरसिंह आदि तथा द्वारपाल के चरित्र एवं कार्यों के कुछ उदाहरण द्रष्टव्य है। गौरसिंह अपनी गुप्तचरीय व्यूहरचना का वर्णन करते हुए कहता है—

"भगवन्! सर्वं सुसिद्धम्, प्रतिगव्यूत्यन्तरालमङ्गीकृतसनातनधर्मरक्षामहाव्रताना धारितमुनिवेषाणा वीरवराणामाश्रमा सन्ति। प्रत्याश्रमञ्च वल्मीकेषु गोपयित्वा स्थापिता परश्शता खड्गा, पटलेषु तिरोभाविता शक्तया कुशपुञ्जान्त स्थापिता भुशुण्डयश्च समुल्लसन्ति। उञ्छस्य शिलस्य, समिदाहरणस्य, इङ्गुदीपर्यन्वेषणस्य, भूर्जपत्र परिमार्गणस्य, कुसुमावाचयनस्य, तीर्थाटनस्य, सत्सङ्गस्य च व्याजेन केचन जटिला, परे मुण्डिन, इतरे काषायिण, अन्ये मौनिन, अपरे ब्रह्मचारिणश्च बहव पटवो वटवश्चरा सञ्चरन्ति। त्रिजयपुरादुड्डीयात्रागच्छन्त्या मक्षिकाया अप्यन्त स्थित वय विद्म, किं नाम एषा यवनहतकानाम्।'

वीर शिवा जी सदैव योग्य और विश्वस्त व्यक्ति को ही गुप्तचर के रूप में नियुक्त करते थे। गुप्तचर की निपुणता, कार्यक्षमता, विश्वसनीयता और गम्भीरता आदि की परीक्षा लेने के बाद ही राजपक्ष के लोग गुप्तचरों को रहस्य की बातें बताते थे, केवल गुप्तचर होने मात्र से न तो उनकी सन्तुष्टि हो पाती थी और न ही वे उन्हें गुप्त सन्देशों के कहने योग्य समझते थे। तोरण दुर्ग का अध्यक्ष शिवा जी के गुप्तचर की परीक्षा लेकर ही उसे रहस्य की बात बताने के लिये तैयार होता है—

"नैतेषु विषयेषु कदापि सतन्द्रोऽत्रतिष्ठते महाराज, स सदा योग्यमेव जन पदेषु नियुनक्ति, नून बालोऽप्येषोऽबाल हृदयोऽस्ति, तदस्मै कथयिष्याम्यखिल वृत्तान्तम्, पत्र च केषुचिद विषयेषु समर्पयिषामि।"

शृङ्गाटकचत्वरोद्यानगोष्ठमयानि नगराणि च काननी करोति । निरीक्ष्यता कदाचिदिहैव भारते वर्षे यायजूकै राजसूयादियज्ञा व्यायाणिपत, कदाचिदिहैव वपवानातपहिमसहानि तपासि अतापिपत् ।"

ब्रह्मचारि गुरु ने योगिराज से आमनबद्ध योगियो के स्वरूप का जो चित्रण किया है, वह योगपरक है—

"भगवन् ! बद्धसिद्धासनैर्निरुद्धनिश्वासै प्रबोधितकुण्डलिनीकैर्विजितदशेन्द्रियैरनाहतनादतन्तुम् अवलम्ब्याऽऽज्ञाचक्र सस्पृश्य, चन्द्रमण्डल भित्त्वा, तेज' पुञ्जमविगणय्य, सहस्रदलकमलस्यान्त प्रविश्य, परमात्मान साक्षात्कृत्य, तत्रैव रममाणैर्मृत्युञ्जयै रानन्दमात्रस्वरूपैर्ध्यानावस्थितैर्भवादृशैर्न ज्ञायते कालवेग ।"

गौरसिह और द्वारपाल के वार्तालाप से साधुओ और सन्यासियो के सम्मान की भावना की पुष्टि होती है—

"कथमस्मान् सन्यासिनोऽपि कठोर भाषणैस्तिरस्करोषि ?"

शिवराज विजय मे हनुमन्मन्दिर का विशेष वर्णन मिलता है, जिससे देवी-देवी-देवताओ मे हनुमान की पूजा विशेष रूप से प्रचलित होती है । मुसलमानो के अत्याचारो को रोकने, पीडित हिन्दुओ की रक्षा करने तथा हिन्दू और हिन्दु-धर्म की सुरक्षा के लिये सन्यासी वेष मे फैले हुए शिवाजी के गुप्तचर तथा हनुमान् के मन्दिर और उनकी भीषण मूर्ति विशेष साधन थे । हनुमान् जी की एक भीषण मूर्ति का वर्णन करते हुए व्यास जी ने लिखा है—

"ततोऽवलोक्य ता अजेणेष निर्मिता, साकारामिव वीरताम् गदामुद्यम्य दुष्ट-दलदलनार्थमुच्छलन्तीमिव केशरिकिशोरमूर्तिम्, न जाने कथ वा कुतो वा किमिति वा प्रातरन्धकार इव वसन्ते हिम इव, बोधोदयेऽबोध इव ब्रह्म साक्षात्कारे भ्रम इव झटित्यपससार आवयो शोक ।"

मन्दिर के पुजारी और सन्यासी भी शस्त्र-विद्या मे निपुण, बुद्धिमान और राजनीति पारगत होते थे । मन्दिरो, आश्रमो और कुटीरो मे असीम शस्त्रास्त्र गुप्त रखे जाते थे । देवी देवताओ मे अखण्ड विश्वास था । 'हनुमान् जी सब कुछ ठीक कर देंगे' इस प्रकार के आश्वासन के साथ मन्दिराध्यक्ष अतिथियो, असहायो और पीडितो को शरण प्रदान करते थे । मन्दिराध्यक्ष के आतिथ्य का एक उदाहरण द्रष्टव्य है—

"हनुमान् सर्वं साधयिष्यति, मास्मश्चिन्ता सन्तान-वितानैरात्मान दु खादुस्तम् । यथा सरलेनोपायेन कोङ्कणदेश प्राप्स्यस्यथस्तथा प्रभाते निर्देक्ष्यामि । साम्प्रतमित आगम्यताम्, पीयतामिदमेलागोस्तनीकेसरशर्करातम्पर्कसुधाविस्पर्द्धि महिर्षि दुग्धम् ।"

इस प्रकार शिवराज मे वर्णित धार्मिक भावनाओ के अध्ययन से ज्ञात होता है कि अत्याचारो से प्रपीडित हिन्दु समाज विशेप रूप से बलशाली हनुमान की पूजा-शत्रुओ की प्रतिरोध की भावना से करता था और अन्य साधु-सन्यासी भी उसी रूप मे कार्यरत रहते थे । अत तत्कालीन समाज के धार्मिक भावना की प्रबलता थी ।

चरित्र-चित्रण—उपन्यास मे चरित्र-चित्रण का भी विशेष स्थान होता है । काव्य की सफलता अधिकाश रूप में चरित्र-चित्रण पर निर्भर होती है । पडित अम्बिकादत्त व्यास अपने शिवराज विजय मे सभी पात्रो के चरित्राङ्कन मे विशेष सफल हुए हैं । उनके सभी पात्र जीवन्त एव प्रभावी हैं । व्यास जी के चरित्राकन की विशेषता यह रही है कि जिसे जैसा होना चाहिए, उसे वैसा ही वर्णित किया किया है, जबकि बाण ने 'भवितव्य' का बहुत अधिक बढा चढाकर चित्रण है । अत बाण जैसी अस्वाभाविकता व्यास जी के चित्रण मे नही है । इन के सभी पात्रो का चित्रण अत्यन्त स्वाभाविक है ।

आश्रमवासी ब्रह्मचारी गुरु, गौरबटु तथा योगिराज आदि का वर्णन अत्यन्त सरल एव स्पष्ट है । महाराष्ट्र केसरि वीर शिवाजी, रघुवीर सिह तथा अफजल खाँ आदि के चित्रण मे व्यास जी ने अत्यन्त वास्तविकता और स्वाभाविकता का आश्रय लिया है, कही पर भी कृत्रिमता का पुट नही है । जो जैसा था उस का वैसा ही चित्रण किया । यही उनकी विशेपता है ।

वीर शिवाजी स्वधर्म रक्षा के व्रती, राजनीति मे निष्णात तथा भारतीय आदर्शों और सस्कृति के प्रतिनिधि हैं । सनातन धर्म की रक्षा के लिये अपने प्राणो की बाजी लगाने को तैयार रहते थे । उनका शौर्य, पराक्रम एव वीरता अद्भुत थी । उनकी वीरता से शत्रुओ के दिल दहल जाते थे । शिवाजी के आतक-कारी वीरता का वर्णन करते हुए व्यास जी ने लिखा है—

"कथ वा आगत एप शिववीर इति भ्रमेणापि सम्भाव्य अस्य विरोधिपु

केचन मूर्च्छिता निपतन्ति, अन्ये विस्मृतशस्त्रास्त्रा पलायन्ते, इतरे महात्रासा कुञ्चितोदरा विशिथिल वाससो नग्ना भवन्ति, अपरे च शुष्कमुखा दशनेषु तृण सन्धाय साम्रेडम् प्रणिपातपरम्परा रचयन्तो जीवन याचन्ते ।"

शिववीर मे अपने देश के प्रति प्रेम था, गर्व था। उसकी रक्षा के लिये प्राणार्पण से सन्नद्ध रहते थे। इस भावना का अत्यन्त सुन्दर चित्रण व्यास जी ने किया है—

"शिववीर—भारतवर्षीया यूयम्, तत्रापि महोच्चकुल जाता, अस्ति चेद भारतवर्षम् भवति च स्वाभाविक एवानुराग सर्वस्यापि स्वदेशे, पवित्रतमश्च यौष्माकीण सनातनो धर्म, तमेते जाल्मा समूलमुच्छिन्दन्ति, अस्ति च—'प्राणा यान्तु न च धर्म" इत्यार्याणा दृढ सिद्धान्त ।"

दूसरी ओर मुगल शासको की परम्पराओ से घिरा हुआ सेनापति अफजल खॉं का चरित्र अत्यन्त स्वाभाविक तथा सत्य रूप मे चित्रित किया है। अन्य शासको के समान वह भी विलासी, अदूरदर्शी, आत्मश्लाघी तथा सूक्ष्म राजनीतिक कलाबाजियो से अनभिज्ञ है। व्यास जी ने उसके चरित्र को अत्यन्त रोचक ढग से चित्रित किया है। वह मद के वशीभूत हुआ अपनी योजना को गोप्य नही रख पाता और कह उठता है—

"इति कथयति तानरङ्गे, अभिमान-परवश स स्वसहचरान् सम्बोध्य पुनरादिशत् भो-भो योद्धार ! सूर्योदयात् प्रागेव भवन्त पञ्चापि सहस्राणि सादिना दशापि च सहस्राणि पत्तीना सज्जीकृत्य युद्धाय तिष्ठत । गोपीनाथपण्डित-द्वारा-ऽऽहूतोऽस्ति मया शिव वराक । तद् यदि विश्वस्य स समागच्छेत्, ततस्तु बद्ध्वा जीवन्त नेष्याम, अन्यथा तु सदुर्गमेन धूलीकरिष्याम ।'

व्यास जी ने अफजल खॉं के सैनिको की कायरता, भयाकुलता तथा अत्याचारो को भी ऐतिहासिक तथ्यो के अनुकुल काव्यात्मक ढङ्ग से चित्रित किया है—

"वय वलिन, आस्माकीना महती सेना, तथाऽपि न जानीम किमिति कम्पत इव क्षुभ्यतीव च हृदयम् ! 'यवनाना पराजयो भविष्यति अफजलखानो विनङ्क्ष्यति इति न विद्म को जपतीव कर्णे, लिखनीव सम्मुखे, क्षिपतीव चान्त करणे।"

गौरसिंह, शिवाजी के लिये गुप्तचर का कार्य करने वाले, का जैसा उ

प्रशस्य तथा वास्तविक चित्र व्यास जी ने खीचा है, वह वास्तव मे अद्वितीय है। गौरसिंह अच्छा सुभट है, राजनीति मे प्रवीण है, योद्धाओ मे अग्रणी है वेष परिवर्तन मे निपुण है तथा अपने कार्य मे दृढ, अनालस एव सतत सजग है। गौरसिंह वीरता के साथ अपहृत बालिका को यवनो से छीनता हैं, बडी चतुरता से शिववीर के द्वारपाल की परीक्षा करता है तथा अफजल खाँ के शिविर मे जाकर बडी पटुता से उसकी भावी योजना की जानकारी करता है और शिवाजी की प्रशसा भी कर आता है। शिवाजी के दिये गये कार्य का बडी बुद्धिमत्ता से सम्पादन करता है। दो-दो कोस की दूरी पर आश्रमो की स्थापना तथा विविध वेषधारी तपस्वियो के माध्यम से अवरङ्गजेब तथा उसके सेनापति की प्रत्येक गतिविधियो की जानकारी कर लेता है, जिससे उसकी राजनीतिक चेतना का परिचय मिलता है।

अन्य जितने भी उपन्यास के पात्र हैं, उन सभी का चरित्र व्यास जी अपनी प्रातिभ लेखनी से अत्यन्त जीवन रूप मे चित्रित किया है। न कही न्यूनता है, न कही अधिकता, न कही स्वाभाविकता का अभाव है और न कही कृत्रिमता का आधान।

इस प्रकार पडित अम्बिकादत्त व्यास का शिवराज विजय वर्ण्य पात्रो के चरित्राङ्कन तथा विषय वस्तु की दृष्टि से अपनी काव्यात्मक विधा पर खरा उतरता है। और निश्चित रूप से सस्कृत-गद्य-साहित्य मे उसका अपना एक विशिष्ट स्थान हैं, जो किसी अन्य काव्य को नही प्राप्त है। इस ऐतिहासिक उपन्यास की अपनी निजी विशेषतायें हैं जो उसको उत्कृष्टता के शिखर पर पहुँचा देती है। शिवराज विजय भारतीय गौरव, सस्कृत भाषा-वैशिष्टय तथा कवि के उत्कृष्ट कवित्व का प्रतीक है।

———

शिवराज विजय

प्रथमो विराम ·

"विष्णोर्माया भगवती यया सम्मोहितञ्जगत्"

[भागवतम् १०।१।२५]

"हिंस्र स्वपापेन विहिंसित खल साधु समत्वेन भयाद्विमुच्यते"

[भागवतम् १०।७।३१]

हिन्दी अनुवाद वह विष्णु की माया ऐश्वर्यशालिनी है, जिसने सम्पूर्ण जगत् को मोह मे डाल रखा है (भागवत १०।१।२५)

दुष्ट हिंसक अपने पाप से मारा गया और सज्जन समत्वभाव के कारण भय से बच गया। (भागवत १०।७।३१)

सस्कृत-व्याख्या—व्यासोक्ति प्रस्तौति व्यास ब्रह्मण सत्वप्रधाना शक्ति मायेति नाम्नी ऐश्वर्यशालिनी अस्ति। ऐश्वर्यमेव प्रकारान्तरेण मोह, अतएव सा समस्तमपि जगत् सम्मोहयति।

"न कर्तृत्व न कर्माणि लोकस्य पृजति प्रभु" इत्युक्ति दिशा व्यास-वचनम् प्रतिपादयति अम्बिकादत्त ग्रन्थेऽस्मिन् यत्—असाधु हिंसकश्च स्वपापकर्मणा स्वमेव विहन्यते। सज्जन रागद्वेषादि भावनया विरहित सन् स्वकीयेन सत्कर्मणा पापगतभयो भवति सदा। इत्येव निर्दिष्टमुपन्यासेऽस्मिन्।

हिन्दी-व्याख्या—विष्णो=विष्णु की, वेवेष्टिचराचरात्मक प्रपञ्चमिति विष्णु तस्य। भगवान् विष्णुअ खलि चराचर जगत् मे व्याप्त है।
माया=ब्रह्म की शक्ति, सत्व प्रधाना शक्ति माया सम्पूर्ण को मोहित करने वाली है। भगवती=ऐश्वर्यशालिनी, 'भग+मतुप् + ङीप्' (अस्ति अर्थ मे मतुप् प्रत्यय) भग=भग कहते है—'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशस श्रिया। ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णा भगा इतीरणा।' यया=जिस माया के द्वारा। जगत्=ससार, गच्छतीति=जो निरन्तर क्रियाशील या गतिशील है, वह जगत् है। सम्मोहितम्=सम्मोहित है अर्थात् यह सारा ससार ब्रह्म की माया

से सम्मोहित (मोहग्रस्त) है क्योकि माया ऐश्वर्यशालिनी है और ऐश्वर्यमूलक ही मोह है।

हिंस्र = हिंसक। स्वपापेन=अपने पाप से। विहिंसित =मारा जाता है, 'भवति' का अध्याहार कर लेने पर अर्थ विशेष सगत हो जाता है,(विहिंसितो भवति)। खल = दुष्ट । साधु =सज्जन, साध्नोति परकार्यमिति साधु। समत्वेन=समत्व बुद्धि से अर्थात् रागद्वेषादि भावना से विरहित होकर। भयाद्=भय से। विमुच्यते=मुक्त हो जाता है।

टिप्पणी—लेखक ने भागवत की सूक्तियो को उद्धृत किया है। प्रथम मे विष्णु की शक्ति और उसके प्रभाव का वर्णन किया है। यह पूर्णत मगल परक है। द्वितीय मे दुष्ट विनाश और साधु सुरक्षा का निर्देश शिवराज की विजय और यवन शासक के विनाश का सूचक है।

अरुण एष प्रकाश पूर्वस्या भगवतो मारीचिमालिन। एष भगवान् मणिराकाशमण्डलस्य, चक्रवर्ती खेचर-चक्रस्य, कुण्डलमाखण्डलदिश, दीपको ब्रह्माण्डभाण्डस्य, प्रेयान् पुण्डरीकपटलस्य, शोकविमोकः कोक लोकस्य, अवलम्बो रोलम्बकदम्बस्य, सूत्रधार सर्वव्यवहारस्य, इनश्च दिनस्य। अयमेव अहोरात्र जनयति, अयमेव वत्सर द्वादशसु भागेषु विभनक्ति, अयमेव कारण षण्णामृतूनाम्, एष एवाङ्गीकरोति उत्तर दक्षिण चायनम् एनेनैव सम्पादिता युगभेदा, एनेनैव कृता कल्पभेदा, एनमेवाऽऽश्रित्य भवति परमेष्ठिन परार्द्धसङ्ख्या, असावेव चर्कर्तिबर्भर्ति जर्हर्ति च जगत्, वेदा एतस्यैव वन्दिन, गायत्री अमुमेव गायति, ब्रह्म-निष्ठा ब्राह्मण अमुमेवाहरहरुपतिष्ठन्ते धन्य एष कुलमूल श्री रामचन्द्रस्य प्रणम्य एष विश्वेषामिति उदेष्यन्त भास्वन्त प्रणमन् निजपर्णकुटीरात् निश्चक्राम कश्चित् गुरुसेवनपटुर्विप्रबटु।

हिन्दी अनुवाद—पूर्व दिशा मे भगवान् सूर्य का यह लाल (प्रकाश) है। यह भगवान (सूर्य) आकाश मण्डल के मणि, नक्षत्र समूह के चक्रवर्ती (सम्राट्), इन्द्र (पूर्व) की दिशा के कुण्डल, ब्रह्माण्ड रूपी गृह के दीपक, कमल कुल के अत्यन्त प्रेमपात्र, चक्रवाक समुदाय के शोक को दूर करने वाले भ्रमर

समूह के अवलम्ब, सम्पूर्ण व्यवहार के सूत्रधार (प्रवर्तक) और दिन के स्वामी हैं। ये ही दिन-रात के जनक हैं, ये ही वर्ष को बारह भागो मे विभाजित करते हैं, छ ऋतुओ के ये ही कारण है, ये ही उत्तर और दक्षिण अयन (सूर्य मार्ग) को अगीकार करते हैं। इन्होने ही युगभेद (सत्युग, त्रेतायुग, द्वापरयुग तथा कलियुग का भेद) सम्पादित किया है, इन्हीं के द्वारा कल्पभेद (चारो युग के सहस्र क्रम को कल्प कहते हैं) किया गया है, इन्हीं के आश्रय से ब्रह्मा की सबसे बडी और अन्तिम सख्या (पूर्ण) होती है, ये ही ससार का बार-बार सृजन, भरण-पोषण तथा सहार करते हैं, वेद भी इन्हीं की बन्दना करते हैं, गायत्री इन्हीं का गान करती हैं। और ब्रह्मनिष्ठ ब्राह्मण इन्हीं की प्रतिदिन उपासना करते है। ये (भगवान् सूर्य) श्री रामचन्द्र के कुल के मूल (आदि पूर्वज) धन्य है, ये विश्व के प्रणाम करने योग्य है—(इस प्रकार सोचकर) उदित होते हुये भगवान् सूर्य को प्रणाम करता हुआ, (एक कोई गुरुसेवा मे पटु ब्राह्मण बालक अपनी पर्णकुटी से निकला।

सस्कृत-व्याख्या—पूर्वस्या=पूर्व दिशायाम्, भगवत =ऐश्वर्यशीलस्य, मरीचि-मालिन =सहस्त्राशो (सूर्यस्य वा), एप =अयम्, अरुण =रक्तिम, प्रकाश =ज्योति, अस्तीति शेप। एप, भगवान्=सूर्य, आकाशमण्डलस्य= अतरिक्ष लोकस्य, मणि =रत्नम्, खेचर चक्रस्य=नक्षत्र समूहस्य=चक्रवर्ती सम्राट्, आखण्डलदिश =इन्द्रदिश, कुण्डलम्=कर्णाभरणम्, ब्रह्माण्ड भाण्ड-स्य=ब्रह्माण्डस्य सदनस्य, दीपक =प्रकाशक, पुण्डरीकपटलस्य=कमल् कुलस्य, प्रेयान्=अतिशयेनप्रिय कोकलोकस्य=चक्रवाकसमूहस्य, शोक-विमोक =चिन्ताहर, रोलकदम्बस्य=भ्रमरसमूहस्य, अवलम्ब =आश्रय, सर्वव्यवहारस्य=लौकिक सकलव्यवहारस्य, सूत्रधार =प्रवर्तक (अथ च) दिनस्य=दिवसस्य, इन =स्वामी (अस्तीति)। अयमेव=सूर्य एव, अहोरात्रम् =नक्त दिवम्, जनयति=करोति, अयमेव, वत्सरम्=वर्षम्, द्वादशसु, भागेपु=खण्डेपु, विभनक्ति=विभजते, अयमेव, पण्णामृतूना=वसन्तग्रीष्मा-दिपड्टतूनाम्, कारणम्=हेतु, एप एव=सूर्य एव, अङ्गीकरोति=स्वीकरोति, उत्तर दक्षिणम्, च अयनम्=दक्षिणोत्तर स्वमार्गम् एनेनैव= सूर्येणैव, युगभेदा =सत्कृत् त्रेताद्वापरादियुगभेदा, सम्पादिता =कृता,

एनमेव, कल्पभेदा =एकसहस्र महायुगात्मका कालभेदा एनमेव=सूर्यमेव, आश्रित्य=आश्रयम् कृत्वा, परमेष्ठिन॰=विधातु, परार्द्धसख्या=अन्तिमा परार्द्धनाम्ना ख्याता सख्या, (भवति इति शेष), असौ=सूर्य, एव, जगत्=ससारम्, चर्कर्ति=पुन पुन करोति, बर्भर्ति=पुन पुन भरति, जर्हर्ति=पुन पुन हरति च, वेदा, एतस्यैव=सूर्यस्यैव, वन्दिन =स्तुतिपाठका, गायत्री=जप्यमान-महामन्त्र, अमुमेव=सूर्यमेव, गायति=गान करोति, ब्रह्मनिष्ठा=वेदपारगा, ब्राह्मणा मनीषिण, अमुमेव =सूर्यमेव, उपतिष्ठन्ते=ध्यायन्ति, धन्य =महार्ह, एष =सूर्य, (य) श्रीरामचन्द्रस्य, कुलमूल =आदि-पूर्वज, एष॰=सूर्य, विश्वेषाम्=लोकानाम्, प्रणम्य =प्रणामयोग्य, इति (वि चिन्त्य) उदेष्यन्तम्=उदीयमानम्, भास्वन्तम्=सूर्यम्, प्रणमन्=प्रणाम कुर्वन् कश्चित् गुरुसेवनपटु =गुरुसेवने कुशल, विप्रबटु =ब्राह्मण बालक, निजपर्ण कुटीरात्=स्वकीयपत्रोटजात्, निश्चक्राम=निर्जगाम।

हिन्दी-व्याख्या—भगवत॰=भग ऐश्वर्यम् अस्ति अस्य, तस्य। भग+मतुप् (ष० ए० व०)। भग अर्थात् ऐश्वर्य जिसके पास हो। 'मरीचि-मालिन'=मरीचीना मालाऽस्यास्तीति, तस्य। मरीचिमाला+णिनि (ष० ए० व०)। मरीचि अर्थात् किरणो की माला वाला सूर्य। खेचरचक्रस्य=खे आकाशे चरन्तीति खेचरा। सप्तमी विभक्ति का अलुक्, √'चर्+अच्,' खेचर्—आकाश मे चरण (भ्रमण) करने वाले। खेचराणाम् चक्र, तस्य। खेचरचक्रस्य=नक्षत्र समूह का। आखण्डलदिश =आखण्डलस्य दिक्, तस्य (ष० तत्पु०)। आखण्डल=इन्द्र से सम्बन्धित, दिश =दिशा का। ब्रह्माण्ड भाण्डस्य=ब्रह्माण्डमेव भाण्डम्, तस्य। ब्रह्माण्ड रूपी घर का। प्रेयान्=अतिशयेन प्रिय, प्रिय+इयसुन्, अधिक प्रिय। पुण्डरीक पटलस्य=पुण्डरीकाणा पटलस्य, कमलो के समूह का। रोलम्बकदम्बस्य=रोलम्बानाम् कदम्ब, तस्य (ष० तत्पु०), ऐलम्ब=भ्रमर, कदम्ब=समूह। सर्वव्यवहारस्य=ऐहिक और आमुष्मिक सभी प्रकार के कार्यो का। इन =स्वामी या सूर्य, "इन सूर्ये प्रभौ च" इत्यमर। अहोरात्रम्=अहश्च रात्रिश्च अहोरात्रम् (समा० द्वन्द्व, नपु०), रात्रि और दिन। कल्पभेदा =कल्पाना भेदा, कल्पो के भेद,

एकसहस्र युग की काल सीमा को कल्प कहते है। चर्कर्ति='पुन पुन करोति' के अर्थ को सूचित करने के लिये, √कृ+यङ् (लुक्), लट्, प्र० पु०, ए० व० का रूप है। बर्भर्ति=पुन पुन के अर्थ मे, √भृञ्+यङ् (लुक्)+लट् (प्र० पु०, ए० व०), पुन पुन धारण या पोषण करता है। जर्हर्ति=बार बार नष्ट करता है, √हृ+यङ् (लुक्)+लट् (प्र० पु० ए० व०) उपतिष्ठन्ते=उप+√स्था (पूजा करना)+लट् (आत्मने पद)। प्रणम्य=प्रणाम करने योग्य, प्र+√नम्+यत् भास्वन्तम्=सूर्य को, "भास्वद्विवस्वत्सप्ताश्वहरिदश्वोष्णरश्मय" इत्यमर। प्रणमन्=प्रणाम करता हुआ, प्र+√नम्+शतृ। निजपर्ण कुटीरात्=निजस्य पर्णाना कुटीर, तस्मात्, अपनी छोटी कुटी से ह्रस्वकुटी को कुटीर कहते है, कुटी+र, 'कुटी शर्मा शुण्डाभ्योर'। गुरुसेवनपटु=गुरो सेवने पटु गुरु सेवा मे दक्ष। विप्रबटु=ब्राह्मण पुत्र।

टिप्पणी (i) 'अरुण' शब्द से कथा का प्रारम्भ करके उससे मगल सूचित किया गया है—'अकारोवासुदेव'। कथा के प्रारम्भ मे सूर्य के प्रकाश रूप वस्तु निर्देश से मगलाचरण किया गया है।

(ii) 'एष भगवान्' से 'इनश्च दिनस्य' तक माला रूपक अलकार है। वैदर्भी रीति तथा प्रसाद गुण है।

(iii) अयमेव अहोरात्रम् से आगे स्वभावोक्ति अलकार है। काल के सब प्रकार के विभाजन का कारण सूर्य को माना गया है। प्रकाश होने से वही सभी व्यवहारो का प्रवर्तक है। सूर्य को जगत् का उत्पादक, पालक तथा सहारक मानकर उसमे ब्रह्मत्व का आधान किया गया है। बृहदारण्यक आदि मे गायत्री का मुख्य वाच्य ब्रह्म को बताया गया है। इसीलिये यहाँ एव पद 'अमुमेव' का निर्देश किया गया है।

(iv) उदीयमान एव भास्वान् सूर्य को प्रणाम करने योग्य कहकर लेखक ने उदीयमान एव समृद्धिमान् व्यक्ति की पूजार्हता का व्यावहारिक निर्देश किया है।

(v) 'गुरुसेवन पटु' से तत्कालीन 'गुरुशुश्रूषया विद्या' की शिक्षा पद्धति का निर्देश किया गया है।

"अहो ! चिररात्राय सुप्तोऽहम्, स्वप्नजालपरतन्त्रेणैव महान् पुण्यमय समयोऽतिवाहित , सन्ध्योपासन-समयोऽयमस्मद् गुरुचरणानाम्, तत्सपदि अवचिनोमि कुसुमानि" इति चिन्तयम् कदलीदलमेकमाकुञ्च्य, तृणशकलै सन्धाय, पुटक विधाय, पुष्पावचय कर्त्तुमारेभे ।

हिन्दी अनुवाद—'ओह ! मै बहुत देर तक सोता रहा, मैंने निद्रारूपी जाल मे फसकर अत्यन्त पुण्यमय समय बिता दिया, यह हमारे पूज्य गुरु जी के सन्ध्या-वन्दन का समय है इसलिये शीघ्र ही फूल तो तोडता हूँ' (उस विप्रबटु ने इस प्रकार सोचते हुए एक केले के पत्ते को (लेकर) तोडकर (उसे) तिनको से जोडकर पुटक (दोना) बनाकर फूल तोडना प्रारम्भ कर दिया ।

संस्कृत-व्याख्या—'अहो' इति आश्चर्यं खेदे, चिररात्राय=चिर यावत्, स्वप्नजालपरतन्त्रेण=निद्रानायायत्तेन, एव, महान् पुण्यमय•=अति पुण्यप्रद , समय =काल•, अतिवाहित =नाशित , सन्ध्योपासन समय = सन्ध्यावन्दनादि काल , अयम् अस्मद् गुरुचरणानाम्,=मदीय गुरु पादानाम्, तत्=तस्मात्, सपदि=शीघ्रम्, कुसुमानि=पुष्पाणि, अवचिनोमि=सकलयामि' इति=एवम्, चिन्तयन्=विचारयन्, एकम्, कदलीदलम्=रम्भापत्रम्, आकुञ्च्य=आछिद्य, तृणशकलै =तृणाना खण्डै , सन्धाय=समेल्य, पुटकम्=पुष्पावधार्यं पात्रम्, विधाय=सम्पाद्य, पुष्पावचय=पुष्पसग्रहम्, कर्त्तुम् आरेभे=आरभत ।

हिन्दी-व्याख्या— अहो=आश्चर्य युक्त खेद ! नित्यनैमित्तिक कर्मानुष्ठान की वेला समाप्त हो जाने से खेद-व्यक्त कर रहा है। चिररात्राय=अधिक देर तक 'चिराय चिररात्राय चिरस्याश्चिरार्थका' इत्यमर । स्वप्न-जाल-परतन्त्रेण=निद्रारूपी जाल मे फसकर, स्वप्न एव जालम् तस्य परतन्त्रेण (तत्पु०) । पुण्यमय=पुण्य+मयट्, 'ब्राह्मे मुहूर्त्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत्' (मनुस्मृति) । अतिवाहित =व्यतीत कर दिया । गुरुचरणानाम्=गुरु जी का,

पूजार्थक बहुवचन । सपदि=शीघ्र ही । अवचिनोमि=तोडता हू, अव+√चिनु+लट् । चिन्तयन् ='चिन्त+शतृ' (विचार करता हुआ) । आकुञ्च्य = तोडकर, आ+√कुञ्च+ल्यप् । तृणशकलै =तृण के टुकडो से, तृणाना शकलानि तै । सन्धाय=सयोजित करके, सम्+√धा+ल्यप् । पुटकम् दोना । आरेभे=प्रारम्भ किया, आ+√रम्भ+लिट् (तिप्) ।

टिप्पणी—(1) द्विज, ब्रह्मचारी तथा मुनियो आदि को-ब्राह्ममूहुर्त मे उठकर नित्य नैमित्तिक कर्म करना चाहिए । अत वह पुण्यमय समय होता है । अतएव वह ब्रह्मचारी देर तक सोने के कारण खेद व्यक्त कर रहा है ।

(ii) इस वर्णन मे आश्रम जीवन की झलक मिलती है ।

बटुरसौ आकृत्या सुन्दर, वर्णेन गौर, जटाभिर्ब्रह्मचारी, वयसा षोडशवर्षदेशीय., कम्बुकण्ठ, आयतललाट, सुबाहुर्विशाललोचन-श्चाऽऽसीत् ।

हिन्दी अनुवाद—वह बटु (ब्रह्मचारी) सुन्दर आकृति वाला था, गौर वर्ण का था, जटाओ से ब्रह्मचारी प्रतीत होता था, लगभग सोलह वर्ष की अवस्था वाला था, कम्बु (शख) तुल्य कण्ठ वाला विस्तृत मस्तक वाला, सुबाहु (सुन्दर भुजाओ वाला) तथा विशाल नेत्रो वाला था ।

सस्कृत-व्याख्या-असौ=अयम्, बटु =ब्रह्मचारी, आकृत्या=आकारेण, सुन्दर =शोभन, वर्णेन गौर =गौरवर्ण, जटाभि =सटाभि, ब्रह्मचारी, वयसा=अवस्थया, षोडषवर्प देशीय =षोडवर्ष कल्प कम्बुकण्ठ =शखग्रीव, आयत लालट = आयतमस्तक, सुबाहु =सुन्दर भुज, विशाललोचन = विशाल नेत्र च, आसीत् ।

हिन्दी-व्याख्या—आकृत्या=आकृति से, 'प्रकृत्यादिभ्य उपसख्यानम्' से तृतीया विभक्ति । वर्णेन=रग से, यहाँ भी उक्त नियम से तृतीया । जटाभि = जटाओ के द्वारा, यहा 'इत्थभूत लक्षणे' से तृतीया विभक्ति, जटा से ब्रह्मचारी प्रतीत होता है । वयसा=अवस्था से । षोडशवर्षदेशीय =लगभग सोलह वर्ष की अवस्था वाला, षोडशवर्ष+देशीय (प्रत्यय) 'ईषदसमाप्तौ कल्पब्देशीयर' । कम्बुकण्ठ =शख के समान कण्ठ, कम्बुरिवकण्ठो यस्य स

(बहुव्रीहि)। आयतललाट =विस्तृत मस्तक वाला, आयत ललाट यस्य स (ब व्री)। सुबाहु =शोभनौ बाहू यस्य स । विशाललोचन =विशालेलोचने, यस्य स, बडे-बडे नेत्रो वाला।

टिप्पणी—(1) 'कम्बु कण्ठ' मे लुप्तोपमा अलकार है।
(11) ब्रह्मचारी के सुन्दर अवयवो का स्वाभाविक एव उदात्त चित्रण किया गया है। अत उदात्तालकार है।

कदलीदलकुञ्जायितस्य एतत्कुटीरस्य समन्तात् पुष्पवाटिका, पूर्वत परम-पवित्र-पानीय परस्सहस्र-पुण्डरीक-पटल-परिलसित पतत्रि-कुल कूजित पूजित पय पूरित सर आसीत्। दक्षिणतश्चैको निर्झर-झर्झर-ध्वनि-ध्वनित-दिगन्तर फल-पटलाऽऽस्वाद-चपलित-चञ्चुपतङ्गकुलाऽऽक्रमणाधिक विनत-शाख-शाखि-समूह व्याप्त सुन्दरकन्दर पर्वतखण्ड आसीत्।

हिन्दी अनुवाद —केले के पत्तो से घिरे हुए होने के कारण कुञ्ज के समान प्रतीत होने वाले उस कुटीर के चारो ओर पुष्पवाटिका थी, पूर्व मे परम पवित्र जल वाला, सहस्रो (से अधिक) श्वेत कमल-समूह से पूर्ण तथा पक्षिकुल के कूजन से युक्त जल से भरा हुआ तालाब था। दक्षिण दिशा मे झरने की झर-झर ध्वनि से मुखरित दिशाओ वाला, फलो के आस्वाद से चञ्चल चोच वाले पक्षिकुल के आक्रमण से अधिक झुकी हुई शाखाओ वाले वृक्ष-समूह से व्याप्त तथा सुन्दर कन्दराओ (गुफाओ) वाला एक पर्वत खण्ड (पहाडी) था।

संस्कृत-व्याख्या—कदलीदलकुञ्जायितस्य = रम्भादलै कुञ्जीभू-तस्य, एतत् कुटीरस्य = पर्णोटजस्य, समन्तात् = परित, पुष्पवाटिका = प्रसूनोद्यान, पूर्वत = पूर्वस्याम्, परमपवित्रपानीयम् = अतिस्वच्छजलीयम्, परस्सहस्त्र पुण्डरीक पटल परिलसितम् =सहस्त्राधिक सिताम्बुज समूहोपशो-भितम्, पतत्रिकुलकूजितपूजितम् =पक्षिकुल कलरवविराजितम् पय पूरितम् = जलपूर्णम्, सर. =जलाशय., आसीत्। दक्षिणतश्च =दक्षिण दिशि, एक, निर्झर-झर्झर ध्वनि ध्वनितदिगन्तर =निर्झरस्य=प्रवाहस्य, झर्झर इति-ध्वनिना, ध्वनित =मुखरित., दिशामन्तर यस्य स, फलाना पटलस्य= समूहस्य, आस्वादेन=भक्षणेन, चपलिता =चञ्चलिता, चञ्चव मुखभागा.

येपा ते च ते पतगा.=पक्षिण, तेषा, कुलस्य=समूहस्य, आक्रमणेन, अधिकम् =अत्यन्तम्, विनता =नम्रीभूता, शाखा येपा ते च ते शाखिन =वृक्षा, तेपा, समूहेन=पटलेन, व्याप्त =आवृत, सुन्दर कन्दर =शोभन गुह, पर्वतखण्ड =अचलाश, आसीत्।

हिन्दी व्याख्या—**कदलीदलकुञ्जायितस्य**=कदलीना दलं कुञ्जायितस्य कुञ्जमिवभूतस्य (तत्पु०), कदली के दलो से घिरे हुए होने के कारण कुञ्ज के समान प्रतीत होने वाले, 'कुञ्जमिव आचरति' इस अर्थ मे कुञ्ज से क्यड् हुआ हैं— 'कुञ्ज+क्यड्+क्त' 'कत्तु क्यड् सलोपश्च' से 'क्त' प्रत्यय। **एतत्-कुटीरस्य**=इस कुटीर के। **समन्तात्**=चारो ओर। **पूर्वत** = पूर्व की ओर, पूर्व+तस्, पुवद्भाव। **परमपवित्रपानीयम्**=परमपवित्र-ञ्चासौ पानीयम्, परमपवित्र जल वाला। **परस्सहस्त्रपुण्डरीकपटलपरिल-सितम्**=परस्सहस्राणाम् पुण्डरीकाणा पटलेन परित लसितम् (तत्पु०) सहस्रो श्वेतकमल समूह से सुशोभित। **पतत्रिकुलकूजितपूजितम्**=पतत्रि-णाम् कुलस्य कूजितेन पूजितम् (तत्पु०), पक्षियो के कुल के कुजन से युक्त। **पय पूरितम्**=पयसापूरितम्, जल से भरा हुआ। इसके पूर्व के चारो प्रथमान्त पद 'सर' (तालाब) के विशेषण हैं। **दक्षिणत**=दक्षिण की ओर, 'दक्षिण +तस्'। **निर्झर झर्झर ध्वनि ध्वनित दिगन्तर**=निर्झरस्य झर्झर ध्वनिना ध्वनितम् दिशाम् अन्तरम् यस्य स (तत्पु० गर्भ बहुव्री०) 'झर्झर' शब्द जल प्रवाह से जनित ध्वनि का अनुकरण है, झरने की झर्झर ध्वनि से मुखरित दिशाओ वाला। **"फलपटलास्वादचपलितचञ्चुपतग"** इत्यादि=फलाना पटलस्य (समूह के) आस्वादेन चपलिता चञ्चव येषा ते च ते पतगा, तेषा कुलस्य आक्रमणेन अधिक विनता शाखा येपा ते च ते शाखिन, तेषा समूहेन व्याप्त (बहु० गर्भ तत्पु०), फलो के समूह के भक्षण से चचल चचु वाले पक्षिकुल के आक्रमण से अधिक झुकी हुई शाखाओ वाले वृक्षो के समूह से व्याप्त। पतग=पक्षी,'पतगौ पक्षि सूर्यौ च' इत्यमर। चपलित=चपल+ इतच्। विनत=वि+√नम्+क्त। शाखिन ='शाखा+इनि' वृक्ष, 'वृक्षो महीरूह शाखी विटपी पादपस्तरु' (अमरकोष)। **सुन्दर कन्दर**=सुन्दर गुफाओ वाला। **पर्वतखण्ड आसीत्**=पहाडी थी।

टिप्पणी—(1) कुटीर को कदलीदल के कुञ्ज के समान माना गया है—लुप्तोपमालंकार है। अनुप्रास की छटा प्राय प्रत्येक पंक्ति मे आकर्षक है।

(ii) शब्द योजना के अनुसार यहाँ गौडी रीति है।

(iii) प्राकृतिक सुरम्य सुषमा का सुन्दर चित्रण किया गया है।

यावदेष ब्रह्मचारी बटुरलिपुञ्जमुद्धूय कुसुमकोरकानवचिनोति, तावत् तस्यैव सतीर्थ्योऽपरस्तत्समानवया कस्तूरिका-रेणु-रुषित इव श्याम, चन्दनचर्चित-भाल, कर्पूरागुरु-क्षोदच्छुरित-वक्षो-बाहु-दण्ड, सुगन्ध-पटलैरुन्निद्रयन्निव निद्रा-मन्थराणि कोरकनिकुरम्बकान्तराल सुप्तानि मिलिन्द-वृन्दानि झटिति समुपसृत्य निवारयन् गौरबटुमेवमवादीत्—

हिन्दी अनुवाद —जैसे ही वह ब्रह्मचारी बटु भ्रमर समूह को उडाकर फूल की कलियो को तोडने लगा, उसी समय उसी का सहपाठी, समान अवस्था वाला एक दूसरा (ब्रह्मचारी), कस्तूरिका के चूर्ण से सना हुआ (छुरित) सा श्याम वर्ण वाला, चन्दन से लिप्त ललाट वाला तथा कपूर और अगुरु के चूर्ण से व्याप्त (शोभित) वक्षस्थल एव भुजाओ वाला (वह) निद्रा से अलसाये हुए तथा कोरक कदम्बो (कलियो) के अन्तराल मे (अन्दर) सोए हुए भ्रमर समूहो को सुगन्ध की अधिकता से जगाता हुआ सा एकाएक (सहसा) समीप मे आकर उस गौर बटु को (फूल तोडने से) रोकता हुआ इस प्रकार बोला :—

संस्कृत-व्याख्या —यावद्=यदैव, एष., ब्रह्मचारी बटु=पूर्वोक्त गौर-बटु, अलिपुञ्जम्=भ्रमर कुलम्, उद्धूय=निवार्य, कुसुमकोरकान्=प्रसून कलिका अवचिनोति=सकलयति, तावद्=तदा एव, तस्यैव=बटो, एव, सतीर्थ्य =सहाध्यायी, अपर =द्वितीय, समानवया =समावस्थ., कस्तूरिका रेणुरुपित =मृगनाभिरजश्छुरित, इव=उत्प्रेक्षा वाचक, श्याम.=श्याम-

वर्ण, चन्दन चर्चित भाल =गन्धसारलिप्तललाट, कर्पूरस्य=घनसारस्य, अगुरो =सुगन्धद्रव्यविशेषस्य, च क्षोदेन=चूर्णेन, छुरिनम्=व्याप्तम्, वक्षोबाहुदण्डम् =उरोभागभुजद्वयम् यस्य स, सुगन्ध पटलै =सौरभ समूहै निद्राम-थराणि=निद्रालसितानि, कोरकाणा=कलिकाना, निकुरम्बकाणा =वृन्दाना, अन्तराले=मध्ये, सुप्तानि=शयानानि, मिलिन्दवृन्दानि= भ्रमरकुलानि, उन्निद्रयन्निव=जागरयन्निव, झटिति=सपद्येव, समुपसृत्य =समीपे आगत्य, निवारयन्=वर्जयन्, गौरवटुम्=ब्राह्मणबालकम्, अवादीत्=जगाद।

हिन्दी-व्याख्या — **अलिपुञ्जम्**=भ्रमर समूह को। **उद्धूय**=उडाकर, उद्+धूञ्+ल्यप्। **कुसुमकोरकान्**=फूलो की कलियो को, "कलिका कोरक पुमान्' (अमरकोष) रात्रि होने के कारण सुविकसित न होने से ही कलियो को तोड रहा था। **सतीर्थ्यं**=सहपाठी, समाने तीर्थे गुरौ वसति=सतीर्थ्य, 'समान+तीर्थ+यत्' समान को 'स' आदेश 'तीर्थे ये' सूत्र से तथा 'समान-तीर्थेवासी' से 'यत्' प्रत्यय, 'सतीर्थ्यास्त्वेक गुरव' (अ० को०)। **अपर** = दूसरा। **तत्समानवया** =उसकी समान अवस्था वाला, समान वय यस्य स (ब० व्री०)। **कस्तूरिकारेणुरुषित इव**=कस्तूरी की रेणु (बुकनी) से सने हुए के समान, कस्तूरिकाया. रेणुभि रुषित (तत्पु०)। **श्याम** =श्याम वर्ण वाला। **चन्दनचर्चितभाल** =चन्दन के लेप से शोभित ललाट वाला, चन्दनेन चर्चितम् भालम् यस्य स (ब० व्री) **'कर्पूरागुरु दण्ड'**=कपूर और अगर के चूर्ण (बुकनी) से अनुलिप्त वक्षस्थल एव भुजाओ वाला, कर्पूरस्य अगुरोश्च क्षोदेन छुरितम् वक्षो बाहु दण्डम् यस्य स (ब० व्री०)। **सुगन्धपटलै** =सुगन्ध समूह से। **उन्निद्रयन्-इव**=जगाता हुआ सा, 'उद्+√निद्+णिच्+शतृ'। **निद्रामन्थराणि**=निद्रा से मन्थर (अलसाये हुई) निद्रया मन्थराणि (तृ० तत्पु०)। **कोरकनिकुरम्बकान्तराल सुप्तानि** =कलियो के समूह के अन्तराल (गोद) मे सोये हुए, कोरकाणा निकुरम्बकाणाम् अन्तराले सुप्तानि (तत्पु०)। "निकुरम्ब कदम्बकम्" (अ० को०)। **मिलिन्दवृन्दानि** भौरो का समूह, मिलिन्दाना वृन्दानि (तत्पु०) **झटिति**=झटपट। **समुपसृत्य**=पास मे आकर

'सम्+उप+√सृज्+ल्यप्'। निवारयन्=रोकता हुआ, नि+√वृ+णिच्+शतृ'। गौरबटुम्=गौर बालक को। अवादीत्=बोला '√वद्+लुङ्'।

टिप्पणी —(१) 'कस्तूरिका' श्यामः' मे उत्प्रेक्षा अलकार है। इव उत्प्रेक्षा वाचक है।

(२) 'उन्निद्रयन्निव' मे भी 'इव' उत्प्रेक्षा वाचक होने से उत्प्रेक्षा अलकार है।

(३) श्याम बटु के शरीर मे लिप्त चन्दन, कपूर, अगर तथा कस्तूरी के लेप की सुगन्ध को सूघ कर अलसाये हुए भ्रमर उडकर उसके शरीर पर जाने की उत्सुकता से चचल हो गये। अतएव उन्निद्रित होने की सम्भावना अत्यन्त स्वाभाविक है।

"अल भो अलम्! मयैव पूर्वमवचितानि कुसुमानि, त्व तु चिर रात्रावजागरीरिति क्षिप्र नोत्थापित, गुरुचरणा अत्र तडागतटे सन्ध्यामुपासते, सस्थापिता मया निखिला सामग्री तेषा समीपे। या च सप्तवर्षकल्पाम्, यावनत्रासेन नि शब्द रुदतीम् परमसुन्दरीम्, कलित-मानवदेहामिव सरस्वती सान्त्वयन्, मरन्दमधुरा अप पाययन्, कन्दखण्डानि भोजयन्, त्व त्रियामाया यामत्रयमनैषी, सेयमधुना स्वपिति, उद्बुद्धय च पुनस्तथैव रोदिष्यति, तत्परिमार्गणीयान्येतस्याः पितरौ गृह च—"

इति सश्रुत्य उष्ण नि श्वस्य यावत् सोऽपि किञ्चिद्वक्तुमियेष तावदकस्मात् पर्वतशिखरे निपतात उभयोर्दृष्टि।

हिन्दी अनुवाद —"बस, भाई बस! पहले ही मैंने फूल तोड लिये हैं, तुम देर तक रात्रि मे जगते रहे, इसलिये शीघ्र ही तुम्हे नहीं जगाया, (इस समय) गुरु जी यहाँ तालाब के किनारे सन्ध्योपासन कर रहे हैं, मैंने सभी (पूजन) सामग्री उनके पास रख दी है। और जिस, लगभग सात वर्ष वाली, यवनो (मुसलमानो) के भय से नि शब्द रोती हुई, परम सुन्दरी तथा मानव-शरीर धारण करने वाली सरस्वती के समान कन्या को सान्त्वना प्रदान करते हुए, पुष्प रस से मीठे जल को पिलाते हुए तथा कन्द-खण्डों को खिलाते हुए,

रात्रि के तीन पहर व्यतीत कर दिये थे, वह (कन्या) इस समय सो रही है, उठकर पुन वैसे ही रोयेगी, अत उसके माता-पिता और घर का पता लगाना चाहिए।" यह सुनकर, गर्म सास लेकर जब तक उस (गौर बटु) ने भी कुछ कहना चाहा, तभी अचानक उन दोनों की दृष्टि पर्वत शिखर पर पडी।

सस्कृत व्याख्या —अल भो अलम्=अलमिति पर्याप्ते तथा भो इति सम्बोधने, मया=श्यामबटुना, एव, पूर्वम्=आदौ, कुसुमानि=पुष्पाणि, अवचितानि=सकलितानि, त्व तु=गौरबटुस्तु, चिर=चिरकालम् यावत्, रात्रौ=निशाया, अजागरी =न अशयिष्ठा, इति=अस्माद्धेतो, क्षिप्र=शीघ्रम् न, उत्थासि = जाग्रन्, गुरुचरणा = गुरुवर्य, अत्र = इह, तडागतटे = सरस्तीरे, सन्ध्याम्=प्राप्तस्पूजनम्, उपासते=सम्पादयन्ति, सस्थापिता=निक्षिप्ता मया=श्यामबटुना, निखिला=समग्रा, सामग्री=पूजनोपकरणम्, तेषाम्=गुरूणाम्, समीपे—पार्श्वे। या=या कन्याम्, च, सप्तवर्षकल्पाम्=सप्तवर्ष-देशीयाम्, यावनत्रासेन= यवनभयेन, नि शब्दम् = शब्दमकुर्वाणा, रुदतीम् = विलपन्तीम्, परमसुन्दरीम् = अनिन्द्य-सुन्दरीम्, कलित मानव देहाम्=कलित, धारित = मानवस्य, मनुष्यस्य, देह, शरीरम् यया सा, ताम्, इव सरस्वतीम्=वीणापाणिम्, सान्त्वयन्=आश्वासयन्, मरन्दमधुरा=पुष्परसेन मिष्ठा, अप =जलानि, पाययन्=पातुं प्रददन्, कन्दखण्डानि=ऋषीणाम् खाद्यविशेषाणा भागान्, भोजयन्=खादयन्, त्व=गौरबटु, त्रियामाया =निशाया, यामत्रयम्=प्रहरत्रयम्, अनैषी =अयापयथी, मेयम्=सा बालिका, अधुना=इदानीम्, स्वपिति=शेते, उद्बुद्ध्य=उन्निद्र्य, पुनस्तथैव=भूयोपूर्ववत्, रोदिष्यति=विलपिष्यति, तत्=तस्मात्, तस्या =बालिकाया, पितरौ=जननी जनकौ, गृह च=सद्म च, परिमार्गणीयानि=अन्वेष्टव्यानि-इति=एवम सश्रुत्य=निशम्य, उष्ण नि श्वस्य=अशीतमुच्छ्वस्य, यावत् - यदैव, सोऽपि=गौरबटुरपि, किञ्चिद्, वक्तुम्=कथयितुम्, इयेष=इच्छति स्म, तावद्=तदैव, अकस्मात् =सहसा, पर्वत शिखरे=पर्वत शृगे, उभयो =गौरबटुश्यामबट्वो, दृष्टि, निपपात=अपतत्।

हिन्दी-व्याख्या—अल भो अलम् = अलम् पर्याप्त हो गया है, बस करो, भो=सम्बोधन सूचक पद हे। अवचितानि=तोड लिये गये है, अव+√चि +क्त (न पु० प्र० व०)। चिरम्=देर तक, अव्यय पद। रात्री-अजागरी· =रात्रि मे-जागते रहे, √'जागृ+लुड् (म० पु०, ए०व०)। क्षिप्रम्=शीघ्र। न उत्थापित.=नही उठाये गये, 'उत्+√स्था+पुक्+णिच्+क्त'। गुरुचरणा=गुरु जी (आदर के लिये व० व०)। तडागतटे=तालाव के किनारे, तडागस्य तटे (तत्पु०)। सन्ध्याम्=नित्यकृत्य पूजन। उपासते= उपासना कर रहे है, उप+√आस्+लट् (२), आत्मने पद। सस्थापिता= रख दिया है, सम्+स्था+णिच्+पुक्+क्त (स्त्री लि०)। निखिला=) स.पूर्ण। सामग्री=पूजा की सामग्री। सप्तवर्षकल्पाम्=लगभग सात वर्ष अवस्था वाली, 'सप्तवर्ष+कल्पप्' यहा 'ईषद् असमाप्ति' (कुछ कमी) के अर्थ मे 'ईषदसमाप्तौ कल्पब्देश्यदेशीयर' से 'कल्पप्' प्रत्यय हुआ है। यावनत्रासेन— यवन के भय के कारण, 'यवनेभ्य आगत' अथवा 'यवनानाम् अयम्' इस अर्थ मे यवन से अण् होकर 'यावन' बनता है-'यावनश्चासौत्रास तेन' यावनत्रासेन, सस्कृत साहित्य मे यवन और जवन दोनो शब्द मिलते है। विवेचन के आधार श्री पञ्चानन तर्क रत्न भट्टाचार्य ने जवन शब्द को ही उचित माना है। निःशब्दम्=बिना शब्द किये हुए, भय के कारण रोने मे शब्द नही कर रही थी, 'निर्गत शब्द यथा, तथा नि शब्दम्'। रुदतीम्=रोती हुई को, √रुद शतृ+डीप् (स्त्री द्वि० ए०व०)। कलितमानवदेहाम्=कलित मानव देह या सा, ताम् (वहु०) मानव शरीर को धारण करने वाली। सान्त्वयन्= ढास बधाते हुए। मरन्द मधुरा=पुष्प रस के मिश्रण से मधुर, 'मरन्द' क प्रयोग पण्डितराज ने किया है-"अपि दलदरविन्द! स्यन्द मानम् मरन्दम् तव किमपि लिहन्तो मञ्जु गुञ्जन्तु भृङ्गा" 'मरम् द्यति इति मरन्द' अर्थात भ्रमर के मरण को नष्ट वाला 'मरन्द' होता है। मरन्द भ्रमर का जीवन होता है। अप =जल। पाययन्=पिलाता हुआ, √'पा+णिच्+शतृ' कन्दखण्डानि=कन्द के खण्डो को कन्द ऋषियो का एक विशेष प्रका का भोजन है। पृथ्वी के भीतर होने वाली जड के रूप मे होता 'कन्दमस्त्री, मूलमस्त्रम्' (वैजयन्ती)। भोजयन्=खिलाते हुए, √'भुज+

णिच् + शतृ' । त्रियामाया =रात्रि के, यह योगरूढ शब्द है, 'रात्रि स्त्रियामा क्षणदा क्षपेत्यमर ।' यामत्रयम्=तीन पहर (तीन घण्टे का एक पहर होता है।) अनैषी =बिता दिया था, √नी+लुङ् (म० पु०, ए० व०)। स्वपिति=सो रही है। उदबुद्धय=जगकर, 'उद्+√बुध+ल्यप्,'। रोदिष्यति=रोयेगी । परिमार्गणीयानि=खोजना चाहिए, परि+√मृज्+अनीयर (ब व)। एतस्या =इसके। पितरौ=माता पिता को, माता च पिता च (एकशेष द्वन्द)। सश्रुत्य=सुनकर, सम्+श्रू+ल्यप् । नि श्वस्य =श्वास लेकर, नि +, श्वस्+ल्यप्। वक्तुम्=कहने के लिये, √'वच्+तुमुन, इयेष=इच्छा की,√इष्+लिट्(तिप्) । पर्वतशिखरे=पर्वत की चोटी पर, पर्वतस्य शिखरे (तत्पु०) । दृष्टि=दृष्टि, 'दृश+क्तिनि'। निपपात=पडी 'नि+पत् +लिट् (तिप्)'।

टिप्पणी—(1) 'कलित मानव देहामिव' सरस्वतीम्' यहाँ मानव के रूप मे अवतीर्ण हुई सरस्वती के समान मे 'इव' उत्प्रेक्षा अलकार है।

(11) यावन त्रास से त्रस्य सप्तवर्ष देशीय के वर्णन से यवनो की क्रूरता और अत्याचार का निर्देश किया गया है। और उस कन्या की दुखद स्थिति का मार्मिक चित्रण किया गया है।

तस्मिन् पर्वते आसीदेको महान्कन्दर । तस्मिन्नेव महामुनिरेक समाधौ तिष्ठति स्म। कदा स समाधिमङ्गीकृतवानिति कोऽपि न वेत्ति। ग्रामणी-ग्रामीण-ग्रामा समागत्य मध्ये मध्ये त पूजयन्ति प्रणमन्ति स्तुवन्ति च। त केचित् कपिल इति, अपरे लोमश इति, इतरे जैगीषव्य इति, अन्ये च मार्कण्डेय इति, विश्वसन्ति स्म। स एवायमधुना शिखरादवतरन् ब्रह्मचारि बटुभ्यामदर्शि।

हिन्दी-अनुवाद—उस पर्वत पर एक बहुत बडी गुफा थी उसी मे एक महामुनि समाधि मे स्थित थे। इन्होने कब समाधि लगाई, यह कोई नहीं जानता गाव के प्रधान तथा गावो के लोग बीच-बीच (कभी-कभी) वहाँ आकर उनका पूजन, प्रणाम और स्तवन किया करते थे। उनको कोई कपिल, कोई लोमश,

कोई जैगीषव्य और कोई मार्कंडेय समझता था। वही इस समय (पर्वत) शिखर से उतरते हुए (उन) दो ब्रह्मचारी बालकों के द्वारा देखे गये।

संस्कृत-व्याख्या—तस्मिन्=पूर्वोक्ते, पर्वते=अचलशिखरे, आसीत्, एक' महान्कन्दर=विशालगुहा, तस्मिन् एव, एक महामुनि=एक. महर्षि, समाधौ=चित्तवृतिनिरोधात्मके योगे, तिष्ठति स्म=स्थितः आसीत्, कदा=अज्ञात काले, स मुनि समाधिम्=योगम् अगीकृतवान्=धारयामास, इति, कोऽपि=कश्चिदपि, न वेत्ति=न जानाति, ग्रामणीग्रामीणग्रामा'=ग्रामाधिपग्रामवासिना समूहा, समागत्य,=समेत्य मध्ये मध्ये=अन्तरेऽन्तरे, तम्=योगिराजम् पूजयन्ति=पूजाकुर्वन्ति, प्रणमन्ति=नमन्ति, स्तुवन्ति=स्तुति कुर्वन्ति, त केचित्, कपिल इति अपरेलोमश इति, इतरे जैगीषव्य इति, अन्ये च मार्कण्डेय इति=इत्यादीनि विविधनामानि योगिराजस्य, विश्वसन्ति स्म=विश्वास कुर्वन्ति स्म। स एव=योगिराज एव, अयम्=एष अधुना इदानीम्, शिखरात्=पर्वत शृ खलाया, अवतरन्=अवरोहन्, ब्रह्मचारिवटुभ्याम्=आश्रमवासिशिष्याभ्याम्, आदर्शि=दृष्ट।

हिन्दी-व्याख्या—महान् कन्दर=पर्वत की बडी गुफा। समाधौ=चित्त की एकाग्रता की स्थति मे तिष्ठति स्म=बैठे थे। 'स्म' के योग से धातु का भूतकालिक अर्थ हो जाता है। अङ्गीकृतवान्=अङ्गीकार किया था। वेत्ति=जानता है। ग्रामणीग्रामीण ग्रामा=गाव के प्रधान तथा गाव के निवासियो का समूह, ग्रामण्यश्च ग्रामीणाश्च तेषा ग्रामा। समागत्य=आकर 'सम्+आ+गम्+ल्यप्'। पूजन्ति=पूजा करते हैं। प्रणमन्ति=प्रणाम करते हैं, 'प्र+नम्+लट् (झि)'। स्तुवन्ति=स्तुति करते है, 'स्तुञ्+लट् (झि)।' कपिल, लोमश, जैगीषव्य तथा मार्कण्डेय आदि पदो से 'इति' निपातन से अभिहित होने के कारण द्वितीया विभक्ति नही हुई है। विश्वसन्ति स्म=विश्वास करते थे, लट् लकार के 'स्म' लगा देने से भूतकाल की क्रिया हो जाती है। अवतरन्=उतरते हुये, अव+√तृ+शतृ। आदर्शि=देखे गये, दृश्+लुङ् (त) आत्मनेपद, (भावकर्म का रूप)

टिप्पणी—(1) 'समाधि' एक यौगिक साधना है जिसमे चित्तवृत्तियो के निरोध के लिए ध्यान लगाया जाता है।

(ii) 'ग्रामणी·· ग्रामा.' मे अनुप्रास अलकार है। एक ही मुनि का अनेक रूपो मे उल्लेख करने से उल्लेखालङ्कार है।

(iii) शान्त रस का वर्णन किया गया है।

"अहो ! प्रबुद्धोमुनि. ! प्रबुद्धोमुनि ! इत एवागच्छति, इत एवागच्छति, सत्कार्योऽयम, सत्कार्योऽयम्" इति तौ सम्भ्रान्तौ बभूवतु. ।

अथ समापित सन्ध्यावन्दनादिक्रिये समायाते गुरौ, तदाज्ञया नित्य-नियम-सम्पादनाय प्रयाते गौरवटौ, छात्रगण-सहकारेण प्रस्तुतासु च स्वागत सामग्रीषु 'इत आगम्यताम् सनाथ्यतामेष आश्रम' इति सप्रणाममभि-गम्य वदत्सु निखिलेषु, योगिराज आगत्य तन्निर्दिष्ट काष्ठपीठ भास्वानि-वोदयगिरिमारुरोह उपाविशच्च ।

हिन्दी अनुवाद—'अहो ! मुनि जग गये ! मुनि जग गये ! इधर ही आ रहे हैं, इधर ही आ रहे हैं, ये सत्कार्य हैं, ये सत्कार्य है' इस प्रकार (कहते हुए) वे दोनों बटु सम्भ्रान्त (भाव व्याकुल) हो गये।

इसके बाद सन्ध्यावन्दनादि क्रिया समाप्त करके गुरु के आ जाने पर, उनकी आज्ञा से नित्यनियम सम्पादित करने के लिए गौरबटु के चले जाने पर, छात्रगण की सहायता से स्वागत सामग्री के प्रस्तुत हो जाने पर तथा प्रणाम पूर्वक सभी लोगो के 'इधर आइये, इस आश्रम को सनाथ कीजिये' इस प्रकार कहने पर (वे पर्वत से उतरने वाले) योगिराज आकर मुनि के द्वारा निर्दिष्ट काष्ठासन पर उदयाचल पर सूर्य के समान, चढकर बैठ गये।

संस्कृत-व्याख्या—"अहो=इति साश्चर्यखेदे, प्रबुद्ध =जागृत , मुनि= ऋषि , इत एव=आश्रमाभिमुखमेव आगच्छति - आयाति, सत्कार्योऽयम् = सत्कारयोग्योऽय महर्षि ' इति=एवम, सम्भ्रान्तौ = क्षुभितौ बभूवतु = जातौ ।

अथ=तदनन्तरम्, समापित सन्ध्या समापिता=सम्पादिता, सन्ध्या-वन्दनादय = सन्ध्यावन्दनदेवगुरुपितृपूजनमन्त्रजपादय , क्रिया कर्माणि= येन स —तस्मिन्, समायाते = आगते, गुरौ = मुनौ, तदाज्ञया = मुनेराज्ञया, नित्य नियम सम्पादनाय=स्नानपूजन सन्ध्यावन्दनादि कर्म-कर्तुम्, गौरवटौ = गौराङ्गबालके, छात्रगण सहकारेण=शिष्यवृन्द साहाय्येन,

प्रस्तुतासु=उपस्थितासु, च, स्वागतसामग्रीषु=उपचारद्रव्येषु, "इत=अत्र, आगम्यताम्=आयातु, सनाथ्यताम=समलक्रियताम्, एष=अयम्, आश्रम=तपस्विना स्थानम्" इति=एवम्, सप्रणामम्=प्रणामपूर्वकम् अभिगम्य=आगत्य, वदत्सु=कथयत्सु, निखिलेषु=उपस्थितेपु सर्वेषु, योगिराज=महामुनि, आगत्य=एत्य, तन्निर्दिष्ट काष्ठपीठम्=मुनिसकेतितकाष्ठासन, भास्वान् इव=सूर्य इव, उदयगिरिम्=उदयाचलम्, आरुरोह=अधिशिश्रिये, उपाविशत् च=आसिवान् च ।

हिन्दी-व्याख्या—अहो=आश्चर्य और प्रसन्नता का सूचक है। प्रबुद्ध=जग गये, 'प्र+√बुध+क्त'। इत एव=इधर को ही। सत्कार्य=सत्कार के योग्य। 'प्रबुद्ध' सत्कार्योऽयम्' मे वाक्य की द्विरावृत्ति प्रसन्नता के कारण हुई है। सम्भ्रान्तौ=हर्ष से व्याकुल हुये, कन्दरा मे बहुत दिन तक समाधिस्थ रहने के बाद मुनि बाहर आये है, अत दोनो बटु हर्षोद्रेक से व्याकुल हो गये।

अथ=तदनन्तर। समापितसन्ध्यावन्दनादिक्रिये=सन्ध्यावन्दनादि क्रिया को समाप्त कर चुके हुए, समापिता सध्यावन्दनादिक्रिया येन स तस्मिन् (ब० व्री०)। समायाते=आने पर, 'सम्+आ+√पा+क्त' (सप्त० ए० व०।) गुरौ=मुनि के। तदाज्ञया=मुनि की आज्ञा से, तस्य आज्ञया (तत्पु०)। नित्यनियम सम्पादनाय=स्नान सन्ध्यापूजन आदि नित्य कर्म करने के लिये। प्रयाते=चले जाने पर, प्र+√या+क्त (स० ए० व०)। गौरबटौ=गौरबटु के, 'यस्यभावेन भावलक्षणम्' से सप्तमी विभक्ति। छात्रगणसहकारेण=छात्रो के सहयोग से, छात्राणागण, तस्य सहकार तेन (तत्पु०)। प्रस्तुतासु=प्रस्तुत हो जाने पर। स्वागत-सामग्रीषु=स्वागत सामग्री के (उक्त नियम' से सप्तमी)। आगम्यताम्=आइये (भावकर्म, आत्मनेपद)। सनाथ्यताम्=अलकृत कीजिये, (पूर्वोक्त क्रिया)। इति=इस प्रकार। सप्रणामम्=प्रणाम पूर्वक। अभिगम्य=आकर, 'अभि+√गम्+ल्यप्'। वदत्सु=कहने पर, √'वद+शतृ (+स० ब० व०)'। निखिलेषु=सभी लोगो के (उक्त नियम से सप्तमी)। योगिराज=महामुनि, योग अस्ति अस्मिन् इति योगी, तेषा राजा, इति योगिराज 'राजाह सखिभ्यष्टच्' से 'टच्'। तन्निर्दिष्ट काष्ठपीठम्=मुनि के सकेतित चौकी पर, तेन निर्दिष्टम् काष्ठपीठम् (तत्पु०)। भास्वान् इव=सूर्य के समान। उदयगिरिम्=उदयाचल पर, जिस पर प्रात काल सूर्य

उदित होते हैं। आरुरोह=चढ़ गये, आ+√रुह्+लिट् (तिप्)। उपाविशत उप+आ+√विश+लङ्।

टिप्पणी—(i) बहुत काल की समाधि के बाद योगिराज के उठने पर आश्रमवासियों में प्रसन्नता की लहर छा गई।

(ii) चौकी पर बैठने वाले मुनि की उपमा उदयगिरि उदित होने वाले सूर्य से दी गई है, अत उपमा अलकार है।

तस्मिन् पूज्यमाने, "योगिराडुत्थित इति आयात, इति च" आकर्ण्य कर्णपरम्परया बहवो जना॰ परित स्थिता । सुघटित शरीरम्, सान्द्रा जटाम्, विशालान्यगानि, अङ्गारप्रतिमे नयने, मधुरा गम्भीराञ्च वाच वर्णयन्तश्चकिता इव सञ्जाता ।

हिन्दी अनुवाद—उनके (योगिराज के) पूजन के समय ही "योगिराज (समाधि से) उठ गये है और यहा आये हुए हैं" (यह समाचार) कर्णपरम्परा से (एक दूसरे से) सुनकर चारों ओर बहुत से लोग स्थित (जमा) हो गये। (उनके) सुघटित शरीर, घनी जटा, विशाल अगो, अगार के सदृश (तेजस्वी) नेत्र तथा मधुर और गम्भीर वाणी का वर्णन करते हुए (लोग) चकित से हो गये।

सस्कृत-व्याख्या—तस्मिन्=योगिराजि, पूज्यमाने=अर्च्यमाणे, 'योगिराड=महामुनि, उत्थित=अवबुद्ध, इति=एवम्, आयात इति च=अत्रागत इति च" आकर्ण्य=श्रुत्वा, कर्णपरम्परया=श्रुतिपरम्परया, बहवो जना=अनेके नरा, परित=समन्तात्, स्थिता=समुस्थिता । सुघटितम्=यथावस्थित शोभनावयवसस्थानम्, सान्द्रा=घनाम्, जटाम्=जटाम्, विशालान्यङ्गानि=नातिस्वह्लास्वावयवान्, अङ्गारप्रतिमेनेत्रे=स्फुलिङ्गसदृशे नयने, मधुरा=मृद्वीम् गम्भीराम्=ओजस्वनीम्, च, वाणी=वचनम्, वर्णयन्त=प्रशसयन्त, चकिता=आश्चर्यान्विता, इव, सञ्जाता=बभूवु ।

हिन्दी-व्याख्या—पूज्यमाने=पूजा के समय ही, 'पूज्+य+शानच्'। योगिराड्=महामुनि। उत्थित=उठ गये हैं, 'उत्+स्था+क्त'। आयात=आये हुये है। आकर्ण्य=सुनकर। कर्णपरम्परया=क्रमश एक दूसरे से। बहव=बहुत अधिक। परित=चारो ओर, स्थिता=एकत्र हो गये। सुघटितम्=सुगठित, यथास्थितिशोभन अवयवो वाला। सान्द्राम्=घनी। जटा=बालो को। विशालान्यगानि—विशाल अगो को। अगारप्रतिमे=अगार के समान। नयने=नेत्रो को। वर्णयन्त=प्रशसा करते हुए। चकिता इव—आश्चर्यचकित से। सञ्जाता॰=हो गये।

टिप्पणी—(i) अगार के प्रतिम, (समान) नेत्र थे, यहाँ प्रतिम शब्द उपमावाची है, अत उपमा अलकार है ।

(ii) 'चकिता इव' चकित से हो गये । यहा इव शब्द उत्प्रेक्षावाची है। अत उत्प्रेक्षा अलकार है।

अथ योगिराज सम्पूज्य यावदीहित किमपि आलपितुम्, तावत् कुटीरात् अश्रूयत तस्या एव बालिकाया सकरुण-रोदनम् ।

तत "किमिति ? कुत इति ? केयमिति ? कथमिति ?' पृच्छा परवशे योगिराजे ब्रह्मचारिगुरूणा बालिका सान्त्वयितु श्यामबटुमादिश्य कथितम्—

हिन्दी अनुवाद—तदनन्तर योगिराज की सम्यक् पूजा करके जैसे ही (ब्रह्मचारी के गुरू ने) कुछ कहने की इच्छा की वैसे ही कुटी से उस बालिका का करुण क्रन्दन सुनाई पडा। तब योगिराज के "यह क्या है ? कहा से (आई है ?) यह कौन है ? यह कैसे (आई) ?" यह पूछने पर ब्रह्मचारी के गुरू ने श्यामबटु को बालिका को शान्त कराने के लिये आदेश देकर कहना आरम्भ किया—

सस्कृत-व्याख्या—अथ = तत, योगिराजम् = महामुनिम, सम्पूज्य = पूजा कृत्वा, यावत् = यदैव किमपि = किञ्चित्, आलपितुम = कथयितुम्, ईहीतम् = चेष्टितम्, तावद = तदैव, कुटीरात् = उटजात्, तस्या एव बालिकाया = पूर्वोक्ताया कन्याया, सकरुणरोदनम् = करुणक्रन्दनम्, अश्रूयत = आकर्णयत । तत = तदनन्तरम् किमिति = किमिदम्, कुत इति = कुत्रत्य इति, केयमिति = कास्ति एषा, कथमिति = कथमायातेति, पृच्छा परवशे = प्रश्नपरतन्त्रे, योगिराजे महामुनौ, ब्रह्मचारिगुरुणा = आश्रमवासि मुनिना, बालिका = कन्यकाम्, सान्त्वयितुम् = शान्त कर्तुं, श्यामबटुम् = श्यामब्रह्मचारिणम् आदिश्य = आदेश दत्वा, कथितम् = उक्तम् ।

हिन्दी-व्याख्या—सम्पूज्य = पूजा करके, सम् + √पूज् + ल्यप् । ईहितम् = इच्छा किया, 'ईह + इ + क्त' । किमपि = कुछ । आलपितुम् = कहने के लिये, 'आ + √लप् + तुम्' । कुटीरात् = कुटी से । अश्रूयत = सुनाई पडा । सकरुणरोदनम् = करुणाया सहितम् यद् रोदनम्, तत, करुणक्रन्दन । तत = उसके बाद । पृच्छापरवशे = पूछने की इच्छा से परवश होने पर, पृच्छया परवश, तस्मिन् । योगिराजे = योगिराज के । ब्रह्मचारिगुरुणा = ब्रह्मचारी के गुरु के द्वारा, ब्रह्मचारिण' गुरू, तेज (तत्पु०) । सान्त्वयितु = शान्त करने के

लिये। आदिश्य=आदेश देकर, आ+√'दिश+ल्यप्'। कथितम्=कहा, √'कथ्+इ+क्त'।

भगवन्! श्रूयताम् यदि कुतूहलम्। ह्य सम्पादित-सायन्तनकृत्ये, अत्रैव कुशास्तरणमधितिष्ठिते मयि, परित समासीनेषु छात्रवर्गेषु, धीरसमीर स्पर्शेन मन्दमन्दमान्दोल्यमानासु व्रततिषु, समुदिते यामिनी-कामिनी चन्दनबिन्दौ इव इन्दौ, कौमुदी कपटेन सुधाधारामिव वर्षति गगने, अस्मन्नीतिवार्ता शुश्रूषुषु इव मौनमाकलयत्सु पतग कुलेषु, कैरव विकाश हर्षप्रकाश मुखरेषु चञ्चरीकेषु, अस्पष्टाक्षरम्, कम्पमान नि श्वासम्, श्लथत्कण्ठम्, घर्घरितस्वनम्, चीत्कारमात्रम्, दीनतामयम्, अत्यवधानश्रव्यत्वादनुमितदविष्ठतम् क्रन्दनमश्रौषम्।

हिन्दी अनुवाद—भगवन्! यदि (आपको इसका वृत्तान्त जानने की) उत्कठा है (तो) सुनिये। कल सायकालीन कृत्य सम्पादित करके मै यहीं कुशासन पर बैठा हुआ था, चारों ओर छात्रगण बैठे हुये थे, मन्द-मन्द वायु के स्पर्श से लताएँ धीरे-धीरे हिल रही थीं, निशा नायिका के चन्दन बिन्दु के समान चन्द्रमा (सोभित हो रहा था), चन्द्रिका (चादनी) के ब्याज से आकाश अमृत की धारा सी बरसा रहा था, मानो, हम लोगों की नीतिवार्ता को सुनने के लिये पक्षिकुलो ने मौन धारण कर लिये थे, कुमुदों के खिलने से हर्षातिरेक से भ्रमर गुञ्जार कर रहे थे, (उसी समय) अस्पष्ट अक्षरो वाला, प्रकम्पित नि श्वास वाला, रुधे हुए कठ वाला, घर्घर ध्वनि वाला, चीत्कार तथा दीनता से पूर्ण, बहुत ध्यान देने से सुनाई पड़ने के कारण जिसके बहुत दूर होने का अनुमान था, (ऐसा) करुण क्रन्दन मैंने सुना।

सस्कृत-व्याख्या—भगवन्! महर्षे!, यदि=चेत, कुतूहलम=कौतुकम्, (तर्हि) श्रूयताम् = आकर्ण्यताम्। ह्य=गतदिने, सम्पादितसायन्तकृत्ये= = कृत सायकालिककार्ये, अत्रैव = इहैव, कुशास्तरणम् = दर्भासनम्, अधितिष्ठिते=स्थिते, मयि=मुनौ, परित =समन्तात्, समासीनेषु=तिष्ठत्सु, छात्रवर्गेषु=शिष्यगणेषु, धीरसमीर स्पर्शेन = मन्दगतिवायुस्पर्शेन, मन्दम्-मन्दम्=शनैः शनै, व्रततिषु=लतासु, आन्दोल्यमानासु=सञ्चाल्यमानासु, समुदिते=उदय प्राप्ते, यामिनी = निशीथिनी, एव कामिनी = कान्ता, तस्याचन्दनबिन्दौ=ललाट तिलके, इव, इन्दौ=चन्द्रमसि, कौमुदी कपटेन=

चन्द्रिकाछलेन, सुधारमिव = अमृतस्यन्द इव, वर्षति = वृष्टि कुर्वति, गगने = आकाशे, अस्मन्नीतिवार्ता = अस्मन्नीतिमन्त्रणाम् शुश्रूषुप. = श्रोतुमिच्छु, इव, मौनम् = तूष्णीम्, आकलयत्सु = धारयत्सु, पतगकुलेषु = पक्षिसमूहेषु, कैरवविकासहर्षप्रकाशमुखरेषु = कैरवाणा = कुमुदाना, विकासेन = प्रफुल्लेन य. हर्षप्रकाश = प्रमोदाभिव्यक्ति, तेन मुखरेषु शब्दायमानेषु चञ्चरीकेषु = भ्रमरेषु, अस्पष्टाक्षरम् = अव्यक्तवर्णम्, कम्पमान नि श्वासम् = सोत्कम्पोच्छ्वासम्, श्लथत्कण्ठम् = स्तम्भितकण्ठम्, घर्घरितस्वनम् = घर्घरिति ध्वनि युक्तम्, चीत्कारमात्रम् = चीत्कारमयम्, दीनतामयम् = कातरतामयम्, अत्यवधानेन विशेषध्यानेन = श्रव्यत्वात् श्रोतव्यत्वात्, अनुमितदविष्ठत = विज्ञातातिदूरतम्, क्रन्दनम् = रोदनम, अश्रौषम् = अकर्णयम् ।

हिन्दी-व्याख्या—श्रूयताम् = सुने । कुतूहलम् = कौतुक अर्थात् समाचार जानने की उत्कण्ठा । ह्य = कल । सम्पादितसायन्तनकृत्ये = सायकालिक क्रियाओ को समाप्त कर चुकने पर, सम्पादितम् सायन्तनम् कृत्यम् येन स, तस्मिन् (ब० व्री०), सायन्तनम् = सायम् अव्यय पर 'घञ्' प्रत्यय करके 'साय' बनता है। तत 'साये भव' यहाँ भव (होने के) अर्थ मे 'सायम् चिरम् प्राह्णे प्रगेऽव्ययेभ्यष्ट्युट्युलौतुट् च' से टयु (यु) और तुट (त्) प्रत्यय होकर-'साय त् यु' तथा यु को 'अन्' और मान्तता के निपातन से 'सायन्तन' रूप बनता है-सायकाल मे होने वाला । कुशास्तरणम् = कुश का आसन, कुशानाम् आस्तरणम् इति, 'कुशास्तरणम्' मे अधिशीङ् स्थासा कर्म से अधि स्था' के योग मे द्वितीया विभक्ति हुई है । समासीनेषु = बैठे हुए । छात्रेषु छात्रो के, 'यस्य भावेन' से सप्तमी । धीरसमीरस्पर्शेन = मन्द-पवन स्पर्श से, धीरश्चासौ समीर, तस्य स्पर्श तेन (तत्पु०) । मन्द-मन्दमान्दोल्यमानासु = धीरे-धीरे हिलने वाली । व्रततिषु = लताओ के, 'वल्ली तु व्रततिर्लता' (अमरकोष) समुदिते = उदित होने, 'सम् + उद् + इ + क्त' । इन्दौ = चन्द्रमा के । यामिनी कामिनी चन्दनबिन्दौ इव = रात्रि रूपी नायिका के चन्दन बिन्दु के समान, यामिनी एव कामिनी, तस्या चन्दन बिन्दु, तस्मिन् (तत्पु०) । कौमुदी कपटेन = चन्द्रमा के बहाने, कौमुदया कपटेन । गगने = आकाश के । सुधाधाराम् = अमृत की धारा, सुधाया धाराम् (तत्पु०) । वर्षति इव = मानो वर्षा कर रहा हो । अस्मन्नीतिवार्ता = हम लोगो की नीति सम्बन्धी चर्चा को, अस्माकम् नीते वार्ताम् । शुश्रूषुषु = सुनने की इच्छा वाले, √श्रू + सन् +

उ' (धातु को द्वित्व सप्तमी ब० व०)। इव=मानो। पतग कुलेषु=पक्षियो के कुलो के, पतङ्गाना कुलानि तेपु (तत्पु०)। मौनम्=शान्ति। आकलयत्सु=धारण किये हुए, आ+कल+शतृ (सप्तमी)। कैरवविकाशहर्षप्रकाशमुखरेषु =कुमुदो के खिलने की प्रसन्नता की अभिव्यक्ति के कारण मुखरित होने पर, कैरवाणा विकाशेन हर्षस्य प्रकाश, तेन मुखरिता तेषु (तत्पु०)। चञ्चरीकेषु=भ्रमरो के, 'इन्दिन्दिरोमधुकरश्चञ्चरीकोमधुव्रत।' अस्पष्टाक्षरम्=अव्यक्त अक्षरो वाला, अस्पष्टानि अक्षरानियस्मिंस्तत्, (ब० व्री०)। कम्पमाननि. श्वासम्=कम्पमान निश्वास यस्य तत्, कपती हुई श्वास वाला कम्प+शानच्। श्लथत्कण्ठम्=श्लथनकण्ठ यस्मिन् तत्, रुधे हुए गले वाला। घर्घरितस्वनम्=घर्घरिता=घर्घरितास्वना, यस्मिस्तत्, 'घरघर' शब्द से युक्त। चीत्कार मात्रम्=चिल्लाना मात्र था जिसमे। दीनतामयम्=दीनता से पूर्ण, 'दीनता+मयट्'। अत्यवधानश्रव्यत्वात्=विशेष ध्यान से सुनाई पडने के कारण, अत्यव ध्याने श्रव्य, तस्य भाव, तस्मात् श्रव्यत्वात='श्रु+तव्य+त्व' (पचमी हेतु के अर्थ मे)। अनुमित दविष्ठतम्=बहुत दूर होने का अनुमान् किया जाने वाला, अनुमिता दविष्ठता यस्य तत्, (ब० व्री०), दविष्ठता=अतिशयेन दूर दविष्ठम्, तस्य भाव दविष्ठता, 'दूर+इष्ठन्+ता'। क्रन्दनम्=विलाप को। अश्रौषम्=सुना, श्रु+लुङ् (मिप्)।

टिप्पणी—(१) 'समुदिते पतगकुलेषु' मे आये हुए 'इव' उत्प्रेक्षावाचक है, चन्द्रमा मे चन्दन विन्दु की आकाश से अमृतधार वरसने तथा पक्षियो मे नीतिवार्ता के सुनने की सम्भावना की गई है, अत उत्प्रेक्षा अलकार है।

(२) 'यामिनी कामिनी' मे यहाँ यामिनी का आरोप किया गया है, अत. रूपक अलकार है।

(३) पूर्व की पक्तियो मे प्रसाद गुण तथा शान्त रस है। अन्त मे करूण रस है।

(४) 'नीतिवार्ता शुश्रूषुपु' से यह व्यक्त होना है कि आश्रमो मे नीति सम्वन्धी मन्त्रणाये हुआ करती थी और अल्पकाल मे ऋषिमुनि ब्रह्मचारी सभी सुरक्षात्मक व्यवस्था के प्रति सचेष्ट हो जाते थे।

(५) 'अस्पष्टाक्षरम् • दविष्ठतम्' ये सात विशेषण क्रन्दन के अत्यन्त स्वाभाविक विशेषण है।

तत्क्षणमेव च "कुत इदम् ? किमिदमिति दृश्यताम् ज्ञायताम्" इत्यादिश्य छात्रेषु विसृष्टेषु, क्षणानन्तर छात्रेणैकेन भयभीता सवेगमत्युष्ण दीर्घं नि श्वसती, मृगीव व्याघ्राऽऽघ्राता, अश्रुप्रवाहे स्नाता, सवेपथुः कन्यकैका अङ्के निधाय समानीता। चिरान्वेपणेनापि च तस्या॰ सहचरी सहचरो वा न प्राप्त । ताञ्च चन्द्रकलयेव निर्मिताम् नवनीतेनेव रचिताम्, मृणालगौरीम् कुन्दकोरकाग्रदतीम् सक्षोभ रुदतीमवलोक्यास्म भिरपि न पारित प्रिरोद्धु नयन वाष्पाणि ।

हिन्दी अनुवाद—उसी समय, "यह (करुण क्रन्दन) कहा से ? क्या (कारण) है ? यह देखकर पता लगाओ" ऐसा आदेश देकर मेरे (द्वारा) छात्रो के भेजने पर, क्षण भर बाद ही एक छात्र, भयभीत, वेग से उष्ण और दीर्घ (लम्बी) सास लेती हुई, व्याघ्र (बाघ) से सू घी हुई मृगी के मकान, आसुओ की धारा से स्नान की हुई तथा कापती हुई एक कन्या को गोद मे रखकर लाया। बहुत देर तक ढूढने के बाद भी उसका साथी या कोई सखी नहीं प्राप्त हुई। चन्द्रमा की कलाओ से रची गई के समान नवनीन (मक्खन) से बनाई गई के समान, कमल नाल के समान गोरी तथा कुन्द कलिका के अग्रभाग के समान दाँतो वाली उस कन्या को व्याकुलता से युक्त, रोते देखकर हम लोग भी अपने आंसू रोक नहीं सके ।

सस्कृत-व्याख्या—तत्क्षणमेव = सपद्येव, च कुत इदम् = कुत्रत्य इदम् रोदनम, किमिदम् किं कारम्, इति - एतत् सर्वम्, दृश्यताम् = अवलोकय, ज्ञायताम् = जानीहि, इति = एवम्, आदिश्य = आज्ञाप्य, छात्रेषु = शिष्येपु, विसृष्टेपु = प्रेषितेषु, क्षणानन्तरम = किंचित्कालानन्तरम्, छात्रेणैकेन = शिष्यैकेन, भयभीता = भयक्रान्ता, सवेगम् = तीव्रम्, अत्युष्णम् = सतप्तम्, दीर्घम् = विलम्बायितम्, च, नि श्वसती = श्वास गृहणन्ती, मृगी = हरिणी, इव, शार्दूलाक्रान्ता, अश्रु प्रवाहे —नेत्रवाष्पै, स्नाता = ससिक्ता, सवेपथु = सकम्पा, कन्यकैका = एका बालिका, अके = क्रोडे, निधाय = निक्षिप्य, समानीना, चिरान्वेषणेनापि = चिर यावत् अनुसन्धानेनापि, च तस्या = बालिकाया, सहचरी = सखी, सहचरोवा = सखा वा, न प्राप्त = न दृष्ट । ताम = बालिकाम्, च चन्द्रकलया = इन्दु प्रभया, इव, निर्मिताम् = सम्पादिनाम्, नवनीनेनेव = हैयङ्गवीनेनेव, रचिनाम् = विनिर्मिताम्, मृणालगौरीम् = कमल-दण्डसिताम् कुन्दकोरकाग्रदतीम् = सुदतीम्, सक्षोभम =ससाध्वसम् रुदतीम् = विलम्पन्तीम्, अवलोक्य = दृष्ट्वा, अस्माभि = आश्रमवासिभि, अपि, न, पारितम् = शक्तम्, निरोद्धु = अवरोद्धु, नेत्र वाष्पाणि = अश्रूणि ।

हिन्दी व्याख्या—तत्क्षणमेव = उसी समय । दृश्यताम् = देखिये । जायताम् = जानिये । इत्यादिश्य = इस प्रकार आदेश देकर । विसृष्टेषु = भेजने पर । छात्रेषु = छात्रो के, 'यस्यभावेन से सप्तमी । भीता = डरी हुई, √'भी + क्त + टाप्' । सवेगम् = जल्दी-जल्दी, वेगेन सहितम्, सवेगम् । निश्वसती = सास लेती हुई, 'निर् + √श्वस् + शतृ (स्त्री)' मृगीव = हरिणी के समान । व्याघ्राघ्राता = वाघ से सूँघी हुई, व्याघ्रेण आघ्राता (तत्पु०) । अश्रुप्रवाहै = आँसुओ के प्रवाह से, अश्रूणाम् प्रवाहै (तत्पु०)। स्नाता = नहाई हुई, '√स्ना + क्ता + टाप्' । सवेपथु = काँपती हुई, 'स + √वेपृ (कम्पने) + अथुच्' । निधाय = रखकर, नि + धा√ + ल्यप् । समानीता = लाई गई, 'सम् + आ √नी + क्ता + टाप्' । चिरान्वेषणेनापि = चिरकाल तक ढूंढने से भी । सहचरी = सखी, सह चरतीति—सह + √चर + अच् + (स्त्रिया डीष्) अर्थात् साथ चलने वाली । सहचर = साथी । न प्राप्त = नही प्राप्त हुआ, प्र + √अप् + क्त । ताम् = उस कन्या को । चन्द्रकलया = चन्द्रमा की कला से, चन्द्रस्य कला, तया (तत्पु०)। निर्मिताम् = बनी हुई । नवनीतेन = मक्खन से । मृणालगौरीम् कमलनाल के समान गोरी, मृणालस्य इव गौरीम् । कुन्दकोरकाग्रदतीम् = कुन्द (पुष्प) कली के अग्रभाग के समान दातो वाली, कुन्दस्य कोरकाणाम् अग्राणि इव दन्ता यस्या सा, ताम् (ब० व्री०), "अग्रान्तशुद्धशुभ्रवृषवराहेभ्यश्च" सूत्र से 'दन्त' 'दतृ' आदेश तथा डीप् (उगितत्वात्) होता है-दन्त→दतृ (ऋ इत्)→ दत् + डीप् = दती । सक्षोभ = व्याकुलतापूर्ण । रुदती = रोती हुई √ रुद् + शतृ + डीप् (स्त्रियाम्) । अवलोक्य = देखकर, 'अव + √लोक् + ल्यप्' । अस्माभि = हम लोगो के द्वारा । नयन बाष्पाणि = आँसुओ को, नयनस्य वाष्पाणि (तत्पु०)। निरोद्धु = रोकने के लिये, 'नि + √रुध् + तुमुन्' नपारितम् = समर्थ नही हुये ।

टिप्पणी—(१) 'चन्द्र कलयेव निर्मिताम्, नवनीते व रचिताम्' मे चन्द्रकला अथवा मक्खन से बनी हुई होने की सम्भावना की गई है । अत उत्प्रेक्षा अलकार है ।

(२) 'मृणाल के समान गोरी तथा कुन्द कलिका के अग्रभाग के समान दाँतो वाली मे लुप्तोमालकार है ।

अथ कन्यके। मा भैषी, पुत्रि ! त्वाम् मातु. समीपे प्रापयिष्यामः, दुहितः। खेद मा वह, भगवति। भुङ्क्ष्व किञ्चित्, पिब पय., एते तव भ्रातर., यत् कथयिष्यसि, तदेव करिष्याम. मा स्म रोदनैः प्राणान् सशय-पदवीमारोपय, मास्मकोमलमिदं शरीर शोकज्वालावलीढ कार्षी." इति सहस्त्रधा बोधनेन कथमपि सम्बुद्धा किञ्चिद् दुग्ध पीतवती। ततश्च मया क्रोशे उपवेश्य, "बालिके ! कथय क्व ते पितरौ ? कथमेतस्मिन्नाश्रमप्रान्ते समायाता ? किं ते कष्टम् ? कथमारोदी ? किं वाञ्छसि ? किं कुर्म ?" इति पृष्टा मुग्धतया अपरिकलित वाक्पाटवा, भयेन विशिथिलवचन-विन्यासा, लज्जया अतिमन्दस्वरा, शोकेन रुद्धकण्ठा, चकितचकितेव कथ कथमपि अबोधयदस्मान् यदेषा अस्मिन्नेदीयस्येग्रामे वसतः कस्यापि ब्राह्मणस्य तनयाऽस्ति।

हिन्दी अनुवाद—इसके बाद "पुत्रि ! डरो मत, बच्ची ! तुम्हे माता-पिता के पास पहुचा देंगे, बेटी दु ख मत करो, देवि ! कुछ खाओ, दूध पिओ, ये सब तुम्हारे भाई हैं, जो कहोगी वही करेंगे, रोने से अपने प्राणो को सन्देह मे मत डालो, शोक ज्वाला से अपने कोमल शरीर को मत झुलसाओ" इस तरह हजारो प्रकार से समझाने से किसी प्रकार शान्त हुई और थोडा सा दूध पिया। उसके बाद उसे मैंने अपनी गोद मे बैठाकर "बालिके कहो, तुम्हारे माता-पिता कहाँ रहते हैं ? कैसे इस आश्रम मे (प्रान्त मे) तुम आई ? तुम्हे क्या कष्ट है ? तुम क्यो रोती थी ? क्या चाहती हो ? (हम सब) क्या करें ?" इस प्रकार पूछने पर भोलेपन के कारण भाषण की चतुरता से अनभिज्ञ, भय के कारण अस्त-व्यस्त शब्दो मे बोलने वाली, लज्जा से धीमे स्वरो वाली, शोक से रुंधे हुए गले वाली, भयभीत हुई सी किसी प्रकार हमे बताया कि वह इसी अति समीप के ही गाँव मे रहने वाले किसी ब्राह्मण की पुत्री है।

सस्कृत-व्याख्या—अथ = तत, "कन्यके = पुत्रि, मा भैषी = भय मा वह, पुत्रि = कन्यके, त्वाम् = बालिकाम्, मातु = जनन्या, समीपे, अन्तिके, प्राप-

यिष्याम = प्रेपयिष्याम, दुहित = पुत्रि, खेद = दुखम, मा वह = मा कुरु, भगवति = देवि, भुङ्क्ष्व = अशान, किञ्चित् = ईषत्, पिब पय = दुग्धम् पिब, एते = अश्रत्या, तव भ्रातर, = बन्धव, यत् कथयिष्यसि = यत् वदिष्यसि, तदेव, करिष्याम, रोदनै = विलपनै, प्राणान् = असून्, सशयपदवीम् = सन्देहाव-स्थाम्, आरोपय = प्राप्नुहि, कोमलम् = सुकुमारम्, इदम् शरीरम् = एतत्तनुम्, शोकज्वालावलीढम् = शोकसतप्तम्, मास्मकार्षी = मा कुरु," इति = एवम्, सहस्रधा = अनेकधा, बोधनेन = सान्त्वना प्रदानेन, कथमपि, सम्बुद्धा = बोधिता, किञ्चिद् = ईपद्, दुग्धम् = क्षीरम्, पीतवती = अपिबत्, ततश्च = तदनन्तरम्, मया = मुनिना, क्रोडे = अङ्के, उपवेश्य = पस्थाप्य, बालिके = पुत्रि । कथय = वद, क्व = कुत्र, ते = तव, पितरौ = जनकौ, कथम्, एतस्मिन्नाश्रमप्रान्ते = इहतपो-वने, समायाता = आगता, किं ते = किम् तव, कष्टम् = दुखम्, कथमारोदी रोदनमकरो, कि वाञ्छसि = किमिच्छसि, किं कुर्म = किं कुर्याम, इति = एवम्, पृष्टा = पृष्टे सति, मुग्धतया = सरलतया, अपरिकलितवाक्पाटवा = अविज्ञात भाषणचातुर्यं, भयेन = भीत्या, विशिथिलवचनविन्यासा = अस्तव्यस्तभाषणा, लज्जया = ह्रिया, अति मन्दस्वरा = अनुच्चगिरा, शोकेन = चिन्तया, रुद्धकण्ठा = कलुषित कण्ठा, चकितचकितेन = अतिभीतेव, कथकथमपि = येनकेनापि प्रकारेण, अवोचयत = अज्ञापयत्, अस्मान् = आश्रमवासिन, यत् एषा = बालिका, अस्मिन् = एतस्मिन्, नेदीयसि, अतिसमीपे, एव, ग्रामे = पुरे, निवसत, कस्यापि = कस्य-चित्, ब्राह्मणास्य = विप्रस्य, तनय = पुत्री, अस्ति ।

हिन्दी-व्याख्या-मा भैषी = मत डरो । प्रापयिष्याम = भेज दूँगा, 'प्र + क्ष्व + √अप् + णिच् + लृट् (मिप्)" । दुहित = पुत्रि । मा वह = मत करो, यहाँ 'मा' निषेधा-र्थक है, 'माङ्' का 'मा' नही है, अत लोट् लकार का पयोग हुआ है । भुङ्क्ष्व = खाओ, √'भुज् + लोट्'—'भुज्' धातु भक्षण के अर्थ मे आत्मनेपद तथा अन्य अर्थ मे परस्मैपद होता है । संशयपदवीम् = संशय पदवी को ।आरोप्य = प्राप्त करो, 'मा' के योग के कारण लङ् लकार हुआ है । शोकज्वालावलीढम् = शोकाग्नि से व्याप्त, शोक एव ज्वाला तया व्याप्तम (तत्पु०), अवलीढम = व्याप्त । कार्षी = करो, मास्म के योग मे 'लुङ्' लकार । बोधनेन = समझाने से । सम्बुद्धा = आश्वस्त हुई । पीतवती = पी, 'पा + क्तवतु + ङीप्' (स्त्री०) । क्रोडे = गोद

मे। उपवेश्य=बैठाकर। अरोदि=रोई। पृष्टा=पूछी गई। मुग्धतया=बालस्वभाव के कारण। अपरिकलितवाक्पाटवा=भाषण चातुरी से रहित, 'अपरिकलितम् वाक्पाटवम् यया सा। विशिथिलवचनविन्यासा=लडखडाते हुए शब्दो मे बोलने वाली=विशिथिल वचनविन्यास यस्या सा (ब० व्री०)। अतिमन्दस्वरा=अत्यन्त धीमे स्वरो वाली। रुद्धकण्ठा=रुँधे हुए गले वाली, 'रुध्+क्त'=रुद्ध (रुँधा हुआ)। चकितचकिता=अत्यन्त चकित हुई। नेदयसि अतिनिकट के ही (गांव का विशेषण)। अतिशये ग्न्तिकमिति नेदीयान्, 'अन्तिक→नेद+इयसुन् 'अन्तिकबाढयोर्नेदसाधौ' से 'अन्तिक' के 'नद' आदेश तथा इयसुन् प्रत्यय हुआ है। वसत=निवास करने वाले (ब्राह्मण का विशेषण। तनया=पुत्री।

टिप्पणी—(१) शोकज्वालावलीढम्'—शोकरुप ज्वाला से व्याप्त। यहाँ रूपक अलकार है।

(२) भगाकुरा बालिका का सुन्दर नि्ाण किया गया है।

एना च सुन्दरीमाकलय्य कोऽपि यवनतनयो नदीतटान्मातुर्हस्तादाच्छिद्य क्रन्दन्ती नीत्वाऽपरासार। तत किञ्चिदध्वानमतिक्रम्य यावदसिधेनुका सन्दर्श्य बिभीषकयाऽस्या क्रन्दनकोलाहल शमयितुमिमेष, तावदकस्मात्कोऽपि काल-कम्बल इव भल्लूको वनान्तादुपजगाम। दृष्ट्वैव यवनतनयोऽसो तत्रैव त्यक्त्वा कन्यकामिमा शाल्मलितरुमेकमारुरोह। विप्रतनया चेय पलाशपलाशिश्रेण्या प्रविश्य घुणाक्षरन्यायेन इत एव समायाता यावद् भयेन पुनारोदितुमारब्धवती, तावदस्मच्छात्रेणैवाऽनीतेति।'

हिन्दी अनुवाद—इसे सुन्दरी को देखकर एक कोई मुसलमान का लडका नदी के किनारे से माता के हाथ से (इसे) छीन कर रोती हुई लेकर भागा। तब कुछ दूर जाकर, जब (उसने) छुरा दिखाकर भय से इसके क्रन्दन कोलाहल (रोने के शब्द) को शान्त करना चाहा, तभी अकस्मात् काल-कम्बल के समान एक रीछ जगल के किनारे से आ पहुचा। उसे देखते ही वह मुसलमान बालक उस (कन्या) को वहीं छोडकर एक शाल्मली (सेमर) के पेड पर चढ गया। यह ब्राह्मण पुत्री पलाशवृक्षों की श्रेणी (झुरमुट) में प्रवेश करके घुणाक्षर

न्याय से इसी ओर आई (और) जब भय के कारण पुन रोना प्रारम्भ किया, मेरे छात्र के द्वारा (यहाँ) लाई गई।

सस्कृत-व्याख्या—एनां = इमाम् कन्यकाम्, सुन्दरी सौन्दर्यशीला, आकलय्य = निश्चित्य, कोऽपि = कश्चिदपि, यवनतनय = यवनपुत्र नदीतटात् = सरित्तीरात्, मातु = जनन्या, हस्तात् = करात्, आच्छिद्य = अपहृत्य क्रन्दन्तीम् = रुदतीम्, नीत्वा = उपगृह्य, अपससार = पलायितवान्। तत = तदनन्तरम्, कञ्चित् = ईषद्, अध्वानम् = मार्गम्, अतिक्रम्य = गत्वा, यावत् = यदैव, असिधेनुकाम = छुरिकाम्, सन्दर्श्य = दर्शयित्वा, बिभीषकया = भयदर्शनेन, अस्या = बालिकाया, क्रन्दनकोलाहलम् = रुदनशब्दम्, शमयितुम् = शान्त कर्तुम्, इयेष = इच्छाञ्चकार, तावत्, अकस्मात् = सहसैव, कोऽपि, कालकम्बल = यमकम्बल, इव, भल्लूक = रीच्छ, वनान्तात् = अरण्यप्रान्तात्, उपजगाम = समीपमाजगाम। दृष्ट्वैव = अवलोक्यैव, असौ = अयम्, यवनतनय = यवनपुत्र, इमाम्, कन्यकाम् = बालिकाम्, तत्रैव = तस्मिन्नेव स्थाने, त्यक्त्वा = परित्यज्य, एकम्, शाल्मलीतरुम् = शाल्मलीवृक्षम्, आरुरोह = आरोहितवान्। विप्रतनया = ब्राह्मणपुत्री, च इयम्, पलाशपलाशिश्रेण्या = पलाशतरुपक्तौ, प्रविश्य = प्रवेश-कृत्वा घुणाक्षरन्यायेन = सयोगवशेन, इतएव = आश्रमाभिमुखमेव, समायाता = आगता, यावत्, भयेन = त्रासेन, पुन = भूय रोदितुम् = क्रन्दितुम्, आरब्धवती = आरेभे, तावत् एव, अस्मच्छात्रेण = मुनिशिष्येन, एव, आनीता = समानीता।

हिन्दी-व्याख्या—आकलय्य = जानकर, आ + √कल + ल्यप्। यवनतनय = मुसलमान का पुत्र। नदीतटात् = नदी के तट से, नद्या तटम्, तस्मात् (तत्पु०)। आच्छिद्य = छीनकर, आ + √छिद् + ल्यप्। क्रन्दन्तीम् = रोती हुई (बालिका को), क्रन्द √ + शतृ (द्वि० एकव०)। नीत्वा = लेकर नी + क्त्वा। अपससार = भागा, अप + √सृ + लिट् (तिप)। तत उसके बाद। अध्वानम् = रास्ता। अतिक्रम्य = जाकर, अति + √क्रम् + ल्यप। असिधेनुकाम् = छुरी को, "छुरि का चासिधेनुका" (अमरकोष)। सन्दर्श्य = दिखाकर, 'सम् + √दृश् + णि + ल्यप्'। बिभीषकया = भय से, '√भी + सन् + इ + क (स्त्रियाम्)। क्रन्दनकोलाहलम् = रोने के शब्द को, क्रन्दनस्य कोलाहलम्। शमयितुम् = शान्त करने के लिये, '√शम् + णि + तुमुन्'। इयेष = इच्छा की, "√इष्

(इच्छाया) + लिट् (तिपु)" कालकम्बल इव = काले कम्बल के समान अथवा यमराज के कम्बल के समान, काल = यमराज अथवा कृष्णवर्ण, कालश्चासौ कम्बल, काल कम्बल (कर्मधारय) अथवा कालस्य (यमस्य) कम्बल, काल-कम्बल (तत्पु०)। मल्लूक = भालू या रीछ। वनान्तात् = जगल के किनारे से, वनस्य अन्त, तस्मात्। उपजगाम = आया, 'उप + √गम् + लिट्'। त्यक्त्वा = छोडकर, '√त्यज् + क्त्वा' शाल्मलीतरुम् = सेमर के वृक्ष पर। आरुरोह = चढ गया, आ + √रुह + लिट् (तिप्)। विप्रतनया = ब्राह्मण की लडकी, विप्रस्य तनया। पलाशपलाशिश्रेण्याम् = पलाश (छिडल) वृक्षो के बीच मे, पलाशाश्च ते पलाशिन (वृक्षा) तेषा श्रेणी, तस्याम् (तत्पु०), पलाश = किंशुक, पलाशी = वृक्ष, पलाशा पत्राणि सन्ति यस्मिन् स, 'पलाश (पत्रे) + इनि'। प्रविश्य = घुसकर, 'प्र + √विश् + ल्यप्'। घुणाक्षरन्यायेन = सयोगवश, जिस प्रकार घुन (घुण सस्कृत मे), एक प्रकार का काष्ठ भेदन करने वाला कीडा, जब लकडी का भेदन करता है तो कभी-कभी उसकी पक्तियाँ अक्षर (क-ख) के रूप मे बन जाती है, उसी प्रकार से बिना सोचे हुए काम के अकस्मात् हो जाने को घुणाक्षर-न्यायकहते है। समायाता = आई, सम् + आ + √या + क्त (टाप्)। पुनारोदितुम् = पुन रोने के लिये, 'पुन के विसर्ग का सन्धिनियम 'रोरि' से लोप होकर 'न' को से 'ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽण' से दीर्घ हो गया है। रोदितुम् = √'रुद् + इ + तुमुन्'। आरब्धवती = प्रारम्भ किया, आ + रभ् + √क्तवतु + ङीप् (स्त्रियाम्)। अस्मच्छात्रेण = मेरे छात्र द्वारा। आनीता = लाई गई, आ + √नी + क्त (टाप्)।

टिप्पणी—"पलाशपलाशिश्रेण्याम्" मे यमक अलकार है।

तदाकर्ण्य कोप ज्वालाज्वलित इव योगी प्रवोच—"विक्रमराज्येऽपि कथमेष पातकमयो दुराचारणामुपद्रव ?" तत स उवाच—

महात्मन्! क्वाधुना विक्रमराज्यम्? वीरविक्रमस्य तु भारतभुव विरहय्य गतस्य वर्षाणां सप्तदश-शतकानि व्यतीतानि। क्वाधुना मन्दिरे-मन्दिरे जय-जय ध्वनि ? क्व सम्प्रति तीर्थे-तीर्थे घण्टानाद ? क्वापि मठे-मठे वेदघोषा ? अद्य हि वेदा विच्छिद्य वीथीषु विक्षिप्यन्ते, धर्म-शास्त्राण्युद्धूय धूमध्वजेषु ध्मायन्ते, पुराणानि पिष्ट्वा पानीयेषु पात्यन्ते, भाष्याणि भ्रशयित्वा भ्राष्ट्रेषु भर्ज्यन्ते, "क्वचिन्मन्दिराणि भिन्द्यन्ते

क्वचित्तुलसी वनानि छिन्धन्ते, क्वचिद्दारा अपह्रियन्ते, क्वचिद्धनानि-लुण्ठ्यन्ते, क्वचिदार्तनादा, क्वचिदरुधिरधारा, क्वचिद्ग्निदाह, गृह-निपात" इत्येव श्रूयतेऽवलोक्यते च परित ।

हिन्दी अनुवाद—यह सुनकर क्रोधाग्नि की ज्वाला से प्रज्वलित होते हुए से योगिराज बोले—"विक्रमराज्य मे भी इस प्रकार दुराचारियो का पापमय उपद्रव कैसे ?" तब वे (ब्रह्मचारी के गुरु) बोले—

महात्मन् ! अब विक्रम का राज्य कहाँ है ? वीर विक्रम को तो भारत-भूमि छोडकर गये हुए सत्रह सौ वर्ष बीत गये । इस समय मन्दिरो मे जय-जय की ध्वनि कहाँ ? तीर्थो मे इस समय घण्टा का नाद कहाँ ? मठो मे आज वेदध्वनि कहाँ ? आज तो वेद फाडकर वीथियो (मार्गो) मे बिखेरे जा रहे हैं, धर्मशास्त्रो को उछालकर आग मे झोका जाता है, पुराणो को पीसकर पानी मे फेंका जाता है, भाष्यो नष्ट करके भाडो मे झोके जाते हैं, कहीं पर मन्दिर तोडे जाते हैं, कहीं तुलसी के जगल काटे जाते हैं, कहीं स्त्रियो का अपहरण किया जाता है, कही रुधिर की धारा, कहीं अग्निदाह है तो कहीं घर गिराये जाते हैं" चारो ओर यही सुनाई देता है और यही दिखाई देता है ।

सस्कृत-व्याख्या—महात्मन् = महानुभाव ! क्वाधुना = क्वेदानीम्, विक्रम-राज्यम् = वीरविक्रमादित्यस्य राज्यम्, वीरविक्रमस्य = एतन्नामकस्य राज्ञ, तु, भारतभुवम् = एतद्देशम्, विरहय्य = परित्यज्य, गतस्य, यातस्य वर्षाणा = सवत्सराणाम्, सप्तदशशतकानि = सप्तदशशतसस्यापरिमितानि, व्यतीतानि = जातानि, क्वाधुना = क्वेदानीम्, मन्दिरे-मन्दिरे = प्रतिमन्दिर, जय जय ध्वनि = जयजय-कार, क्व सम्प्रति = इदानीम्, तीर्थे-तीर्थे = प्रतितीर्थे, घण्टानाद = घण्टाध्वनि, क्व, अद्यापि = इदानीमपि, मठे-मठे = प्रतिमठम्, वेद-घोष = वेद-पाठ, अद्य हि = इदानीन्तु, वेदा = निगमा, विच्छिद्य = विपाट्य, वीथीषु = पथिषु, विक्षिप्यन्ते = विकीर्यन्ते, धर्मशास्त्राणि = धर्मग्रन्थान्, उद्धूय = उत्तोल्य, धूम-ध्वजेषु = अग्निषु, ध्मायन्ते = ज्वाल्यन्ते, पुराणानि = श्रीमद्भागवतादीनि पुराणानि, पिष्ट्वा = चूर्णीकृत्य, पानीयेषु = जलेषु, पात्यन्ते = निक्षिप्यन्ते, भाष्याणि = मन्त्रव्याख्यानानि महाभाष्यादीनि, भ्र शयित्वा = चूर्णयित्वा, भ्राष्ट्रेषु = भर्जनेषु, भर्ज्यन्ते = प्रज्वाल्यन्ते, क्वचिद्, मन्दिराणि = देवालयान्, भिद्यन्ते =

विनश्यन्ते, क्वचिद्, तुलसीवनानि = तुलसीवृक्षा छिद्यन्ते = कर्त्यन्ते, क्वचिद्, दारा = भार्या, अपह्रियन्ते = लुण्ठ्यन्ते, क्वचित्, धनानि = सम्पद, लुण्ठ्यन्ते = चोर्यन्ते, क्वचिद्, आर्तनादा = करुणक्रन्दनानि, क्वचित्, रुधिरधारा रक्त-धारा, क्वचिद्, अग्निदाह = अग्निकाण्डम्, क्वचित् गृहनिपात = सद्मध्वसनम्, इत्येव, श्रूयते - आकर्ण्यते, अवलोक्यते = दृश्यते, च, परित = चतुर्दिक्षु।

हिन्दी-व्याख्या — **तदाकर्ण्य** = वह सुनकर। **कोपज्वालाज्वलित इव** = कोप (क्रोध) की ज्वाला से ज्वलित हुए के समान, कोपस्य ज्वालया ज्वलित (तत्पु०)। **प्रोवाच** = वोले। **विक्रमराज्ये** = विक्रमादित्य के राज्य मे। **पातकमय** = पापमय, 'पातक + मयट्'।

महात्मन् = महानुभाव, महान् आत्मा यस्य स, तत्सम्बुद्धौ-महात्मन्। **भारतभुवम्** = भारत की पृथ्वी, भारतस्य भू, ताम्। **विरहय्य** = छोडकर, 'वि + √रह + ल्यप्' **गतस्य** = गये हुए का, √गम् + क्त (षष्ठी)। **सप्तदशश-कानि** = सत्रह सौ। **व्यतीतानि** — वीत गये, वि + √अत + क्त (नपु०)। **मन्दिरे-मन्दिरे** = प्रत्येक मन्दिर मे। **मठे-मठे** = प्रत्येक मठो मे, 'मठ' गुरुकुल के आश्रमो को कहा जाता था 'मठश्छात्रादिनिलय' (अमरकोष)। **वेद-घोष** = वेदो का पाठ। **विच्छिद्य** = फाडकर, 'वि + √छिद् + ल्यप्'। **वीथीषु** = मार्गो मे। **विक्षिप्यन्ते** = फेंके जाते हैं। **उद्धूय** = उडाकर, 'उद् + √धूञ् + ल्यप्'। **धूमध्वजेषु** = अग्नि मे धूम ध्वजा यस्य स तेषु (ब० व्री०)। **ध्मायन्ते** = झोंके जाते हैं, '√ध्मा' शब्दाग्निसयोगयो ये भावकर्म, लट्। **पिष्ट्वा** = पीसकर (फाडकर), √पिष् + क्त्वा'। **पात्यन्ते** = डाले जाते है। **भाष्याणि** = भाष्यो को, सूत्रात्मक शैली मे लिखे गये ग्रन्थो विस्तृत व्याख्या को भाष्य कहा जाता है जैसे—महाभाष्य, वात्स्यायन भाष्य आदि। **ध्वंशयित्वा** = नष्ट करके। **भ्राष्ट्रेषु** = भाडो मे। **भर्ज्यन्ते** = जलाये जाते है, '√भृजी (भर्जने) + यक् (भाव-कर्म) + लट्'। **भिद्यन्ते** = तोडे जाते है, √ भिद् + यक् + लट्। **छिद्यन्ते** = काटे जाते हैं। **दारा** = स्त्री, √"दृ' (विदारणे) + णि + घञ्' दारयति हृदयम् इति दारा' (हृदय को विदीर्ण करने वाली), 'दारा' शब्द का प्रयोग नित्य बहुवचन मे होता है—"दाराक्षतलाजासूना बहुत्वम्"। **लुण्ठ्यन्ते** = लूटे जाते हैं। **आर्त-नादा** = करुणक्रन्दन। **रुधिरधारा** = खून की धारा। **अग्निदाह** = अग्निकाण्ड।

गृहनिपात = घरो का विध्वस। इत्येव = यही। श्रूयते = सुनाई पडता है। अवलोक्यते -- दिखाई पडता है।

टिप्पणी—(१) 'कोपज्वालाज्वलित इव' मे उत्प्रेक्षा अलकार है। (२) प्रसाद गुण हे। (३) वैदर्भी रीति है।

तदाकर्ण्य दुखितश्चकितश्च योगिराडुवाच—"कथमेतत्? ह्य एव पर्वतीयाञ्छकान् विनिर्जित्य महता जयघोषेण स्वराजधानीमायात श्रीमानादित्यपदलाञ्छनो वीरविक्रम। अद्यापि तद् विजयपताका मम चक्षुपोरग्रत इव समुद्धूयन्ते, अधुनाऽपि तेषा पटहगोमुखादीना निनाद कर्णशष्कुली पूरयतीव, तत्कथमद्य वर्षाणाम् सप्तदशशतकानि व्यतीतानि" इति?

तत सर्वेषु स्तब्धेषु च ब्रह्मचारिगुरुणा प्रणम्य कथितम्—

हिन्दी अनुवाद—(योगिराज के (ये वचन सुनकर) दुखित और चकित होते हुये बोले—यह कैसे? अभी तो कल ही आदित्य पद विभूषित श्रीमान् वीर विक्रमादित्य पर्वतीय शको को जीतकर बहुत बडे जय घोष के साथ अपनी राजधानी (उज्जयिनी) को आये हैं। आज भी उनकी विजयिनी पताकाएँ मेरे नेत्रो के सामने फहरा सी रही हैं, इस समय भी उनके नगाडे और तुरही आदि बाजों की ध्वनि मेरे कानो के छिद्र को पूरित सी कर रही है, तो कैसे आज सत्रह सौ वर्ष बीत गये?

(योगिराज के ये वचन सुनकर) सभी के स्तब्ध और चकित हो जाने पर, ब्रह्मचारी के गुरु ने प्रणाम करके कहा—

सस्कृत-व्याख्या—तदाकर्ण्य = तच्छ्रुत्वा, दुखित = व्यथित, चकित = आश्चर्यान्वित, च, योगिराट् = महामुनि, उवाच = जगाद,-"कथमेतत् = कथमिद जातम्? ह्य एव = पूर्वदिने एव, पर्वतीयान = पर्वतनिवासिन, शकान् = शकजाती, विनिर्जित्य = विजय कृत्वा, महता = अत्युन्नतेन, जयघोषेण = जयजयकारेण, (सह) स्वराजधानीम् उज्जयिनीम्, आयात = समागत, श्रीमान् = शोभावान्, आदित्यपदलाञ्छन = आदित्यपदवीक., वीरविक्रम = शूर विक्रमा-

विनश्यन्ते, क्वचिद्, तुलसीवनानि = तुलसीवृक्षा छिद्यन्ते = कर्त्यन्ते, क्वचिद्, दारा = भार्या, अपह्रियन्ते = लुण्ठ्यन्ते, क्वचित्, धनानि = सम्पद, लुण्ठ्यन्ते = चोर्यन्ते, क्वचिद्, आर्तनादा = करुणक्रन्दनानि, क्वचित्, रुधिरधारा रक्त-धारा, क्वचिद्, अग्निदाह = अग्निकाण्डम्, क्वचित् गृहनिपात = सद्मध्वसनम्, इत्येव, श्रूयते - आकर्ण्यते, अवलोक्यते = दृश्यते, च, परित = चतुर्दिक्षु।

हिन्दी-व्याख्या — तदाकर्ण्य = वह सुनकर। कोपज्वालाज्वलित इव = कोप (क्रोध) की ज्वाला से ज्वलित हुए के समान, कोपस्य ज्वालया ज्वलित (तत्पु०)। प्रोवाच = बोले। विक्रमराज्ये = विक्रमादित्य के राज्य मे। पातकमय = पापमय, 'पातक + मयट्'।

महात्मन् = महानुभाव, महान् आत्मा यस्य स, तत्सम्बुद्धौ-महात्मन्। भारतभुवम् = भारत की पृथ्वी, भारतस्य भू, ताम्। विरहय्य = छोडकर, 'वि + √रह + ल्यप्' गतस्य = गये हुए का, √गम् + क्त (षष्ठी)। सप्तदशत-कानि = सत्रह सौ। व्यतीतानि — बीत गये, वि + √अत + क्त (नपु०)। मन्दिरे-मन्दिरे = प्रत्येक मन्दिर मे। मठे-मठे = प्रत्येक मठो मे, 'मठ' गुरुकुल के आश्रमो को कहा जाता था 'मठश्छात्रादिनिलय' (अमरकोष)। वेद-घोष = वेदो का पाठ। विच्छिद्य = फाडकर, 'वि + √छिद् + ल्यप्'। वीथीषु = मार्गों मे। विक्षिप्यन्ते = फेंके जाते है। उद्धूय = उडाकर, 'उद् + √धूञ् + ल्यप्'। धूमध्वजेषु = अग्नि मे धूम ध्वजा यस्य स तेषु (ब० व्री०)। ध्मायन्ते = झोंके जाते है, '√ध्मा' शब्दाग्निसयोगयो ये भावकर्म, लट्। पिष्ट्वा = पीसकर (फाडकर), √पिष् + क्त्वा'। पात्यन्ते = डाले जाते है। भाष्याणि = भाष्यो को, सूत्रात्मक शैली मे लिखे गये ग्रन्थो विस्तृत व्याख्या को भाष्य कहा जाता है जैसे—महाभाष्य, वात्स्यायन भाष्य आदि। भ्रशयित्वा = नष्ट करके। भ्राष्ट्रेषु = भाडो मे। भर्ज्यन्ते = जलाये जाते है, '√भृजी (भर्जने) + यक् (भाव-कर्म) + लट्'। भिद्यन्ते = तोडे जाते है, √भिद् + यक् + लट्। छिद्यन्ते = काटे जाते है। दारा = स्त्री, √"दृ' (विदारणे) + णि + घञ्' दारयति हृदयम् इति दारा.' (हृदय को विदीर्ण करने वाली), 'दारा' शब्द का प्रयोग नित्य बहुवचन मे होता है—"दाराक्षतलाजासूना बहुत्वम्"। लुण्ठ्यन्ते = लूटे जाते हैं। आर्त-नादा. = करुणक्रन्दन। रुधिरधारा. = खून की धारा। अग्निदाह = अग्निकाण्ड।

गृहनिपात = घरो का विध्वस। इत्येव = यही। श्रूयते = सुनाई पडता है। अवलोक्यते - दिखाई पडता है।

टिप्पणी—(१) 'कोपज्वालाज्वलित इव' मे उत्प्रेक्षा अलकार है। (२) प्रसाद गुण है। (३) वैदर्भी रीति है।

तदाकर्ण्यं दुखितश्चकितश्च योगिराडुवाच—"कथमेतत्? ह्य एव पर्वतीयाञ्छकान् विनिर्जित्य महता जयघोषेण स्वराजधानीमायात श्री-मानादित्यपदलाञ्छनो वीरविक्रम। अद्यापि तद् विजयपताका मम चक्षुपोरग्रत इव समुद्धूयन्ते, अधुनाऽपि तेषा पटहगोमुखादीना निनाद कर्णशष्कुली पूरयतीव, तत्कथमद्य वर्षाणाम् सप्तदशशतकानि व्यतीतानि" इति?

तत सर्वेषु स्तब्धेषु च ब्रह्मचारिगुरुणा प्रणम्य कथिप्तम्—

हिन्दी अनुवाद—(योगिराज के (ये वचन सुनकर) दुखित और चकित होते हुये बोले—यह कैसे? अभी तो कल ही आदित्य पद विभूषित श्रीमान् वीर विक्रमादित्य पर्वतीय शको को जीतकर बहुत बडे जय घोष के साथ अपनी राज-धानी (उज्जयिनी) को आये हैं। आज भी उनकी विजयिनी पताकाएँ मेरे नेत्रो के सामने फहरा सी रही हैं, इस समय भी उनके नगाडे और तुरही आदि बाजो की ध्वनि मेरे कानो के छिद्र को पूरित सी कर रही है, तो कैसे आज सत्रह सौ वर्ष बीत गये?

(योगिराज के ये वचन सुनकर) सभी के स्तब्ध और चकित हो जाने पर, ब्रह्मचारी के गुरु ने प्रणाम करके कहा—

सस्कृत-व्याख्या—तदाकर्ण्य = तच्छ्रुत्वा, दुखित = व्यथित, चकित = आश्चर्यान्वित, च, योगिराट् = महामुनि, उवाच = जगाद,-"कथमेतत् = कथमिद जातम्? ह्य एव = पूर्वदिने एव, पर्वतीयान = पर्वतनिवासिन, शकान् = शक-जाती, विनिर्जित्य = विजय कृत्वा, महता = अत्युन्नतेन, जयघोषेण = जयजय-कारेण, (सह) स्वराजधानीम् उज्जयिनीम्, आयात = समागत, श्रीमान् = शोभावान्, आदित्यपदलाञ्छन = आदित्यपदवीक, वीरविकम = शूर विक्रमा-

दित्य । अद्यापि, तद्विजयपताका = विक्रमविजयध्वजा, मम = योगिराज चक्षुषो = नयनयो अग्रत इव = पुरत इव, समुद्धूयन्ते = कम्पमानाविराजन्ते, अधुनाऽपि = इदानीमपि, तेषा = विक्रमाणाम्, पटहगोमुखादीना = वाद्यविशेषा-णाम्, निनाद = ध्वनि, कर्णशष्कुलीम् = श्रोत्ररन्ध्रम्, पूरयतीव = पूर्णकरोतीव, तत्कथम्, अद्य = इदानीम्, वर्षाणा = सवत्सराणा, सप्तदशशतकानि = एतत् सख्या परिमितानि, व्यतीतानि = जातानि," इति (पृष्टवान्) । तत तदनन्तरम्, सर्वेषु = जनेषु, स्तब्धेषु = शान्तेषु चकितेषु = गाश्चर्यभूतेषु, च ब्रह्मचारि-गुरुणा — आश्रमस्थगुनिना, प्रणम्य = नमस्कृत्य, कथितम् = उक्तम् ।

हिन्दी-व्याख्या—तदाकर्ण्य = वह सुनकर । पर्वतीयान् = पर्वतनिवासियो को, पर्वते भवा पवतीया, 'पर्वत + छ (ईय)' । शकान् = शकवशी राजाओ को । विनिर्जित्य = जीतकर, 'वि + निर् + √जी + ल्यप्' । महता = बहुत अधिक । जयघोषेण = जयघोष के साथ । स्वराजधानीम् = अपनी राजधानी को, स्वस्य राजधानीम, (तत्पु०) । आदित्यपदलाञ्छन = आदित्य पद से विभू-षित, "कलङ्काङ्कौ लाञ्छन च लक्षणम्" (अमरकोष) । तद्विजयपताका = उनकी विजय पताकाये, तेषा विजयस्य पताका (तत्पु०) । चक्षुषो = नेत्रो के । अग्रत = सामने । समुदधूयन्ते = फहरा रही है, 'सम् + √उद् + धूञ + लट् (आत्म०)' । पटहगोमुखादीना = नगाडा और तुरही आदि की । निनाद = ध्वनि । कर्णशष्कुलीम् = कान के छिद्रो को, कर्णयो शष्कुली, ताम् । पूरयतीव = मानो भर रहे हैं । सर्वेषु स्तब्धेषु = सभी के शान्त हो जाने पर । प्रणम्य = प्रणाम करके कहा ।

टिप्पणी—(१) योगिराज जो राजा विक्रमादित्य के राज्य मे समाधि लगाये थे और यवन साम्राज्य मे जगे थे । राजा विक्रमादित्य ने शक जातियो के राजाओ को जीत लिया था । इसी का निर्देश किया गया है ।

(२) "अद्यापि पूरयतीव" 'आज भी उनकी विजय पताकाएँ मेरे नेत्रो के सामने फहरा सी रही है, तथा उनके नगाडो और तुरही का निनाद मानो मेरे कर्ण-छिद्रो को भर रहा है' यहाँ पर उत्प्रेक्षा अलकार है । ●

भगवन् ? बद्ध सिद्धासनैर्निरुद्ध-निश्वासै प्रबोधितकुण्डलिनीकैर्वि-जितदशेन्द्रियैरनाहतनाद—तन्तुमवलम्ब्याज्ञाचक्र सस्पृश्य, चन्द्रमण्डल

भित्वा, तेज पुञ्जमविगणय्य, सहस्त्रदलकमलस्यान्त प्रविश्य, परमात्मान साक्षात्कृत्य, तत्रैव रमगाणैंमृत्युमृत्युञ्जयैरानन्दमात्रस्वरूपैध्यानावस्थितैर्भवादृशैर्न ज्ञायते कालवेग । तस्मिन् समये भवता ये पुरुषा अवलोकिता तेपा पञ्चादशत्तमोऽपि पुरुषो नावलोक्यते । अद्य न तानि श्रोतासि नदीनाम, न सा सस्था नगराणाम्, आकृतिर्गिरीणाम, न सा सान्द्रता विपिनानाम् । किमधिक कथयामो भारतवर्पमधुना अन्यादृशमेव सम्पन्नमस्ति ।

हिन्दी अनुवाद—"भगवन् ! सिद्धासन बाँधकर, सास रोककर, कुण्डलिनी जगाकर, दशो इन्द्रियो को जीतकर, अनाहत नाद के तन्तु का अवलम्बन करके, आज्ञाचक्र को ध्यान का लक्ष्य बना करके, चन्द्र-मण्डल का भेदन करके, तेज-पुञ्ज (चन्द्र-चक्रवर्ती महाप्रकाश) का तिरस्कार करके, सहस्त्रार चक्र के अन्दर प्रवेश करके, परमात्मा को साक्षात्कार करके उसी मे रमण करने वाले, मृत्यु को जीतने वाले आनन्दमात्र स्वरूप वाले तथा ध्यान मे स्थित रहने वाले आप जैसे (महात्माओ) के द्वारा समय का वेग नहीं जाना जाता है । इस समय आप ने जिन पुरुषो को देखा था, अब उनका पचासवां (पचासवीं पीढी का) पुरुष भी नही दिखाई पडता है । आज नदियो की वे धारायें नहीं हैं, नगरो की वह स्थिति नही है, पर्वतो की वह आकृति नहीं है, जगलो की वह सान्द्रता (सघनता) नहीं है । और अधिक क्या कहे ? भारतवर्ष इस समय दूसरे ही प्रकार का हो गया है ।"

सस्कृत-व्याख्या—भगवन् = महात्मन्, वद्धसिद्धासनै = गृहीतासन विशेषै, निरुद्धनि श्वासै = अन्तर्नियमित प्राणै प्रवोधित कुण्डलिनी कै = उद्योतित कुण्डलिनीकै, विजितदशेन्द्रियै = जितेन्द्रियै, अनाहतनादतन्तुम् = सुषुम्णामध्येस्थितात् तुरीयपद्मादुत्पन्नो नाद, तस्य तन्तुम्, अवलम्ब्य = आश्रित्य, आज्ञाचक्रम् = भ्रुवोर्मध्ये द्विवलात्मक चक्रम्, सस्पृश्य = उपस्पृश्य, चन्द्रमण्डल = पोडशदलात्मक चक्रम्, भित्त्वा = उद्भिद्य, तेज पुञ्जम = सोमचक्रिवर्तिनम् महाप्रकाशम्, अविगणय्य = तिरस्कृत्य, सहस्त्रदलकमलस्यान्त = सहस्त्रारचक्रस्यान्त, प्रविश्य = प्रवेश कृत्वा, परमात्मानम् =

परब्रह्म, साक्षात्कृत्य=प्रत्यक्षीकृत्य, तत्रैव=ब्रह्मणि- रममाणै=विहरद्भि, मृत्युञ्जयै=स्वायत्तीकृत कालवृत्तिभि, आनन्दमात्रस्वरूपै=ब्रह्मरूपै, ध्यानावस्थितै=आबद्धध्यानै, भवादृशै=भवत्सदृशै, कलिवेग=समयचक्र, न ज्ञायते=प्रतीयते । तस्मिन् समये–तत्काले, भवता=योगिराजा, ये पुरुषा=मनुष्या, अवलोकिता=दृष्टा, तेषा=तत्पुरुषाणाम्, पञ्चाशत्तम=पञ्चाशत् सख्यापूरक, अपि पुरुष=व्यक्ति, न अवलोक्यते=न दृश्यते । अद्य=अधुना, न तानि, स्रोतासि=धारा, नदीनाम्=सरिताम्, न, सा=पुरावर्तिनी, सस्था=स्थिति, नगराणाम्–जनपदानाम्, न सा, आकृति=स्वरूप, गिरीणाम्=पर्वताणाम्, न सा, सान्द्रता=सघनता, विपिनानाम्=अरण्यानाम्, किमधिक=कि बहुतर कथयाम=गदाम, अधुना=इदानीम्, भारतवर्षम्=भारतदेश, अन्यादृशम=अन्यप्रकारम्, एव, सम्पन्नम्=जातम्, अस्ति=भवति ।

हिन्दी-व्याख्या—बद्धसिहासनै=सिद्धासन बाँधने वाले, बद्धम् सिद्धासन यैस्तै (ब० व्री०), सिद्धासन=योगशास्त्र मे वर्णित समाधि से सम्बन्धित, एक विशेष प्रकार का आसन (बैठने का ढङ्ग)। निरुद्धनिश्वासै=सास को रोकने वाले, निरुद्धा निश्वासा यै, तै (ब० व्री०), ध्यान की दशा मे सासो को रोक लिया जाता है, निरुद्ध='नि + √ रुध् + क्त'। प्रबोधितकुण्डलिनीकै=कुण्डलिनी को जगाने वाले, प्रबोधिताकुण्डलिनी यै, तै, कुण्डलिनी=पराशक्ति से अभिहित एक नाडी सस्थान है। विजितदशेन्द्रियै=दशो इन्द्रियो को जीतने वाले (पाँच कर्मेन्द्रिया और पाँच ज्ञानेन्द्रिया)। अनाहतनादतन्तुम्=अनाहत नाद के तन्तु को, अनाहतश्चासौ नाद, तस्य तन्तु, तम्, अनाहतनाद=सुषुम्ना नाडी के मध्य मे स्थित एक तुरीय (चतुर्थ) कमल है, जिसे योगशास्त्र के अनुसार *'अनाहत' कहा जाता है, उसी कमल से उत्पन्न नाद को अनाहत नाद कहते हैं।* आज्ञाचक्रम्=आज्ञा चक्र की, दोनो भृकुटियो मे मध्य मे एक दो दलो वाला कमल है उसे योगशास्त्र के अनुसार आज्ञाचक्र कहा जाता है, योगी लोग उसी को लक्ष्य करके ध्यान करते है। सस्पृश्य=ध्यान का अवलम्बन करके, 'सम् + √स्पृश् + ल्यप्'। चन्द्रमण्डल=चन्द्रमण्डल को, आज्ञा चक्र से भी परे सोलह *दलो वाला कमल चक्र। भित्त्वा=भेदन करके। तेज पुञ्जम्=चन्द्रमण्डल चक्र* से सम्बद्ध महाप्रकाश को। अविगण्य=तिरस्कार करके, 'अ + वि + √गण् +

ल्यप्' । सहस्त्रदलकमलस्यान्त =सहस्त्र दल कमल के अन्दर, पूर्व चक्र से भी परे एक सहस्त्रार चक्र होता है, जहाँ मधु की वर्षा होती है, उसी सहस्त्रार चक्र के अन्दर । प्रविश्य=प्रवेश करके । परमात्मानम्=ब्रह्म को, परमश्चासौ आत्मा, तम् । साक्षात्कृत्य=साक्षात्कार करके । रममाणं =रमण करने वाले √'रम्+शानच्' । मृत्युञ्जयं =मृत्यु को जीतने वाले, मृत्युम् जयतीति मृत्युञ्जय । आनन्दमात्रस्वरूपं =आनन्दस्वरूप, जो ब्रह्म मे लीन हो जाता है, वह उसमे लीन होने के कारण ब्रह्मस्वरूप हो जाता है और ब्रह्म आनन्दरूप है। अत वह भी आनन्दरूप हो जाता है । ध्यानावस्थितं =ध्यान (समाधि) मे स्थित होने वाले, ध्याने अवस्थिता तं । भवादृशै =आप जैसो के द्वारा न ज्ञायते=नहीं जाना जाता है। कालवेग =समय की गति। अवलोकिता = देखे थे । पञ्चाशतमोऽपि=पचासवाँ भी अर्थात् आप के द्वारा देखे गये पुरुष की पचासवी पीढी का भी पुरुष । न अवलोक्यते=नही दिखाई पडता । स्रोतासि=धारायें । सस्था=स्थिति । सान्द्रता=गहनता, सान्द्रस्य भाव, 'सान्द्र+तरम्' (स्त्रियाटाप्) । अन्यादृशम्=अन्य प्रकार का । सम्पन्नमस्ति= हो गया है ।

टिप्पणी—(१) पूर्व की पक्तियो मे योग के अनुसार समाधि की व्यावहारिक प्रक्रियाओ का वर्णन किया गया है ।

(२) यहाँ पर लेखक ने गौडी रीति को स्वीकार किया है ।

(३) शब्दयोजना और भावात्मकता दोनो ही दृष्टि से गद्य मे विशेष प्रवाह है।

इदमाकर्ण्य किञ्चित्स्मित्वैव परितोऽवलोक्य च योगी जगाद—"सत्य न लक्षितो मया समयवेग । यौधिष्ठरे समये कलित समाधिरह वैक्रम समये उदस्थाम् । पुनश्च वैक्रमसमये समाधिमाकलय्य अस्मिन् दुराचार-मये समयेऽहमुत्थितोऽस्मि । अह पुनर्गत्वा समाधिमेव कलयिष्यामि किन्तु तावत् सक्षिप्य कथ्यतां का दशा भारतवर्षस्येति ।"

हिन्दी अनुवाद—यह सुनकर कुछ मुस्कराते हुये से, चारो ओर देखकर योगिराज बोले—'सत्य है, मैंने समय के वेग को नहीं देखा । युधिष्ठिर के समय में समाधि लगाकर विक्रमादित्य के समय में उठा और पुन विक्रमादित्य

के समय मे समाधि लगाकर दुराचारमय समय मे उठा हू। मै पुन. जाकर समाधि ही लगाऊंगा, किन्तु तब तक सक्षेप मे बताइये कि भारतवर्ष की क्या दशा है।"

सस्कृत-व्याख्या—इदम् = एतत्, आकर्ण्य = श्रुत्वा, किञ्चित् = ईषद्, स्मित्वा = विहस्य, इव, परित = समन्तात्, अवलोक्य = दृष्ट्वा, योगी = महामुनि', जगाद = उवाच—"सत्यम् = युक्तम्, न लक्षित = न परिज्ञात, मया = योगिराजेण, समयवेग = काल प्रवाह, यौधिष्ठरे = युधिष्ठिरस्य, समये = काले, कलितसमाधि = समाधिस्थ, अहम् = योगी, वैक्रम-समये = विक्रमादित्यस्य काले, उदस्थाम् = उत्थित, पुनश्च = भूयोऽपि, वैक्रमसमये = तत्काले, समाधिम् = ध्यानम्, गाकलय्य = आबद्ध्य, अस्मिन् — एतस्मिन्, दुराचारमये = अत्याचारात्मके काले, अहम् योगी, उत्थित = जागृत, अस्मि। अहम् = योगिराड्, पुन = भूय, गत्वा = शैलशिखरमुपेत्य, समाधिमेव = ध्यानमेव, कलयिष्यामि = धारयिष्यामि, किन्तु = परञ्च, तावत् = किञ्चित्कालेन, भारतवर्षस्य = अस्मद्देशस्य, का दशा = कीदृशी अवस्था, इति = एतत्, सक्षिप्य = अनतिविस्तरेण, कथ्यताम् = ज्ञाप्यताम् ?

हिन्दी-व्याख्या—किञ्चित् स्मित्वा इव = मानो कुछ मुस्करा करके। अवलोक्य = देखकर, 'अव + √लोक + ल्यप्'। जगाद = बोले, '√गद् (व्यक्तायां वाचि) + लिट् = तिप्'। न लक्षित = नही समझा। समयवेग = कालचक्र को, समयस्य वेग (तत्पु०), योगि लोग समाधि के द्वारा काल को भी स्थिर कर देते है, अर्थात् काल जनित क्रियाये उनमे नही होती। अत साधारण जन के लिये होने वाले इस दुरति कालक्रम का उनके लिये कोई विशेष महत्त्व नही होता। इसीलिये योगिराज समय चक्र की नही जान पाये। यौधिष्ठिरे = युधिष्ठिर के अर्थात् युधिष्ठिर से सम्बद्ध, युधिष्ठिरस्य अयम्-यौधिष्टिर, (युधिष्ठिर + अण्) तस्मिन् = यौधिष्ठिरे। कलित समाधि = समाधि लगाये हुये, कलित समाधि येन स (ब०व्री०), योगिराज का विशेषण। वैक्रमसमये = विक्रमादित्य के समय मे, विक्रमस्य अयम् = वैक्रम, स चासौ समय, वैक्रम-समय, तस्मिन्। समाधिम् = समाधि को। आकलय्य = लगाकर, 'आ + कल + ल्यप्'। दुराचारमये = अत्याचार से युक्त, दुराचारेण युक्त, दुराचारमय

तस्मिन्, 'दुराचार+मयट्' (स० ए० व०)। उत्थित = उठा हूँ, 'उद्+√स्था +इट्+क्त'। कलयिष्यामि = लगाऊँगा, '√कल+लृट् (मिप्)'। संक्षिप्य = संक्षिप्त करके। कथ्यताम् = कहिए।

तत्सश्रुत्य भारतवर्षीयदशास्मरण संजातशोको हृदयस्थ प्रसाद सम्भारोद्गिरणश्रमेणेवानिमन्थरेण स्वरेण "मा स्म धर्मध्वंसन घोषणैर्योगिराजस्य धैर्यमवधीरय" इति कण्ठं रुन्धतो वाष्पानविगणय्य, नेत्रे प्रमृज्य, उष्णं निश्वस्य कातराभ्यामिव नयनाभ्याम् परितोऽवलोक्य, ब्रह्मचारिगुरु प्रवक्तुमारभत—'भगवन्! दम्भोलिघटितेय रसना, या दारुणदानवोदन्तोदीरणैर्न दीर्य्यते, लौहसारमयम् हृदयम्, यत्सम्भृत्य यावनान्परस्सहस्त्रान् दुराचारान् शतधा न भिद्यते, भस्मसाच्च न भवति। धिगस्मान्, येऽद्यापि जीवाम, श्वसिम, विचराम, आत्मन आर्य्यवंश्याश्चाभिमन्यामहे"—

हिन्दी अनुवाद—यह सुनकर, भारतवर्ष की दशा के स्मरण से उत्पन्न हुये शोक वाले, मानो हृदय में स्थित प्रसन्नता को व्यक्त करने के श्रम से अति मन्द स्वर से "धर्म-विध्वंस की कथाओं से योगिराज के धैर्य को मत डिगाओ', इस प्रकार (कहते हुये) गले को रुंधने वाले आँसुओं की चिन्ता न करके, नेत्रों को पोंछकर, गरम सांस लेकर, कातर हुये समान नेत्रों से चारों ओर देखकर ब्रह्मचारी के गुरु ने कहना आरम्भ किया— "भगवन्! यह (मेरी) जिह्वा वज्र से बनी है, जो कि दारुण (भीषण) दानवों (यवनों) के वृत्तान्त के वर्णन से विदीर्ण (फट)' नहीं हो जाती, हृदय लोहे का बना हुआ है, जो यवनों के हजारों दुराचारों का स्मरण करके टुकड़े-टुकड़े नहीं हो जाता और जल कर राख नहीं हो जाता। हम सब को धिक्कार है, जो आज भी जी रहे हैं, सांस ले रहे हैं, विचरण कर रहे हैं और अपने को आर्यों का वंशज मान रहे हैं"।

संस्कृत-व्याख्या—तत्सश्रुत्य = एतच्छ्रुत्वा, भारतवर्षीयाया = भारतवर्ष सम्बन्धिन्याः, दशाया = अवस्थाया, संस्मरणेन = स्मृत्या, संजात = उत्पन्न, शोकः = चिन्ता, यस्य सः। हृदयस्य = चित्तस्य, यः प्रसाद = प्रसन्नता, तस्य

के समय मे समाधि लगाकर दुराचारमय समय मे उठा हूँ। मैं पुन जाकर समाधि ही लगाऊँगा, किन्तु तब तक सक्षेप मे बताइये कि भारतवर्ष की क्या दशा है।"

सस्कृत-व्याख्या—इदम् = एतत्, आकर्ण्य = श्रुत्वा, किञ्चित् = ईषद्, स्मित्वा = विहस्य, इव, परित = समन्तात्, अवलोक्य = दृष्ट्वा, योगी = महामुनि, जगाद = उवाच—"सत्यम् = युक्तम्, न लक्षित = न परिज्ञात, मया = योगिराजेण, समयवेग = काल प्रवाह, यौधिष्ठिरे = युधिष्ठिरस्य, समये = काले, कलितसमाधि = समाधिस्थ, अहम् = योगी, वैक्रम-समये = विक्रमादित्यस्य काले, उदस्थाम् = उत्थित, पुनश्च = भूयोऽपि, वैक्रमसमये = तत्काले, समाधिम् = ध्यानम्, आकलय्य = आबद्ध्य, अस्मिन् = एतस्मिन्, दुराचारमये = अत्याचारात्मके काले, अहम् = योगी, उत्थित = जागृत, अस्मि। अहम् = योगिराड्, पुन = भूय, गत्वा = शैलशिखरमुपेत्य, समाधिमेव = ध्यानमेव, कलयिष्यामि = धारयिष्यामि, किन्तु = परञ्च, तावत् = किञ्चित्कालेन, भारतवर्षस्य = अस्मद्देशस्य, का दशा = कीदृशी अवस्था, इति = एतत्, सक्षिप्य = अनतिविस्तरेण, कथ्यताम् = ज्ञाप्यताम् ?

हिन्दी-व्याख्या—किञ्चित् स्मित्वा इव = मानो कुछ मुस्करा करके। अवलोक्य = देखकर, 'अव + √लोक + ल्यप्'। जगाद = बोले, '√गद् (व्यक्ताया वाचि) + लिट् = तिप्'। न लक्षित = नही समझा। समयवेग = कालचक्र को, समयस्य वेग (तत्पु०), योगि लोग समाधि के द्वारा काल को भी स्थिर कर देते है, अर्थात् काल जनित क्रियाये उनमे नही होती। अत साधारण जन के लिये होने वाले इस दुरति कालक्रम का उनके लिये कोई विशेष महत्त्व नही होता। इसीलिये योगिराज समय चक्र को नही जान पाये। यौधिष्ठिरे = युधिष्ठिर के अर्थात् युधिष्ठिर से सम्बद्ध, युधिष्ठिरस्य अयम्-यौधिष्ठिर, (युधिष्ठिर + अण्) तस्मिन् = यौधिष्ठिरे। कलित समाधि = समाधि लगाये हुये, कलित समाधि येन स (ब०व्री०), योगिराज का विशेषण। वैक्रमसमये = विक्रमादित्य के समय मे, विक्रमस्य अयम् = वैक्रम, स चासौ समय, वैक्रमसमय, तस्मिन्। समाधिम् = समाधि को। आकलय्य = लगाकर, 'आ + कल + ल्यप्'। दुराचारमये = अत्याचार से युक्त, दुराचारेण युक्त, दुराचारमय

तस्मिन्, 'दुराचार+मयट्' (स० ए० व०)। उत्थित =उठा हूँ, 'उद्+√स्था +इट्+क्त'। कलयिष्यामि=लगाऊँगा, '√कल+लृट् (मिप्)'। सक्षिप्य =सक्षिप्त करके। कथ्यताम्=कहिए।

तत्सश्रुत्य भारतवर्षीयदशानुस्मरण मजातशोको हृदयस्थ प्रसाद सम्भारोद्गिरणश्रमेणेवातिमन्थरेण स्वरेण "मा स्म धर्मध्वंसन घोषणै-र्योगिराजस्य धैर्यमवधीरय" इति कण्ठ रुन्धतो वाष्पानविगणय्य, नेत्रे प्रमृज्य, उष्णं नि श्वस्य कातराभ्यामिव नयनाभ्याम् परितोऽवलोक्य, ब्रह्मचारिगुरु प्रवक्तुमारभत—'भगवन्! दम्भोलिघटितेय रसना, या दारुणदानवोदन्तोदीरणैर्न दीर्य्यते, लौहसारमयम् हृदयम्, यत्सम्भृत्य यावनान्परस्सहस्रान् दुराचारान् शतधा न भिद्यते, भस्मसाच्च न भवति। धिगस्मान्, येऽद्यापि जीवाम, श्वसिम, विचराम, आत्मन आर्य्यवंश्या-श्चाभिमन्यामहे"—

हिन्दी अनुवाद—यह सुनकर, भारतवर्ष की दशा के स्मरण से उत्पन्न हुये शोक वाले, मानो हृदय मे स्थित प्रसन्नता को व्यक्त करने के श्रम से अति मन्द स्वर से "धर्म-विध्वस की कथाओ से योगिराज के धैर्य को मत डिगाओ', इस प्रकार (कहते हुये) गले को रुँधने वाले आँसुओ की चिन्ता न करके, नेत्रो को पोछकर, गरम सास लेकर, कातर हुये समान नेत्रो से चारो ओर देखकर ब्रह्मचारी के गुरु ने कहना आरम्भ किया— "भगवन्! यह (मेरी) जिह्वा वज्र से बनी है, जो कि दारुण (भीषण) दानवो (यवनो) के वृत्तान्त के वर्णन से विदीर्ण (फट)' नहीं हो जाती, हृदय लोहे का बना हुआ है, जो यवनो के हजारो दुराचारो का स्मरण करके टुकडे-टुकडे नही हो जाता और जल कर राख नहीं हो जाता। हम सब को धिक्कार है, जो आज भी जी रहे हैं, सास ले रहे है, विचरण कर रहे हैं और अपने को आर्यों का वंशज मान रहे है"।

सस्कृत-व्याख्या—तत्सश्रुत्य=एतच्छ्रुत्वा, भारतवर्षीयाया=भारतवर्ष सम्बन्धिन्या- दशाया=अवस्थाया, अनुस्मरणेन=स्मृत्या, सजात=उत्पन्न, शोक:=चिन्ता, यस्य स। हृदयस्य=चित्तस्य; य' प्रसाद'=प्रसन्नता, तस्य

सम्भारः = अतिशय , उद्गिरण = वमनम्, तस्मिन्, श्रम = खेद , तेन । इव = सम्भावनायाम् अति मन्थरेण = अतिमन्देन, स्वरेण = गिरया, "मास्म = इति निषेधे, धर्मविध्वसन घोषणै = धर्मोन्मूलनकथनै , योगिराजस्य = महामुने , धैर्यम् = धीरताम्, अवधीरय = विचालय", इति = एवम्, कण्ठम् = ग्रीवाम्, रुन्धत = स्तम्भयत , बाष्पान् = अश्रून्, अविगणय्य = अपरिकलय्य, नेत्रे = नयने, प्रमृज्य = परिमार्जन कृत्वा, उष्ण = अनतिशीतम्, नि श्वस्य = उच्छ्वस्य, कातराभ्याम् = दीनाभ्याम्, इव, नयनाभ्याम् = नेत्राभ्याम, परित = समन्तात्, अवलोक्य = दृष्ट्वा, ब्रह्मचारिगुरु = आश्रमस्थो मुनि, प्रवक्तुम् = कथयितुम् = आरभत —"आरभे = भगवन् = महर्षे, दम्भोलिघटिता = वज्र निर्मिता, इयम् = एषा, रशना = जिह्वा, या, दारुणा = कठोरा , ये दानवा = म्लेच्छा , तेषाम् उदन्तस्य = वृत्तान्तस्य, उदीरणै = कथनै , न दीर्य्यते = न विभिद्यते, लोहसारमय = अयोनिर्मितम्, हृदयम् = चेत , यत्, यावनान् = यवनानामिमान्, परस्सहस्त्रान् = सहस्त्रादधिकान, दुराचारान् = अत्याचारान्, शतधा = खण्डश , न भिद्यते = न विदीर्य्यते, भस्मासान् = अग्निसारमिव, च न भवति = नोपयाति । धिक् अस्मान् = आर्यवशान् धिक्, ये = वयम्, अद्यापि = अस्मिन् कालेऽपि, जीवाम = जीवन धारयाम , श्वसिम = श्वासान् गृह्णाम , विचराम = चलाम , आत्मन = अस्मान्, आर्यवश्यान् - आर्यवशोद्भवान्, अभिमन्यामहे = कथयाम —" ।

हिन्दी व्याख्या—तत्सश्रुत्य = यह सुनकर । ' भारत शोक ' = भारत-वर्षीय-भारतवर्ष की, दशा = दशा के, सस्मरण = स्मरण से, सजात = उत्पन्न हो गया है, शोक = सोक जिसको (मुनि का विशेषण), भारतवर्षीया दशाया सस्मरणेन सजात = शोक यस्य (ब० ब्री०) । 'हृदयस्थ श्रमेण' = हृदयस्थ = हृदय मे स्थित, प्रसाद = प्रसन्नता के, सम्भार = अधिकता के, उद्गिरण = व्यक्त करने मे, श्रमेण = श्रम के कारण, 'हृदयस्थ य प्रसाद , तस्य सम्भारस्य उद्गिरेण य श्रमस्तेन (तत्पु०) उद्गिरण = 'उद् + √गृ + ल्युट्' । इव = उत्प्रेक्षावाचक । अतिमन्थरेण = अत्यन्त धीमे । स्वरेण = स्वर से । मा = निषेध सूचक अव्यय 'मा' के योग मे अट् अथवा आट् का आगम नही होता 'मा' के बाद 'स्म' के प्रयोग होने पर लुङ् अथवा लङ् लकार का प्रयोग होता है 'स्मोत्तरे लङ् च' । धर्मध्वसनघोषणै = धर्म के विध्वस की कथाओ से, धर्मस्य ध्वंसनम्, तस्य घोषणै ; धर्म = वेदस्मृत्यादि प्रतिपादित कर्त्तव्याकर्त्तव्य

विचार, ध्वसयतेऽनेनेति ध्वसनन्-√'ध्वस + ल्युट् (अन्), घोषणै = कथनो से, √'घुष् + ल्युट (अन्)' । अवधीरय = विचलित करो 'अव + √धृ + लोट्' । रून्धत = अवरुद्ध करने वाले, (वाष्पान् का विशेषण) । वाष्पान् = आँसुओ को । अविगणय्य = चिन्ता न करके, 'अ + वि + √गण + ल्यप्' । प्रमृज्य = 'प्र + √मृज् + ल्यप्' पोछकर । नि श्वस्य = सास लेकर 'निर् + श्वस् + ल्यप्' । कातराभ्याम् = कातर (दीन), नयन का विशेषण है । प्रवक्तुम् = कहने के लिये 'प्र + वच् + तुमुन्' । आरभत = आरम्भ किया, 'आ + √रभ् + लङ् (तिप्)' । दम्भोलिघटिता = वज्र से बनी, दम्भोलिना घटितेतिदम्भोलिघटिता' (तत्पु०) । दम्भोलि = वज्र, 'दम्भोलिरशनिर्द्वयो' (अमरकोप) । रसना = जिह्वा, रस्यते अनया इति रसना । दारुणदानवोदन्तोदीरणै = भीषण दानवो के वृत्तान्त के वर्णन से, दारुणा ये दानवा तेषाम् उदन्तस्य उदीरणै (तत्पु०), दारुण = भीषण, दानव = म्लेच्छ या यवन, उदन्त = वृत्तान्त 'वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदान्त स्यात्' (अमर०), उदीरण = कथन, 'उद् + ईर् + ल्युट (अन्)' । दीर्य्यते = फटता है, √'दृ + भावकर्म यक् + लट् तिप्" । लोहसारमयम् = लोहे का बना हुआ, लोहसारस्य विकार = लोहसारमयम् विकार अर्थ मे मयट् प्रत्यय । सस्मृत्य = स्मरण करके यावनान् = यवनो के द्वारा किये जाने वाले, यवनस्य अय यावन — यवन + अण्' (द्वि० व०) । परस्सहस्रान् = हजारो से अधिक, सहस्रात् परा इति परस्सहस्रा, तान्, राजदन्तादित्वात् सहस्रशब्द का पर निपातन तथा सुट् होता है । दुराचारान् = दुराचारो को । शतधा = सैकडो टुकडो मे । भिद्यते = भिन्न हो जाता है । भस्मसात् = राख के समान, भस्मन = तुल्य-भस्मसात् । धिक् अस्मान् = हम सबको धिक्कार है, 'धिक्' के योग मे द्वितीया हुई हे । जीवाम = जीते हे । श्वसिम = श्वास लेते हैं, 'जीवाम' के वाद पुन 'श्वसिम' का कथन जीवन की व्यर्थता या घृणित जीवन की व्यञ्जना के लिये किया गया है । विचराम = घूमते है । आत्मनः = अपने को । आर्यवश्यान् = आर्यवश मे पैदा होने वाले, आर्याणाम् वशे भवा आर्यवश्या, तान् = 'भव' के अर्थ मे 'यत्' होकर आर्यवश्य वनता है । अभिमन्यामहे = मानता हूँ ।

टिप्पणी—(१) "हृदयस्थ श्रमेणैव" मे उत्प्रेक्षा अलंकार है ।

(२) 'कातराभ्यामिव' मे उपमा अलकार है, इव उपमावाचक है ।

(३) 'ये अद्यापि अभिमन्यामहे' मे दीपक अलकार है ।

(४) वाक्य सयोजन की दृष्टि मे लेखक ने पूर्वार्द्ध मे समास शैली त उत्तरार्द्ध मे व्यास शैली का प्रयोग किया है ।

उपक्रममुमाकर्ण्य अवलोक्य च मुनेर्विमनायमान हरिद्राद्रवक्षालित मिव वदनम्, निपतद्वारिविन्दुनी नयने, अञ्चितरोमकञ्चुक शरीरम् कम्पमानमधरम्, भज्यमानञ्चस्वरम्, अवागच्छत् "सकलानर्थमय, सकल वञ्चनामय, सकलपापमय, सकलोपद्रवमयश्चाय वृत्तान्त" इति, अत एव तत्स्मरणमात्रेणापि खिद्यत एव हृदये, तन्नाहमेन निरर्थ जिग्लापयि पामि, न वा चिखेदयिपामि" इति च विचिन्त्य—

"मुने ! विलक्षणोऽय भगवान सकल कला कलाप-कलन सकल-कालन• कराल काल । स एव कदाचित् पय पूर-पूरितान्यकूपारतलानि मरुकरोति । सिंह-व्याघ्र-भल्लूक-गण्डक-फेरु-शश-सहस्र व्याप्तान्यरण्यानि जनपदी करोति, मन्दिर-प्रासाद-हर्म्य-शृङ्गाटक-चत्वरोद्यान-तडागगोष्ठ-मयानि नगराणि च काननी करोति । निरीक्ष्यताम् कदाचिदस्मिन्नेव भारतेवर्षे यायजूकै राजसूयादियज्ञा व्ययाजिपत, कदाचिदिहैव वर्ष-वाताऽऽतप-हिम-सहानि तपासि अतापिपत । सम्प्रति तु म्लेच्छैर्गावो हन्यन्ते, वेदा विदीर्य्यन्ते, स्मृतय समुद्यन्ते, मन्दिराणि मन्दुरी क्रियन्ते, सत्य पात्यन्ते, सन्तश्च सन्ताप्यन्ते । सर्वमेतन्माहात्म्य तस्यैव महाकाल-स्येति कथ धीरधौरेयोऽपि धैर्य विधुन्यसि ? शान्तिमाकलय्याति सक्षेपेण कथय यवनराज वृत्तान्तम । न जाने किमित्यनावश्यकमपि शुश्रूपते मे हृदयम्" इति कथयित्वा तूष्णी मवतरस्थे ।

हिन्दी-अनुवाद—इस उपक्रम (भूमिका) को सुनकर और मुनि के हल्दी के रग से रगे हुए के समान (पीले) उदास चेहरे, आसू बहाते हुए नयनो, रोमाञ्चित शरीर, कम्पमान ओष्ठ तथा लडखडाते हुए स्वर को देखकर (योगिराज) जान गये कि "यह सम्पूर्ण वृत्तान्त समस्त (अतिशय) अनर्थो, वञ्चनाओं, पापों

तथा उपद्रवो से भरा है" इसलिये उसके स्मरण मात्र से इनका हृदय खिन्न हो रहा है, अत मै इनको व्यर्थ मे मलिन नहीं करूंगा और न ही दुखी करूंगा" यह सोचकर—

